राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 301
लखनऊ, शुक्रवार 3 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीओ अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय का तबादला 10

स्वीकृत परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया 10 जुलाई तक पूरी कर कार्य प्रारम्भ करा दिया जाए: जयवीर सिंह 03

## भारत-जापान आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता, एआई के क्षेत्र में करेंगे सहयोग

### दोनों प्रधानमंत्रियों ने पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और जापान गुरुवार को आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में बड़े स्तर पर सहयोग करने को सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच आज 16 बिन्दुओं पर सहमति बनी। इसमें आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र, एआई के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य और ऊर्जा लचीलापन पर संयुक्त वक्तव्य शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आज अपनी समकक्ष सनाए तकाइची के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य दिया जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने तकाइची को 'छोटी बहन' कहकर



▸ अगले 10 सालों में भारत जापान से 10 ट्रिलियन येन के निवेश और देश में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है: प्रधानमंत्री मोदी

संबोधित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान भारत-जापान संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक वार्ता हुई, जिनमें व्यापार एवं निवेश, आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, रक्षा और जन-समुदाय आदान-प्रदान शामिल थे। उन्होंने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ठोस प्रगति हुई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपनाया- आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य और ऊर्जा लचीलापन पर संयुक्त वक्तव्य।

दोनों नेताओं ने आर्थिक सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित प्रमुख समझौता ज्ञापनों और समझौतों के आदान-प्रदान को देखा। दोनों पक्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों की सूची पर सहमत हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि अगले 10 सालों में भारत जापान से 10 ट्रिलियन येन (जापानी मुद्रा) के निवेश और देश में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

#### आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की

वार्ता के बाद पत्रकार वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने में हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की भूमिका को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि आज की बैठकों से कई महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं, जो मोटे तौर पर तीन प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। ये क्षेत्र हैं आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, आर्थिक सुरक्षा, रक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ीकरण, प्रौद्योगिकी, नवाचार और जन-समुदाय आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव पर विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, समृद्धि और स्थिरता के संदर्भ में हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की भूमिका को स्वीकार किया।

## रक्षा मंत्री से मिले सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ कई अहम मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के 31वें सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने पदभार संभालने के बाद गुरुवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। यह बैठक भारतीय सेना की संचालन संबंधी तैयारियों और सुरक्षा मामलों पर केंद्रित थी। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने जनरल धीरज सेठ को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। रक्षा मंत्रालय में यह शिष्टाचार भेंट ऐसे समय में हुई है, जब भारत अपनी सैन्य क्षमताओं को तेजी से आधुनिक बना रहा है। बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप सशस्त्र बलों के व्यापक आधुनिकीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। ऐसे में रक्षा मंत्री और नए थल सेना प्रमुख के बीच यह मुलाकात आने वाले समय में भारतीय सेना की रणनीतिक दिशा और प्राथमिकताओं के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

#### राजनाथ सिंह ने जनरल धीरज सेठ को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं

जनरल धीरज सेठ ने 30 जून को भारतीय थलसेना की कमान संभाली है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने बुधवार को 'विजय' नामक अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा कि हमारा सबसे बड़ा मकसद स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल करके युद्ध जीतना होगा। हम अपनी सीमाओं और उभरते खतरों के बारे में लगातार विजिलेंस बनाए रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक घोटाले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सीनियर अकाउंट आफिसर गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ।** हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े करीब 504 करोड़ रुपये के बैंक गबन मामले में सीबीआई ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के सीनियर एकाउंट आफिसर परवीन कुमार को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार आरोपी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32 स्थित शाखा में विभाग के नाम से बिना किसी प्रशासनिक अनुमति और अभिलेखीय स्वीकृति के गुप्त बैंक खाता खुलवाया था, जिसका इस्तेमाल सरकारी धन के गबन के लिए किया गया। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि उक्त खाते से चेक और फर्जी डेबिट नोटों के माध्यम से सरकारी धनराशि निकाली गई और उसे आरोपी के नियंत्रण वाली शेल संस्थाओं के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया।

### मुजफ्फरनगर में जबरन काम कराने के मामले को लेकर मानवाधिकार का यूपी सरकार को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की उस घटना का स्वतः संज्ञान लिया है, जहां एक कारखाने में डेढ़ साल तक 12 बंधुआ मजदूरों के साथ मारपीट और उन्हें पर्याप्त भोजन तथा मजदूरी के बिना आधी रात तक उनसे जबरन काम कराया गया है। इस मामले को लेकर आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार मुजफ्फरनगर जिले के मंडी गांव में स्थित एक पेपर प्लेट निर्माण कारखाने में काम कर रहे कई मजदूरों में से एक मजदूर कारखाने से भागने में सफल रहा।

## सड़क एम्बुलेंस की सुरक्षा, कार्य क्षमता बढ़ाने को एआईएस-125 में संशोधन का मसौदा जारी



▸ दोनों मानकों में संशोधन कर सुरक्षा व कार्यक्षमता को और बेहतर बनाने का प्रस्ताव किया गया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने देशभर में सड़क एम्बुलेंस की सुरक्षा और कार्यक्षमता को मजबूत बनाने के लिए ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड (एआईएस-125) में संशोधन का मसौदा जारी किया है। इसके तहत नवजात शिशुओं को उच्चस्तरीय चिकित्सा देखभाल वाले अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए नवजात एम्बुलेंस और एक साथ कई स्ट्रेचर ले जाने के लिए मल्टी-स्ट्रेचर एम्बुलेंस शामिल किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि 2016 में एआईएस-125 (भाग-1) को अधिसूचित किया गया था, जिसमें एम्बुलेंस के निर्माण और कार्यात्मक मानकों का उल्लेख था। इसके बाद एआईएस-125 (भाग-2) में विभिन्न श्रेणियों की एम्बुलेंस के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की सूची दी गई थी। अब इन दोनों मानकों में संशोधन कर सुरक्षा और कार्यक्षमता को और बेहतर बनाने का प्रस्ताव किया गया है। संशोधनों में विशेष प्रकार की एम्बुलेंस शामिल हैं, जैसे नवजात शिशुओं को उच्चस्तरीय चिकित्सा देखभाल वाले अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए नवजात एम्बुलेंस और एक साथ कई स्ट्रेचर ले जाने के लिए मल्टी-स्ट्रेचर एम्बुलेंस। इसके अलावा, क्लास बी, सी और डी श्रेणी की सभी एम्बुलेंस में अनिवार्य रूप से बचाव उपकरण लगाए जाएंगे।

## सरिया लदे ट्रक के पलटने से 3 मजदूरों की मौत

▸ गोंडा कोतवाली देहात के माधवपुर में घटी घटना

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव के पास गुरुवार को प्रातः 9:30 पर सरिया लदे एक ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है। मृतक मजदूर ट्रक के ऊपर बैठकर कार्यस्थल तक जा रहे थे। **कैसे हुआ हादसा?** प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात के माधवपुर क्षेत्र में सरिया लेकर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में लदा भारी भरकम सरिया ट्रक पर बैठे 3 मजदूरों के ऊपर गिर गया, जिससे वे उसके नीचे दब गए। हादसा



होते ही आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक तीनों मजदूरों की मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक तौर पर ओवरलोडिंग या चालक की लापरवाही को वजह माना जा रहा है। पेट की आग बुझाने निकले 07 मजदूरों में से 03 की जिंदगी एक पल में सरिया के नीचे दब गई। हादसे ने पूरे माधवपुर क्षेत्र को गम में डुबो दिया है।

कार्रवाई | बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम

## दिल्ली पुलिस ने चार आतंकियों को किया गिरफ्तार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में छापेमारी करके चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक जिगाना समेत दो पिस्टल, 9 कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें से तीन को पंजाब और एक को दिल्ली से पकड़ा गया, जो दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि गिरफ्तार आतंकियों की पहचान शुभदीप सिंह उर्फ विशाल (23), गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि (22), साजन सिंह उर्फ हनी (28) और गरनप्रीत (24) के रूप में हुई है।गिरफ्तार सभी आतंकी पंजाब के रहने वाले हैं और आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में थे। गगनप्रीत के मोबाइल से पुलिस को कई धार्मिक स्थलों, पुलिस थानों के अलावा पुलिस के कई दूसरे भवनों की वीडियो मिली है। गगनप्रीत दिल्ली में रहकर लगातार रेकी के वीडियो बनाकर अपने आकाओं को भेज रहा था। शुभदीप और गुरजंत दोनों सगे भाई हैं। त्रिपाठी ने बताया कि उनकी टीम को जानकारी मिली कि पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। सोशल मीडिया के जरिए पंजाब के कुछ युवाओं को लालच देकर भर्ती किया जा रहा है। इस बीच टीम को शुभदीप सिंह उर्फ विशाल का पता चला।



# उ.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 'यूपीटीईटी' के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर लिया जायजा

- संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग द्वारा आयोजित UPTET-2026 परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा श्री अशोक कुमार द्वारा जनपद गोण्डा के टॉमसन इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, चेकिंग/फ्रिस्किंग, सीसीटीवी एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी एवं अधिकारियों की तैनाती, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा श्री विनीत जायसवाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परीक्षा की शुचिता भंग करने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी बलरामपुर ने अवगत कराया है कि निदेशालय महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (PMRBP)-2026 हेतु ऑनलाइन नामांकन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### 8 हजार से अधिक प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

दवा व्यवसाई के गोदाम पर औषधि विभाग की छापेमारी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल एजेंसी के अवैध गोदाम से 8,341 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप, स्वास कैप्सूल तथा एक कार बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में थाना रूपईडीहा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 30 जून को थाना रूपईडीहा पुलिस ने आदित्य कुमार मिश्रा को 2,349 बोतल नशीली कफ सिरप, 12,145 ट्रामाडोल कैप्सूल एवं अन्य प्रतिबंधित दवाओं के साथ गिरफ्तार किया था।

# तालाब में मिली 17 वर्षीय किशोरी सुधा की लाश

- बुधवार से थी लापता फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य
- नगर कोतवाली क्षेत्र के चकत्ता पार गांव में सनसनी
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



नगर कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर चकत्ता पार गांव में बुधवार को एक 17 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध हालत में मछली पालन तालाब में तैरता मिला। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

**कैसे हुआ खुलासा?**

परिजनों के अनुसार, सुधा बुधवार सुबह 8 बजे तक घर पर थी। इसके बाद वह अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद गांव के पास मछली पालन के लिए बने तालाब में उसका शव तैरता हुआ मिला।

**पुलिस और फॉरेंसिक जांच**

सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तालाब और आसपास से साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

17 साल की सुधा के अचानक इस तरह चले जाने से परिवार में कोहराम मचा है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम का माहौल है। पुलिस का बयानः 'मृत्यु के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होंगे। मामले की हर एंगल से गहनता से जांच की जा रही है।'-नगर कोतवाली पुलिस।

एक किशोरी की असमय मौत ने कई सवाल छोड़ दिए हैं। अब सबकी नजरें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच पर टिकी हैं।

# महादेवा में डीसी मनरेगा ने वीबी-जीबीरामजी व बढ़ी मजदूरी दरों की दी जानकारी

**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड नबाबगंज की ग्राम पंचायत महादेवा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डीसी मनरेगा ने मनरेगा श्रमिकों को केंद्र सरकार की नई पहल VB-GBRAM G (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) तथा योजना के अंतर्गत बढ़ाई गई दैनिक मजदूरी की जानकारी दी। डीसी मनरेगा ने बताया कि सरकार ने ग्रामीण श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी में वृद्धि की है। संशोधित मजदूरी दरें निर्धारित तिथि से लागू होंगी और पात्र श्रमिकों के बैंक खातों में नई दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण श्रमिकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा योजना में अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को योजना के प्रावधानों, कार्यस्थल पर मिलने वाली सुविधाओं तथा समय पर भुगतान की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित श्रमिकों ने मजदूरी बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार के भरण-पोषण में राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी गौरव सिंह, एपीओ बृजेश कुमार द्विवेदी, ग्राम प्रधान शोभाराम, ग्राम रोजगार सेवक रमेशचंद्र गुप्ता, महिला मेट शारदा देवी सहित ग्राम सभा महादेवा के बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

# सिलाई सीखकर लौट रही 18 वर्षीय छात्रा को ट्रक ने रौंदा

## इंटर पास सरिता की दर्दनाक मौत, तरबगंज में कोहराम

- रानीपुर पहाड़ी बंधा मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर
- साइकिल से घर लौट रही थी, मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



तरबगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सिलाई कोचिंग से साइकिल पर घर लौट रही 18 वर्षीय छात्रा सरिता साहू को बालू खाली कर लौट रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

**कब और कहां हुआ हादसा?**

यह हादसा रानीपुर पहाड़ी बंधा मार्ग स्थित दुर्जनपुर घाट के पास दोपहर करीब 2 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सरिता रोज की तरह कोचिंग से घर लौट रही थी, तभी पीछे से आए ट्रक ने उसे रौंद दिया।

**कौन थी सरिता?**

मृतका सरिता साहू, किंधौरा गांव, तरबगंज की रहने वाली थी। उसने हाल ही में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। आत्मनिर्भर बनने के सपने के साथ वो हर दिन दुर्जनपुर बाजार स्थित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र जाती थी।

**बचाने की हुई नाकाम कोशिश**

स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस से सरिता को CHC तरबगंज पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन गोंडा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने भी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस का एक्शनः सूचना मिलते ही तरबगंज पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया गया।

**मुकदमा दर्जः** मृतका के पिता झुरहे साहू की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष का बयानः श्रीधर पाठक ने कहा, 'मामले की जांच शुरू है।

आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। 18 साल की सरिता के इस तरह चले जाने से पूरे किंधौरा गांव में शोक की लहर है। एक होनहार बेटी को खोने के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक होनहार बेटी की जान ले ली।

अब परिवार और गांव वाले इंसाफ और सड़क सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने ली 2027 में सरकार बनाने की शपथ

**उतरौला, ( बलरामपुर)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार को उतरौला में समारोहपूर्वक मनाया गया। सपा प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा उर्फ पवन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हवन-पूजन किया, वृक्षारोपण कर फल वितरण किया और केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। वरिष्ठ सपा नेता एवं प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### शहर में अवैध अस्पताल सील

स्वास्थ्य विभाग की टीम को नहीं मिले वैध दस्तावेज

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार शाम एक निजी अस्पताल को सील कर दिया। यह कार्रवाई बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय कुमार के निर्देश पर अवैध अस्पतालों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आरटीओ रोड स्थित रोशन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। अस्पताल संचालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। डॉ. वर्मा ने बताया कि सीएमओ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में अवैध रूप से संचालित सभी अस्पतालों को बंद कराया जाए। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने मटेरा इलाके में छापेमारी कर पांच से अधिक निजी क्लीनिक और अस्पतालों को सील किया था।




### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** इनर व्हील क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को की गई। इसमें ममता गुप्ता को क्लब का अध्यक्ष और संगीता अग्रवाल को सचिव नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी में संध्या गोयल को कोषाध्यक्ष (ट्रेजरार) और अनुष्का केडिया को एडिटर का पदभार सौंपा गया है। कमेटी गठन के बाद, नगर के टिकोरा मोड़ स्थित लेजर रिसॉर्ट में डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब की अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने जिले के दस चिकित्सकों को सम्मानित किया।इनमें डॉ. अनिल केडिया, डॉ. रीना केडिया, डॉ. शिशिर अग्रवाल, डॉ. रूपम अग्रवाल, डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. अभिलाषा वर्मा, डॉ. अनुष्का केडिया, डॉ. विभु पांडे, डॉ. शिबीर सिंह और डॉ. तेज श्री शामिल थे।क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष ममता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी एक टीम के रूप में समाजसेवा के कार्यों को सेवा और समर्पण के भाव के साथ आगे बढ़ाएंगे।कार्यक्रम में ममता केडिया, नीलम अग्रवाल, ज्योति बंसल, अंजू सिंह, बबीता अग्रवाल, प्रतिका जैन, पलक टेकड़ीवाल, रीना अग्रवाल, श्रेया मातनहेलिया, मृदुला पाण्डेय, स्वाती कंसल और सुमन गोयल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।



### नवप्रवेशित छात्रों का सीडीओ ने किया स्वागत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, झाला तरहर का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत संचालित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालय में नवप्रवेशित पाँच बच्चों का स्वयं नामांकन कराया, उन्हें तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा विद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब का उद्घाटन किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने लैब का अवलोकन करते हुए कहा कि विज्ञान एवं नवाचार आधारित शिक्षा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से खगोल विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखने तथा उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से संवाद करते हुए उन्होंने प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने तथा नियमित उपस्थिति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न छात्रहितकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक बच्चे तक पहुँचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



# राशन कार्ड के निरस्तीकरण की शिकायत मिलने पर शासन ने भेजा 10 सदस्यीय जांच टीम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**



शासन के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी गोंडा द्वारा निरस्त किए गए करीब साढ़े सात हजार राशन कार्ड के मामले में की गई कथित अनियमितताओंकी जांच के लिए गोंडा पहुंची जांच टीम के दर्जन भर सदस्यों ने मीडिया से जिस तरह की दूरी व गोपनीयता बरती उससे वे खुद ही संदेह के घेरे में आगए। वजीरगंज विकासखंड के चंदापुर में जांच दल के सदस्यों के पहुंचने की जानकारी जब एक स्थानीय रिपोर्टर को हुई तो वह मौके पर पहुंचा। जांच अधिकारी रिपोर्टर से कतराते रहे और राशन कार्ड धारक को लेकर अलग चले गए। शासन के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त खाद्य लखनऊ मंडल पार्थ अच्युत तथा उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल नीरज कनौजिया के नेतृत्व में विभिन्न जनपदों के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों व पूर्ति निरीक्षकों की पांच टीमें बनाई गई थी। सभी को 1 जुलाई 2026 को ठीक 10:00 बजे प्रातः उपायुक्त खाद्य गोंडा के कार्यालय पर एकत्रित होना था। किंतु टीम विलंब से गोंडा पहुंची तथा जिला पूर्ति अधिकारी कुवर दिनेश प्रताप सिंह तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एसपी त्रिपाठी के साथ उपायुक्त कार्यालय में 11:30 बजे तक मंत्रणा करती रही तथा आतिथ्य स्वीकार करते रहे। जबकि जिला पूर्ति अधिकारी गोंडा को शासन से यह निर्देश दिया गया था कि वह अपने स्तर से जनपद गोंडा के सभी पूर्ति निरीक्षकों को अपने-अपने विकास खंडों में उपस्थित रहकर जांच टीम को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि शासन स्तर से जांच टीम को यह निर्देश दिया गया था कि वह रेंडम आधार पर चयनित कर निरस्त किए गए राशन कार्डों की जांच इस आधार पर करेंगे की निरस्तीकरण वैध एवं नियमानुसार किया गया था अथवा नहीं। किंतु सूत्र बताते हैं की जांच दल के सदस्यों ने गोंडा के डीएसओ तथा ए आर ओ से ही उन कार्ड धारकों की सूची मांग ली जिनसे पूछताछ करनी थी। डीएसओ अधिकारियों के सामने बैठकर नोट कर रहे थे। यह वही कार्ड धारक थे जिनका नाम निरस्त किए गए 7340 कार्ड धारकों में शामिल था। किंतु उन लोगों ने बाद में जुगाड़ करके ऐनकेन प्रकारेण अपना राशन कार्ड पुनः बनवा लिया था। उल्लेखनीय है कि जिला पूर्ति अधिकारी गोंडा द्वारा माह सितंबर 2025 से नवंबर 2025 के मध्य अपने पोर्टल से 7340 राशन कार्डों को निरस्त कर दिया गया था। जिससे जिले के गरीब कार्ड धारकों के समक्ष गंभीर संकट पैदा हो गया था। मीडिया में मामला उछला तो जिले के जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी जताई। कटरा बाजार क्षेत्र के रहने वाले वैद्य लखनलाल मिश्र के गांव के चार अति निर्धन कार्ड धारकों के कार्ड भी निरस्त कर दिए गए थे।

# गड्ढों में तब्दील खड़ंजा मार्ग बना मुसीबत

जलभराव से ग्रामीण हुए बेहाल

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत बिशेश्वरगंज-इकौना मार्ग पर सरवदी से ठाकुर पुरवा जाने वाला खड़ंजा मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गया है। पहली बरसात के बाद मार्ग पर जलभराव होने से आवागमन बेहद कठिन हो गया है। राहगीरों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को रोजाना कीचड़ व पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए तत्काल मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण लंबे समय से यह मार्ग बदहाल पड़ा है, जिससे वहां के निवासी मधुकर , सोनू , विवेक , नीरज अमन, ज्ञानेंद्र, आदि लोगों में भारी रोष व्याप्त है।



# उर्वरक की दुकानों पर औचक छापेमारी कर 2 का लाइसेंस निलंबित

## 6 को कारण बताओं नोटिस जारी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में 04 टीमें गठित कर उर्वरक विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी की गई। जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव द्वारा मिहीपुरवा एवं नानपारा तहसील में, उप कृषि निदेशक द्वारा सदर, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक द्वारा पयागपुर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कैसरगंज एवं महसी तहसील में छापेमारी अभियान चलाया गया। सभी टीमों द्वारा कुल 38 दुकानों पर छापेमारी कर, संदिग्धता प्रतीत होने पर 15 नमूने ग्रहण कर प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान, बिक्री एवं स्टाक में अनियमित पाए जाने के कारण अंकित खाद भंडार रायबोझा,दुकान बंद करके भाग जाने के कारण रामकेवल वर्मा उर्वरक विक्रेता निमिया धर्मकांटा रायबोझा का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। अभिलेख का अपूर्ण होने के कारण भोला खाद भंडार, ज्योति खाद भंडार, निषाद अजय ट्रेडर्स, अखिलेश खाद एवं बीज भंडार मिही पुरवा, एवं महेश खाद एवं बीज भंडार रायबोझा सहित 6 विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से फार्मर रजिस्ट्री एवं खेतौनी के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें । उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन प्रतिदिन मेंटेन कर उर्वरक की बिक्री करें। समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमिता वरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी, या बिना लाइसेंस के उर्वरक बिक्री, यह संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी । जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद बहराइच के सभी किसानों को अवगत कराया जाता है कि यदि जनपद में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध या बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये, शिकायत के उपरांत संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# बच्ची को बंधक बनाकर किया प्रताड़ित, सीडब्ल्यूसी ने पुलिस व श्रम विभाग को कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** 9 साल की बच्ची को बंधक बनाकर प्रताड़ित करने के मामले में बाल कल्याण समिति (CWC) ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे समिति आदेश जारी कर पुलिस और श्रम विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा। बच्ची को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने के लिए गोंडा के बाल गृह शिशु भेजा गया है। काउंसलिंग के दौरान बच्ची ने बताया कि कुछ साल पहले माता-पिता की मृत्यु के बाद वह अपने छोटे भाई के साथ लखनऊ में भटक रही थी। इसी दौरान बांस मंडी, इंदिरा नगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला 'सोना' ने दोनों भाई-बहन को अपने घर में काम पर रख लिया। पीड़िता के अनुसार, सोना उनसे घर के बर्तन साफ कराती थी और छोटे बच्चे को खिलाने का काम करवाती थी। बाद में बहराइच जिले की एक महिला उसे जबरन अपने साथ ले आई। यहां भी बच्ची से झूठे बर्तन साफ कराने, छोटे बच्चे को खिलाने और अन्य घरेलू काम पूरे दिन कड़ाई से करवाए जाते थे। पीड़िता ने बताया कि एक बार परिवार के एक व्यक्ति ने शराब पीकर घर आने पर उसे अश्लील गालियां दीं और 5 लाख रुपये में बेचने की धमकी भी दी। पीड़िता किसी तरह उस घर से भागने में सफल रही। पुलिस ने उसे लावारिस हालत में बरामद किया और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के साथ बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के चेयरमैन सतीश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन की शालिनी यादव और अर्जुन प्रसाद ने बच्ची की काउंसलिंग की थी। समिति ने इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए आगे की कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। महिला पुलिस व चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम अर्चना मिश्रा, अर्जुन प्रसाद व महिला आरक्षी बबीता यादव ने इस पीड़िता को लेकर सत्यापन के लिए बहराइच शहर में उस घर को भी खोज निकाला, जहां इस बच्ची को बंधक बनाकर कड़ाई से पूरा दिन काम लिया जाता था।

### सीएचओ सेंटर का ताला तोड़कर इनवर्टर-बैटरी समेत सामान चोरी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तेजवापुर क्षेत्र के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के मोगलहा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (सीएचओ सेंटर) में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर इनवर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेजवापुर में तैनात सीएचओ रश्मि मौर्य ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि केंद्र सीएचओ के आवासीय परिसर में संचालित है। बुधवार रात अज्ञात चोर अस्पताल का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और एक पानी का मोटर पंप, एक ल्यूमिनस कंपनी का इनवर्टर, और बैटरी, चार स्टील के पंखे तथा दो बेडशीट चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह केंद्र पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सीएचओ ने मामले में मुकदमा दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामदगी तथा आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए माननीय जिला जज लखनऊ महोदय द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन जनपद न्यायालय लखनऊ परिसर में स्थित दुकानों की नीलामी दिनांक 09.07.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे माननीय उच्च न्यायालय पुराना परिसर स्थित मध्यस्थता केन्द्र में होगी। किराये पर नीलामी होने वाली दुकानों/कैन्टीनों की न्यूनतम बोली एवं धरोहर बोली की सूची निम्न प्रकार हैः-

**नीलामी हेतु दुकानें**

| क्र.सं. | स्थल का नाम | प्रयोजन | पूर्व न्यूनतम बोली वित्तीय वर्ष 2026-2027 (रूपया में) | वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु लगभग 33% राशि कम करके नयी नीलामी राशि | धरोहर राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गेट नं.08 व गेट नं.07 के मध्य गेट नं.08 के पास दुकान नं.16 डबल शटर की दुकान | जलपान/फोटोकॉपी | 03,70,150/- | 02,48,000/- | 24,800/- |
| 2. | गेट नं.05 व गेट नं.06 के मध्य दुकान नं.18 सिंगल शटर की दुकान | जलपान/फोटोकॉपी | 01,50,000/- | 1,00,500/- | 10,050/- |

उपरोक्त में अंकित धरोहर नगद धनराशि इस जनपद न्यायालय के केन्द्रीय नजारत में नीलामी की नियत तिथि दिनांक 09.07.2026 तक जमा कर उससे सम्बन्धित प्राप्ति की जा सकेगी। प्रतिभूति की धनराशि जमा न करने की स्थिति में उसे नीलामी बोली का अधिकार नहीं होगा।

उपरोक्त नीलाम होने वाली किराये पर दुकानों/कैन्टीनों की नीलामी से सम्बन्धित अन्तिम बोली जिस प्रतिभागी के पक्ष में छूटेगी उसे अन्तिम बोली की धनराशि का 50 प्रतिशत तुरन्त नीलामी स्थल पर जमा करना होगा तथा अन्तिम बोली का अवशेष 50 प्रतिशत की धनराशि 07 कार्य दिवस में जमा करना होगा।

उपरोक्त से सम्बन्धित जमा की जाने वाली धनराशि नगद जमा की जायेगी,उससे सम्बन्धित किसी प्रकार की चेक/ड्राफ्ट एवं बिल आदि ग्रहण नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त नीलामी की तिथि से किसी प्रकार का परिवर्तन/वृद्धि किये जाने अथवा स्वीकृति/अस्वीकृति का अधिकार तथा किसी प्रकार के विवाद के लिए अन्तिम निर्णय लिये जाने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ के अधीन सुरक्षित होगा, जो सभी को मान्य होगा।

w.w.w.upgov.nic.in
UPID-253186 Date-01.07.2026

**(अतुल सिंह)**
**अध्यक्ष,नीलामी समिति/**
**विशेष न्यायाधीश (भ्र.नि.अधि-01)**
**लखनऊ।**

# योगी सरकार का दावा: 9 साल में 62 लाख परिवारों को मिला पक्का घर

## 79 लाख किसानों को फसल बीमा का लाभ




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दावा किया है कि वर्ष 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है। सरकार का कहना है कि 2017 से पहले राजनीतिक कारणों से केंद्रीय योजनाओं के प्रभावी संचालन में बाधाएं डाली जाती थीं और मिलते-जुलते नामों से योजनाएं चलाकर लोगों को भ्रमित किया जाता था। गुरुवार को जारी सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2014 से 2017 के बीच पूर्ववर्ती सरकार 50 हजार आवास भी नहीं बनवा सकी थी। सरकार का आरोप है कि उस समय केंद्र को लाभार्थियों की सूची भेजने और राज्यांश जारी करने में भी देरी की गई। जबकि 2017 के बाद पिछले नौ वर्षों में प्रदेश के 62 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर सरकार ने दावा किया कि वर्ष 2017 से पहले केवल लगभग तीन प्रतिशत किसानों का ही बीमा हो पाया था। वहीं पिछले नौ वर्षों में 79 लाख से अधिक किसानों को 6,283 करोड़ रुपये से अधिक का बीमा भुगतान किया जा चुका है। सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि मार्च 2017 तक उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्वच्छता का दायरा केवल 35 प्रतिशत था और राज्य का कोई भी जिला खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित नहीं हुआ था। सरकार के मुताबिक 2017 के बाद 3.31 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया और उत्तर प्रदेश को शत-प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया गया।

### पिछले नौ वर्षों में 1.86 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में सरकार ने दावा किया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय बड़ी संख्या में परिवार पहला सिलेंडर खत्म होने के बाद दूसरा सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे थे। जबकि योगी सरकार के कार्यकाल में पिछले नौ वर्षों में 1.86 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा अब होली और दीपावली पर लाभार्थियों को दो मुफ्त गैस सिलेंडर रिफिल भी दिए जा रहे हैं।

# स्वीकृत परियोजनाओं की टेण्डर प्रक्रिया 10 जुलाई तक पूरी कर कार्य प्रारम्भ करा दिया जाए: जयवीर सिंह



▸ नई परियोजनाओं की समस्त प्रक्रिया पूरी कराते हुए आगामी नवम्बर में कार्य शुरू हो जाना चाहिए

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि चुनावी साल को देखते हुए उन्हें आवंटित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें। लेट लतीफी पाये जाने पर कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफकठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि 31 मार्च, 2026 तक जो परियोजनाएं उन्हें आवंटित हैं, उनकी टेण्डर की प्रक्रिया 10 जुलाई तक पूरा कराते हुए कार्य तत्काल शुरू करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि नई परियोजनाओं की समस्त प्रक्रिया पूरी कराते हुए आगामी नवम्बर में कार्य शुरू हो जाना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि ठेकेदारों का लंबित भुगतान 15 दिन के अंदर कर दिया जाए। पर्यटन मंत्री आज यहां पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के क्रियाकलापों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी ऐसी रणनीति बनाये, जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक पर्यटकों का आगमन हो और रोजगार तथा स्थानीय लोगों को आमदनी के साधन सुलभ हो सके। उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों के शिलालेख पर संबंधित स्थल का इतिहास, साइनेज तथा बारकोड लगाये जाए ताकि लोग उन स्थलों की महत्ता के बारे में जान सके। उन्होंने जनपदों में स्थापित जिला संस्कृति प्रोत्साहन परिषद को समस्त संसाधनों से लैस करते हुए 15 अगस्त तक क्रियाशील करने के निर्देश दिये।

## खबरें एक नजर में

### सैनिटरी शोरूम में लगी आग, दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर क्षेत्र में गुरुवार सुबह 10 बजे जगरानी अस्पताल के बगल स्थित अवध सैनिटरी शोरूम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और समय रहते आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। इंदिरानगर फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम को एमडीटी-सीयूजी के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दो फायर टेंडर तत्काल मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि शोरूम की सीढ़ियों के नीचे लगे मीटर बोर्ड में आग लगी थी। मुख्य दरवाजा बंद होने के कारण दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते प्रवेश किया। ताला काटने और हैमर से रास्ता बनाकर अंदर पहुंचने के बाद पंपिंग कर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के मुताबिक आग से कोई जनहानि नहीं हुई। भवन स्वामी का नाम आदित्य हवेलिया बताया गया है। उनका पता सी-10, त्रिमूर्ति ग्राम, कल्याणपुर रिंग रोड, लखनऊ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### राजधानी पहुंचा मानसून, सुबह से रिमझिम बरसात उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मानसून आज गुरुवार सुबह लखनऊ पहुंच आया। तड़के से रिमझिम बरसात हो रही है। इससे मौसम ठंडा हो गया है। इसी के साथ उमस और तपन से राहत मिल गई है। इस बीच मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहेगा। विभाग की तरफसे बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। दिन में कई बार बारिश की संभावना भी जताई गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 82 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 61 फीसदी दर्ज की गई है। लखनऊ में मौसम विभाग ने 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, लखनऊ में 1 जुलाई को दिन में कुल 4.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि 1 जून से 1 जुलाई तक लखनऊ में कुल बरसात 23 मिलीमीटर हुई है। इस दौरान सामान्य बारिश का औसत 94.6 मिली मीटर है। इसके कारण 76 फीसदी कम बरसात हुई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून आने के बाद फिलहाल लगातार बारिश की संभावना है। इस बीच तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। लेकिन, मानसून के दौरान इस बार राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में सामान्य से कम बारिश की संभावना है। इसके कारण जल संसाधनों पर असर पड़ेगा।

### अनुप्रिया ने पिता की तस्वीर पर फूल चढ़ाए, सोनेलाल पटेल की जयंती पर अपना दल का शक्ति प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ में अनुप्रिया पटेल ने पिता सोनेलाल पटेल की तस्वीर पर फूल चढ़ाए। इस दौरान उनके पति आशीष पटेल कुर्सी पर बैठे रहे। गुरुवार को अपना दल (एस) के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती के दौरान यह सीन दिखा। दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचीं। उन्होंने सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया। लखनऊ में प्रदेशभर से पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। पार्टी इसे अपने संगठनात्मक और राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में देख रही है। कार्यक्रम में अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### झील में मिला राजमिस्त्री का शव, परिजनों ने जताई धक्का देकर हत्या की आशंका

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के तालकटोरा थाना क्षेत्र स्थित काला पहाड़ झील में एक राजमिस्त्री का शव पानी में उतराता मिला। मृतक की पहचान अमर सिंह उर्फ कल्लू (50) शेखपुर कॉलोनी थाना ठाकुरगंज के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक, अमर सिंह बुधवार रात करीब 8 बजे घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद सूचना मिली कि काला पहाड़ झील में एक व्यक्ति डूब गया है। मौके पर पहुंचने पर झील में मुंह के बल उनका शव मिला।मृतक की पत्नी सुनीता लोधी हैं। बेटे लक्की राजपूत ने बताया कि उनके पिता राजमिस्त्री का काम करते थे और शेखपुरा कॉलोनी के पास रहते थे। परिजनों ने आशंका जताई है कि अमर सिंह को धक्का देकर झील में गिराकर मार डाला गया। हालांकि, इस संबंध में अभी तक पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। तालकटोरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# यूपी में लगातार सातवें साल नहीं बढ़ी बिजली दरें

▸ करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरों की घोषणा कर दी है। आयोग ने प्रदेश की सभी बिजली वितरण कंपनियों की दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश लगातार सातवें वर्ष बिजली दरें स्थिर रखने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह द्वारा जारी टैरिफआदेश का उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के करीब 3.80 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला बताया है। परिषद का दावा है कि उसके विधिक और तथ्यात्मक पक्षों के आधार पर बिजली कंपनियों की दर वृद्धि की मांग को आयोग ने स्वीकार नहीं किया। बिजली वितरण कंपनियों ने वर्ष 2026-27 के लिए 1,18,742 करोड़ रुपये की वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) आयोग के समक्ष प्रस्तुत की थी। समीक्षा के बाद आयोग ने विभिन्न मदों में कटौती करते हुए इसे 1,13,785 करोड़ रुपये निर्धारित किया। वहीं, सब्सिडी को छोड़कर अनुमानित राजस्व 90,805 करोड़ रुपये तय किया गया है। राज्य सरकार की सब्सिडी शामिल होने पर वितरण कंपनियों को मौजूदा टैरिफके आधार पर लगभग 1,11,205 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है।

आयोग ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए बैटरी स्वैपिंग स्टेशन तथा बैटरी चार्जिंग एवं सर्विस चार्जिंग स्टेशनों के लिए सिंगल पार्ट टैरिफ लागू किया है। साथ ही सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बैटरी चार्जिंग पर 20 प्रतिशत की छूट देने का भी फैसला लिया गया है। प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सब्सिडी 17,100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20,400 करोड़ रुपये कर दी है। इसके अलावा पावर कॉरपोरेशन द्वारा प्रस्तावित 13.71 प्रतिशत वितरण हानि को घटाकर आयोग ने 12.91 प्रतिशत निर्धारित किया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बिजली कंपनियां स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़े 3,838 करोड़ रुपये के खर्च का भार उपभोक्ताओं पर डालना चाहती थीं, लेकिन आयोग ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन यह साबित नहीं कर सका कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू होने से कंपनियों को वास्तविक वित्तीय लाभ कितना हुआ है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने अपने क्षेत्र में उपभोक्ताओं को मिलने वाली 10 प्रतिशत रिबेट समाप्त करने का प्रस्ताव रखा था। आयोग ने इसे भी अस्वीकार कर दिया और वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी यह छूट जारी रखने का निर्णय लिया। आयोग ने वर्ष 2026-27 के लिए औसत विद्युत आपूर्ति लागत 7.96 रुपये प्रति यूनिट और औसत बिलिंग दर 7.78 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने वाला है।

# यूपी में 125 डिप्टी एसपी के तबादले प्रमोटेड अफसरों को मिली नई तैनाती




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** यूपी सरकार के गृह विभाग ने गुरुवार को प्रदेश पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 125 डिप्टी पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) के तबादले और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। तबादला सूची में अधिकांश वे अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में निरीक्षक (इंस्पेक्टर) से पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नत किया गया था। शासन ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। तबादला आदेश के तहत मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। कमलेश कांत को मुरादाबाद से स्थानांतरित कर नोएडा कमिश्नरेट में तैनात किया गया है, जबकि अशोक सिंह को जीआरपी गोरखपुर भेजा गया है। इसी तरह, सहारनपुर में तैनात शिव ठाकुर को मेरठ में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर पदोन्नत होने के बाद कमलेश कांत की तैनाती नोएडा जैसे संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल कमिश्नरेट में की गई है।

प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक और हाई-प्रोफाइल पुलिस कमिश्नरेट माने जाने वाले नोएडा में कानून-व्यवस्था, वीआईपी सुरक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी होती है।

ऐसे में यहां अनुभवी अधिकारियों की तैनाती को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, यह तबादला आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# हथियार तस्करी गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार जेल से छूटे बदमाश ने बनाया गैंग




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार और कारतूस की तस्करी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सेमी ऑटोमेटिक .32 बोर पिस्टल, चार मैगजीन, 50 जिंदा कारतूस, सात खोखा, एक होंडा सिटी कार, मोबाइल व नकदी बरामद हुई है। एसटीएफ के अनुसार, पिछले कई दिनों से गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार नागर के निर्देश पर इंस्पेक्टर दिलीप कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ तलाश में जुटे थे। इस दौरान सूचना के आधार पर 4 आरोपियों को गाजीपुर थाना क्षेत्र में कल्याण अपार्टमेंट तिराहे से समता मूलक चौराहा जाने वाले बंधा मार्ग पर बुधवार रात करीब 11.50 बजे घेराबंदी कर होंडा सिटी कार से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बीबीडी निवासी संदेश प्रताप सिंह उर्फ राज, गोमतीनगर निवासी विवेक प्रजापति, चिनहट निवासी नितिन कुंडी और प्रिंस गुप्ता उर्फ सल्लू भाई के रूप में हुई है। पूछताछ में मुख्य आरोपी नितिन कुंडी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियार और कारतूस की खरीद-फरोख्त करता है। इससे पहले वह सिंथेटिक ड्रग्स और ऑर्गेनिक गांजा (ओजी) की तस्करी में भी शामिल रहा है। करीब दो साल पहले पुलिस मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी थी। जेल से छूटने के बाद विरोधी गैंग से बदला लेने, रंगदारी वसूली और ड्रग्स के कारोबार के लिए हथियार खरीदने के दौरान उसने इस धंधे में कदम रखा। उसके खिलाफ चिनहट थाने में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। आरोपी संदेश प्रताप सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह एक रियल एस्टेट कंपनी में पार्टनर है। जमीन कब्जा और रंगदारी के मामलों में लोगों में दहशत बनाने के लिए अवैध हथियारों का इस्तेमाल करता था। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें अवैध हथियार गोरखपुर निवासी अभिषेक उर्फ अभि उपलब्ध कराता था। वे एक पिस्टल करीब 25 हजार रुपए में खरीदकर 50 से 60 हजार रुपए में बेचते थे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा ही विकसित भारत की आधारशिला: अशोक गांगुली

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** भारतीय शिक्षा दिवस (स्थापना दिवस) के अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, अवध प्रांत, एकम नॉलेज फाउंडेशन, अयोध्या एवं कबीर शान्ति मिशन के संयुक्त तत्वावधान में ष्पंचकोष आधारित चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास रू भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में विषय पर एक भव्य राष्ट्रीय विमर्श का आयोजन गोमती नगर स्थित राकेश कुमार मित्तल सभागार, स्मृति भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति, अध्यात्म एवं समाज जीवन से जुड़े शिक्षाविदों, लोक सेवकों, विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, शोधार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रबुद्ध नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। त्रिवेणी कला संगम, अवध की सुश्री नितिका शर्मा एवं उनकी टीम ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर भारतीय सांस्कृतिक चेतना का भावपूर्ण वातावरण निर्मित किया। इसके उपरांत भाग्य मंदिर की साधिका रजनी शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा पंचकोष आधारित ध्यान एवं नाम-संकीर्तन कराया गया, जिससे पूरा सभागार आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख सचिव (राज्यपाल) जी. बी. पटनायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि संस्कारित, उत्तरदायी, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना है। उन्होंने भारतीय जीवन-मूल्यों को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया।मुख्य वक्ता एवं सीबीएसई के पूर्व अध्यक्ष अशोक गांगुली ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा ही विकसित भारत की वास्तविक आधारशिला है। नई शिक्षा व्यवस्था तभी सार्थक होगी, जब उसमें भारतीय चिंतन, नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण को केंद्र में रखा जाएगा।ष् उन्होंने पंचकोष आधारित शिक्षा प्रणाली को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी एवं वैज्ञानिक आधार बताया।शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के केंद्रीय अधिकारी, राजस्थान क्षेत्र सह संयोजक एवं विशिष्ट अतिथि श्री नितिन कासलीवाल ने देशभर में चल रहे भारतीय शिक्षा जागरण अभियान की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकसित भारत के निर्माण में भारतीय शिक्षा दर्शन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, अवध प्रांत के प्रांत संयोजक प्रमिल द्विवेदी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारतीय शिक्षा दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा दर्शन को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का राष्ट्रीय जन-अभियान है। उन्होंने न्यास द्वारा शिक्षा, संस्कृति एवं चरित्र निर्माण के क्षेत्र में संचालित विविध गतिविधियों का भी परिचय कराया।प्रख्यात पत्रकार एवं साहित्यकार डॉ. मत्स्येंद्र प्रभाकर ने पंचकोष आधारित चरित्र निर्माण की अवधारणा को भारतीय चिंतन की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में समाहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।न्यास की चरित्र निर्माण टोली के सदस्य श्री चिंतामणि कौशिक ने पंचकोष आधारित व्यक्तित्व विकास की व्यवहारिक कार्ययोजना प्रस्तुत की।वहीं कनाडा से अंतरराष्ट्रीय मनोवैज्ञानिक डॉ. अमरेश श्रीवास्तव का विशेष ऑडियो संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने मनोमय कोष एवं न्यूरोसाइंस के संबंध को सरल एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से स्पष्ट किया। एकम नॉलेज फाउंडेशन, अयोध्या के श्री उत्पल मिश्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा के प्रसार में सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### 800 से ज्यादा किस्मों का लगेगा मेला, आईजीपी में सीएम योगी करेंगे उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का शुभारंभ करेंगे। तीन दिवसीय यह महोत्सव 3 से 5 जुलाई तक आयोजित होगा। उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 4 जुलाई को लखनऊ के जन भवन में आम क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के खरीदार और उत्पादक हिस्सा लेंगे। मंत्री ने बताया कि महोत्सव में सात श्रेणियों और 56 वर्गों में 800 से अधिक आम की प्रजातियां प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी में रखे गए आम के पौधे बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि महोत्सव से कम से कम एक आम का पौधा खरीदकर उसका रोपण अवश्य करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ फल उत्पादन को भी बढ़ावा मिल सके।महोत्सव में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के उद्यान विभागों के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान और निर्यातक भाग लेंगे। बागवानों के लिए उन्नत बागवानी तकनीक, तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा विपणन से जुड़ी विशेष कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए आम खाने की प्रतियोगिता और आम से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण होगी।

**साजिश** | महुआ मोइत्रा पर अंडे फेंके जाने की घटना पर अखिलेश यादव का हमला

# भाजपा बना रही राजनीतिक हिंसा का माहौल: अखिलेश

▸ लोकतांत्रिक विरोध की मर्यादाओं को तोड़ा जा रहा है



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कथित रूप से अंडे फेंके जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए भाजपा पर राजनीतिक हिंसा का माहौल बनाने का आरोप लगाया और न्यायपालिका तथा लोकसभा अध्यक्ष से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। बताया गया है कि महुआ मोइत्रा को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के दौरे के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान उन पर अंडे फेंके गए और उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। लोकसभा में 37 सांसदों वाली समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा अपने शासन वाले राज्यों में सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का विषैला वातावरण तैयार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस का राजनीतिकरण किया जा रहा है और लोकतांत्रिक विरोध की मर्यादाओं को तोड़ा जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस तरह का नकारात्मक और हिंसक व्यवहार पूरे देश में नाराजगी और आक्रोश पैदा कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता भी इस प्रकार की घटनाओं से असहज हैं, क्योंकि भविष्य में ऐसी घटनाएं उनके खिलाफ भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि बड़े नेता तो सुरक्षा घेरे में रहते हैं, लेकिन आम कार्यकर्ताओं को जनता के बीच ऐसे माहौल का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने न्यायपालिका और लोकसभा अध्यक्ष से मामले का स्वतः संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। इस संबंध में उन्होंने घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा का आरोप है कि नादिया जिले के कालीगंज क्षेत्र के पलाशी में पार्टी विधायक अलीफा अहमद के आवास पर आयोजित बैठक में शामिल होने के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफप्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने वापस जाओ और चोर के नारे लगाए तथा उन पर अंडे फेंके। महुआ मोइत्रा ने दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।



## खबरें एक नजर में

### ट्रॉला की टक्कर से मिनी ट्रैक्टर हाइवे पर पलटा, ट्रैक्टर चालक समेत दो गंभीर घायल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर ट्राला की टक्कर से मिनी ट्रैक्टर हाइवे पर पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेक्टर चालक समेत दो लोग गम्भीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किए गए। ट्राला को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। समाचार भेजे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। गुरुवार दोपहर हाइवे स्थित भक्सी तिराहे पर ईंट भरकर जा रहे मिनी ट्रेक्टर ट्रॉली में पीछे से आ रहे ट्राला ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पर पहुंच गया। जबकि मिनी ट्रैक्टर पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल ट्रैक्टर चालक रिंकू पुत्र नन्हेलाल 28 निवासी ग्राम बिहारीपुर तथा ट्रॉली पर सवार रोहित पुत्र हेमराज निवासी ग्राम मित्रपुर बरुआ 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली व ट्राला को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं ट्राला को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। जिसे कोतवाली लेजाकर खड़ा कराया गया।

### 21वीं सदी के लिए कौशल: वाणिज्य में करियर के अवसर विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा 21वीं सदी के लिए कौशल: वाणिज्य में करियर के अवसर विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने तथा वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक करियर संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. वेद प्रकाश, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, एम.एम. कॉलेज, मोदीनगर रहे। डॉ. वेद प्रकाश ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विविध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलते वैश्विक परिवेश में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल दक्षता, संचार कौशल, वित्तीय साक्षरता, डेटा विश्लेषण, समस्या-समाधान क्षमता, नेतृत्व, नवाचार तथा उद्यमिता जैसे कौशल सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नई तकनीकों को अपनाने तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रो देवेंद्र सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में सभी के प्रति आभार डॉ. गौरव सक्सेना ने दिया। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कविता भटनागर ने राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ सचिन खन्ना, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, बृजलाली चौबे, अपर्णा त्रिपाठी, डॉ रूपक श्रीवास्तव, पोथीराम, अखंड प्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहें।

### 100 करोड़ की सरकारी भूमि घोटाले में सहायक नगर आयुक्त गिरफ्तार, संभल पुलिस ने शाहजहांपुर से किया गिरफ्तार, गए जेल



**शाहजहांपुर।** संभल में करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि पर फर्जी पट्टा आवंटन और अवैध कब्जे के मामले में पुलिस ने वर्तमान में शाहजहांपुर नगर निगम में तैनात सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि संभल नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के पद पर रहते हुए उन्होंने नियमों के विपरीत फर्जी पट्टों के आवंटन में भूमिका निभाई। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने बताया कि गिरफ्तारी संभल में ईओ के कार्यकाल के दौरान के एक पुराने भूमि प्रकरण में हुई है। इस मामले में पहले से ही भूमाफिया सईदुल रहमान (दिवंगत) समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

### आर्य समाज मंदिर व स्कूल की सुरक्षा हेतु पुलिस तैनाती की मांग की, हाल ही में कब्जेदारों को लेकर हो चुका है बबाल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** आर्य समाज मंदिर एवं स्कूल पर कब्जे के विवाद को लेकर स्कूल के प्रबंधक दादी राम आर्य ने बच्चों एवं शिक्षकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्कूल में पुलिस तैनात किए जाने की मांग की है।नगर के महर्षि दयानंद शिक्षा सदन के प्रबंधक दासीराम आर्य ने बताया कि 28 जून को कुछ लोगों ने आर्य समाज मंदिर एवं स्कूल पर आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य एवं मंदिर में मौजूद बारात के लोगों के साथ मारपीट की थी। इस घटना के बाद आशंका है कि आरोपी इस की पुनरावृत्ति कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि तीन जुलाई से स्कूल संचालित होगा । जिसमें शिक्षक व स्टॉफ आएंगे । और तथा 6 जुलाई से विधिवत कक्षाएं संचालित होगी । उन्होंने शिक्षण कार्य स्कूल में विधिवत संचालित किए जाने के लिए दो सप्ताह तक स्कूल के बाहर पुलिस सुरक्षा तैनात किए जाने की मांग की है । कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना के बाद से ही स्कूल और मंदिर के बाहर दो पुलिसकर्मियों की लगातार ड्यूटी चल रही है। स्कूल खुलने पर पुलिस कर्मी बढ़ा दिए जाएंगे।

### गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु 30 सितंबर तक आवेदन

**शाहजहांपुर।** डीएम ने बताया है कि वर्ष 2026 27 के लिए गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित हैं। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार प्रश्नगत पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताएं निम्न प्रकार निर्धारित की गई हैं। इनमें भारत का मूल नागरिक हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हों। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो।गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो। प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णत: समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह के जन्म दिवस पर गुरुगोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किये जाने व एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गई है। जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के प्रस्ताव उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ संलग्न प्रारूप में स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शासन को प्रत्येक दशा में 30 सितम्बर तक चार प्रतियों में उपलब्ध कर सकते हैं। पुरस्कार हेतु पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र-नामांकन को संकलित कर निर्धारित तिथि तक शासन को उपलब्ध कराया जाए।

### कोतवाली में कांवड़ यात्रा जत्थेदारों व डीजे साउंड संचालकों की हुई बैठक



**तिलहर - शाहजहांपुर।** आगामी सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली में कांवड़ यात्रा जत्थेदारों, डीजे व साउंड संचालकों की।बैठक कर कोतवाल ने प्रिंस शर्मा ने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और उनसे सुझाव भी लिए। गुरुवार को शाम पांच बजे कोतवाली में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की गई। जिसमें कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जत्थेदार को शासन से जारी गाइड लाइन के मुताबिक कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । कोतवाल ने जहां जत्थेदार सुनील गुप्ता चोटी बाला समेत अन्य जत्थेदारों से उनके गंतव्य से जल लाने तथा अभिषेक स्थल के रूट की जानकारी ली। बोले कि जत्थे जाने और तिलहर से वापसी में गुजरने की उन्हें दुरुस्त जानकारी अवश्य दें। ताकि पुलिस व्यवस्था की जा सके। उन्होंने डीजे संचालकों के गाड़ियों में निर्धारित ऊंचाई से अधिक न रखने की हिदायत दी। साथ ही अश्लील गाने आदि से पूर्णता परहेज रखने पर भी बल दिया। बैठक में नगर पालिका के प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन, जत्थेदार सुनील गुप्ता चोटी बाला, ब्रजेश गुप्ता, तुषार रस्तोगी, आयुष गुप्ता, प्रधान विजय कुमार, रईस अहमद, काजिम साउंड, महेंद्र सिंह, भगवानदास वर्मा, शोएब, पंकज , तौहीद, मोनू, टिंकू, अमन आदि शामिल रहे।

# विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कस्बे के माधव मैरिज लॉन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 151 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 138 जोड़ों ने सात फेरे लिए वहीं 13 जोड़ो नें निकाह कुबूल किया।इसमें जैतीपुर के 42 खुदागंज के 43 खुदागंज नगर पंचायत से 11 कटरा से 12, तिलहर से 13 कलान से 16 मदनापुर से 14 कुल 151 जोड़े आए। मुख्य अतिथि विधायक डा वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाएं को बताकर कटरा विधानसभा में कराए गए विकास कार्यों के बारे में बताया। ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप ने भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, कटरा खुदागंज ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता नें कार्यक्रम में आए वर-वधू पक्ष के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी जीत सिंह राय,सीओ ईशका सिंह, खंड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा, प्रमोद सिंह चौहान, अंशुल कुमार, ऋषिपाल कश्यप, विक्रम गंगवार आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



**शाहजहांपुर।** सदर बाजार पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी रोहित (19) पुत्र पप्पू, निवासी बहादुरपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार 30 जून को सड़क खोदने के विवाद में आरोपी ने पड़ोसी विवेकानंद मिश्रा के सिर पर हथौड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस संबंध में सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने घटना स्वीकार करते हुए बताया कि वह हथौड़े को गर्रा नदी में फेंकने जा रहा था ताकि साक्ष्य मिटा सके। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 1 जुलाई की रात सुभाषनगर तिराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई की गई।

## पैतापुर के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

- ट्रेनों में चने, चिप्स बेचने का करता था काम, हरदोई का था रहने वाला



**रोजा, शाहजहांपुर।** गुरूवार की सुबह रोजा रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर ग्राम पैतापुर के निकट स्थित रेलवे लाइन पर ट्रेन से गिरकर एक 24 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पास से मिले कागजात से उसकी शिनाख्त हो गई हैं। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन पोस्टमार्टम हाऊस पहुंच गए हैं।

रोजा पुलिस को सूचना मिली कि पैतापुर रेलवे क्रासिंग के पास किमी 1228/19-21 के बीच एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि ग्राम पैतापुर के निकट स्थित झाले के पास रेलवे पटरी के किनारे एक 24 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। शव की जामा तलाली करने पर पहने कपड़ो से एक आधार कार्ड मिला। जिस पर सत्यम पुत्र हरिप्रसाद निवासी ग्राम प्रगति नगर हरदोई ग्रामीण जनपद हरदोई के रूप में शिनाख्त हुई। पुलिस ने मृतक के भाई शिवम गुप्ता से मोबाइल से सम्पर्क करने पर पता चला कि उनका भाई ट्रेनों मे फेरी लगाते हुए नमकीन,चने आदि चीजो की ब्रिकी करता था। मौके पर ही मृतक के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कराया गयी। मृतक के शव को बाद पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन पोस्टमार्टम पहुंच गए हैं।

## तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव सिसैया निवासी आशीष सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि 1 जून को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कृपाल सिंह, शोभा देवी और मनमोहन सिंह ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। आशीष सिंह के अनुसार हमले में उनके शरीर में गुम चोटे आई हैं, जबकि सिर में खुली चोट लगने से वह घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे उनके भाई कृपाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी, जिससे उसे भी चोटें आईं।

## प्रगतिशील किसान सरताज खान को मिला राज्य स्तरीय बेस्ट फार्मर अवॉर्ड इन शुगरकेन प्रोडक्शन

- लविवि में आयोजित समारोह में कृषि मंत्री समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिले के प्रगतिशील किसान सरताज खान को लखनऊ विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड-2026 समारोह में %बेस्ट फार्मर अवॉर्ड इन शुगरकेन प्रोडक्शन% से सम्मानित किया गया। फार्म एन फूड मीडिया एवं दिल्ली प्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के निदेशक पंकज त्रिपाठी तथा उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित रहे। सरताज खान को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, आधुनिक तकनीकों के प्रयोग और उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। उनकी इस उपलब्धि को शाहजहांपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग द्वारा फायर सेफ्टी पर जागरूकता कैंप

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग द्वारा फायर सेफ्टी पर एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। अध्यक्ष स्तुति गुप्ता द्वारा एक फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 50 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में डा. नमिता सिंह ने लोगों से आग्रह किया कि अगर थोड़ी सी जागरूकता हम लोग जीवन में लेकर आए तो हम कई छोटी-छोटी घरों में लगने वाली आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बच सकते हैं और औरों को भी बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल गर्मी और उमस का समय है हम सभी लोगों को अपने एसी का टेंपरेचर 24 डिग्री सेल्सियस से 26 के बीच में रखना चाहिए अगर घर में कहीं पर भी कोई आग लगती है तो सबसे पहले अपने घर के मुख्य लाइन से लाइट को काटते हैं। ऑनलाइन फायर सेफ्टी सिलेंडर मिल रहे हैं, उनको घर में सेफ्टी के लिए अवश्य रखें, गीले कंबल अथवा बोरों को आग लगने वाली जगह पर फेके और जहां भी आग लगी है। वहां से निकलने का जल्दी प्रयास करें,इस तरह के प्रयास से हम फायर सेफ्टी कर खुद को बचा सकते हैं। सचिन सुनीता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष सुभा शर्मा, मीडिया प्रभारी साक्षी सिंह, सपना सिंह, सुनीता, रचना, महिमा शुक्ला, प्रतिमा शुक्ला, ममता वर्मा, सरोज सिंह, अनीता सिंह, सुमन भदोरिया, प्रियंका कपूर, प्रतिमा शुक्ला, ममता गुप्ता के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले में बयानों से पलटी युवती

**मनोज प्रबल**

- आरोपी के पिता ने डाला था हिरासत का आईजीआरएस, छठे दिन आरोपी को पुलिस ने किया हिरासत मुक्त

**तिलहर - शाहजहांपुर।** शादी का झांसा देकर पांच साल तक यौन शोषण करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद युवती बयानों से पलट गई। वहीं आरोपी के पिता द्वारा बेटे को हिरासत में लिए जाने की बाबत आईजीआरएस डाले जाने के मद्देनजर पुलिस ने आरोपी को छठे दिन हिरासत से मुक्त कर दिया। गौर तलब है कि बीती 26 जून को क्षेत्र की एक युवती ने नगर के क्षेत्र के युवक मोईस खान के खिलाफ 16 साल की उम्र से उसे शादी का झांसा देकर जगह जगह ले जाकर यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस ने कुछ घंटों में ही आरोपी को हिरासत में ले लिया था। थाने पर महिला दरोगा द्वारा बयान लिये जाने के दौरान ही युवती दर्ज कराई गई रिपोर्ट से विपरीत बोलने लगी। लिहाजा युवती को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। युवती ने जहां चिकित्सा परीक्षण कराने से इंकार कर दिया। वहीं उसने कोर्ट में आरोपी के खिलाफ बयान नहीं दिए और बयानों से पलट गई। उधर आरोपी के पिता की ओर से तीन आईजीआरएस शिकायत की गई। जिसमें कोतवाल प्रिंस शर्मा व इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव द्वारा आरोपी बेटे को घर से उठा ले जाने तथा मुकदमा दर्ज होने के बाद भी उसका चालान न किए जाना दर्शाया। कुल मिलाकर यह मुकदमा पुलिस के गले की हड्डी बन गया। लिहाजा पुलिस को हिरासत में लिए गए आरोपी को मजबूरन हिरासत मुक्त करना पड़ा।

## शाहजहांपुर की बिटिया ने राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम

- ओशीन राइफल क्लब शाहजहांपुर में नियमित रूप से करती है अभ्यास

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद की बेटी ओशीन अनेजा ने 21 से 30 जून तक डा. कर्णी सिंह इंटरनेशनल शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित 45वीं उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप एयर राइफल, स्मॉल बोर एवं शॉटगन में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 4,000 से 5,000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच ओशीन अनेजा ने 400 में से 394 अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कुल चार पदक में 2 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अपने नाम किए। ओशीन ने जूनियर श्रेणी में स्वर्ण पदक, सीनियर श्रेणी में स्वर्ण पदक, सब-यूथ श्रेणी में रजत पदक तथा यूथ श्रेणी में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एक ही प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रमाण है।ओशीन राइफल क्लब शाहजहांपुर में नियमित रूप से अभ्यास करती हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि उन्होंने इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल की और शाहजहांपुर का नाम गौरवान्वित किया। ओशीन की इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों एवं खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। साथ ही कर्नल अकैडमी ग्लोबल स्कूल राइफल क्लब शाहजहांपुर की टीम ने भी ओशीन को इस शानदार उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का हुआ स्वागत



**कांट, शाहजहांपुर।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के ददरौल विधानसभा के आगमन पर जिला पंचायत सदस्य सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्रा ने जलालाबाद रोड जमुनिया में दीपेंद्र यादव के प्रतिष्ठान पर जोरदार स्वागत किया, नीरज मिश्रा ने गुरुजी को 11 किलो की माला समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकराचार्य जी ने नीरज मिश्रा को अपना गौरक्षक अभियान हेतु प्रतिनिधि बनाने का आदेश दिया, जिसका नीरज मिश्रा ने पूरे मनोयोग से गौसेवा, गौरक्षा करने का संकल्प लिया। वीरन पाठक एवं धर्मपाल मौर्य ने गुरुजी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। युवा नेता राहुल पाल एवं अनुज शुक्ला में गुरु जी को गौमाता का चित्र भेट किया। वीर मिश्रा ने गुरुजी को अपने बाग के डाल के आम भेंट किए। कार्यक्रम में सपा नेता श्री जीवेन्द्र बाजपेयी, अरविंद पाल, विपेंद्र यादव, उत्पल यादव, धर्मेंद्र अवस्थी, विपेंद्र कुशवाहा, आशुतोष तिवारी, रवि वर्मा, ज़ाहिद अली आदि उपस्थित थे। सभी ने मिलकर गुरु जी पर पुष्पवर्षा की।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का हुआ स्वागत

- गौरक्षा किसी एक समाज नहीं पूरे राष्ट्र का दायित्व: शंकराचार्य

**तिलहर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के तिलहर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया । नगर के बाईपास चौराहे स्थित एवन मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने शंकराचार्य महाराज की आरती उतारी । वही साद उल्ला खान समेत सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया । उन्होंने सभा में प्रेरणादायी विचारों में गौ माता की रक्षा , धर्म , समाज और राष्ट्र के प्रति जन दायित्व का स्मरण कराया। शंकराचार्य ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार वास्तविक हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों से भटक गई है । अब समय आ गया है कि जनता गंभीरता से विचार करे और परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि गौ माता की रक्षा केवल किसी एक समाज का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र का दायित्व है। आज मुस्लिम समाज के अनेक लोग भी गौ संरक्षण के लिए सकारात्मक कदम उठा रहे हैं। इस मौके पर साद उल्ला खान, अजय पाठक ने सभा उपरांत काफिले के साथ विदाई दी।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत



**शाहजहांपुर।** कटरा विधानसभा क्षेत्र के जलालाबाद रोड पर पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, हाजी आरिफ हुसैन उर्फ पप्पू, पप्पू यादव, राधेश्याम यादव, संतोष कुमार पाल, विपिन यदुवंशी, विपिन यादव, प्रदीप भोजवाल, जितेंद्र यादव अड्डू, प्रवेश यादव, हिमांशु गुप्ता, सचिन भोजवाल, अनिल भोजवाल सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के माहौल में संपन्न हुआ।

## खबरें एक नजर में

### कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई टीईटी परीक्षा, दोनों पालियों में 906 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**पहली पाली में 3791 में से 3289 तथा दूसरी पाली में 3387 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी)–2026 गुरुवार को जिले के नौ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरे समय मुस्तैद रहा। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, एसपी सिटी सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पहली पाली में 3791 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 3289 ने परीक्षा दी, जबकि 502 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 3791 अभ्यर्थी पंजीकृत थे,जिनमें 3387 ने परीक्षा में भाग लिया और 404 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई तथा परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा–निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया गया। पूरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा नकल की सूचना नहीं मिली।

**परीक्षा केंद्र:** जीएफ कॉलेज (ब्लॉक–ए), जीएफ कॉलेज (ब्लॉक–बी), जनता इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, एवी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, श्री हरिकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज।

एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने बताया कि जिले के सभी नौ परीक्षा केंद्रों पर टीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था, नकल अथवा अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे और प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी रखी गई।

### पंचायती राज एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न, लंबित शौचालय आवेदन 10 दिन में निस्तारित करने के निर्देश: डीएम




**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पंचायत राज, मनरेगा, एनआरएलएम, जीरो पॉवर्टी, गौ संरक्षण, ग्रामीण पुस्तकालय, फैमिली आईडी, अन्नपूर्णा भवन एवं रिक्त उचित दर दुकानों के आवंटन सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लंबित व्यक्तिगत शौचालय आवेदनों का निस्तारण आगामी 10 दिनों में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए तथा जिन आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है, उनकी प्रथम किस्त तत्काल जारी की जाए। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों को प्रत्येक विकासखंड में एक–एक गांव को शत–प्रतिशत मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं जन चौपालों का निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने जर्जर सामुदायिक शौचालयों का मरम्मत कार्य शीघ्र कराने तथा पूर्णतः ध्वस्त शौचालयों के संबंध में नियमानुसार आरसी जारी करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने 161 ग्रामों में संचालित ग्रामीण पुस्तकालयों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि इनका लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुँचना चाहिए। साथ ही भावलखेड़ा विकासखंड के सालिया में निर्मित गोवर्धन यूनिट का शीघ्र संचालन कराने के निर्देश दिए।मनरेगा की समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा ने अवगत कराया कि विकसित भारत के अंतर्गत नई व्यवस्था लागू हो चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी एपीओ को निर्देशित किया कि श्रमिकों की ई–केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराई जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आवासों पर सहजन के पौधे लगाए जाने हेतु 9 जुलाई तक कार्ययोजना तैयार की जाए तथा 16 जुलाई को जनपदभर में एक साथ पौधरोपण अभियान चलाया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बीएमएम एवं एडीओ को निर्देश दिए कि पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिए गांववार कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद को प्राप्त स्वयं सहायता समूह गठन का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैमिली आईडी बनाने की प्रगति में तेजी लाई जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों का पंजीकरण समयबद्ध रूप से पूरा हो सके।अन्नपूर्णा भवनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवनों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में रिक्त उचित दर दुकानों के आवंटन हेतु तिथियां निर्धारित कर प्रस्ताव समय से भेजना सुनिश्चित किया जाए। गौ–संरक्षण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने गौशालाओं से संबद्ध चारागाह भूमि पर नेपियर घास की बुवाई कराने के भी निर्देश दिए, ताकि गोवंश के लिए हरे चारे की सतत उपलब्धता बनी रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, परियोजना निदेशक अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, डीसी मनरेगा यशोवर्धन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रमोद कुमार यादव सहित समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), समस्त खंड विकास अधिकारी एवं जिला कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

# बाढ़ से बचाव हेतु चल रहे सभी कार्य समय से किए जाएं पूर्णः डीएम

- बाढ़ से बचाव की तैयारी हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में बाढ़ की तैयारी से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सिंचाई अभियंता ने बताया कि गर्रा नदी में आने वाले पानी की दियूनी बैराज जनपद पीलीभीत से निगरानी की जा रही है, अभी बैराज खाली है। डीएम ने नगर निगम एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ककरा के पास गर्रा नदी में आने वाले तीन नालों को बंद कराने का कार्य शुरू किया जाए जिससे बाढ़ आने पर आबादी क्षेत्र में पानी प्रवेश न कर सके।उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देश दिए कि नगरिया मोड जाने वाले रोड के कलवर्ट बंद करने की कार्रवाई शुरू करा दें। उन्होंने निर्देश दिए कि शाहजहांपुर बरेली नेशनल हाई-वे के कलवर्टों का निरीक्षण कर लिया जाए। चांदापुर से चौहानापुर तक नहर खोदाई कार्य किया जा रहा है जिसे लेकर जिलाधिकारी ने कार्य को तेज गति से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करने के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय से पूर्ण कर लिए जाए जिससे भविष्य में बाढ़ आने पर लोगों को परेशानी एवं नुकसान न हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी,एडीएम वित्त अरविंद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाएं पुरुष शौचालय में जाने को हुईं मजबूर, सीएचसी का महिला शौचालय में पड़ा रहता है ताला



**तिलहर – शाहजहांपुर।** सीएचसी में निचले तल तथा ऊपरी तल पर महिला व पुरुष मरीजों के लिए अलग अलग शौचालयों बने होने के बाबजूद शौचियां में ताला बंदी के चलते स्थिति बेहद विकट नजर आ रही है। निचले तल पर बने महिला शौचालय तथा ऊपरी तल पर बने शौचालय में ताले डाले गए है । जिसके चलते खास तौर पर महिला मरीजों को शौच अथवा लघुशंका जाने के लिए खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है । महिला मरीजों अथवा उनकी तीमारदारों के लिए पुरुष शौचालयों में जाना पड़ रहा है । यही नहीं शौचालय का लॉक ठीक न होने के चलते अचानक कोई पुरुष न चला जाए इसके लिए गेट पकड़कर बाहर दूसरी महिला को खड़ा होना मजबूरी है। बता दें कि हाल ही में सीएमओ विवेक मिश्रा ने सीएचसी का निरीक्षण किया था और शौचालयों व साफ सफाई की।व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे । लेकिन इसके बाबजूद गुरुवार को यह नजारा देख ने को मिला।

## कांवड़ यात्रा से पहले पुलिस पूरी तरह अलर्ट

**एसपी सिटी ने खुद किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण,श्रद्धालुओं से सहयोगात्मक व्यवहार पर जोर**



**रोजा, शाहजहांपुर।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत पुलिस ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार ने थाना रोजा क्षेत्र में कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ मार्ग, प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों, पार्किंग स्थलों, बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, ट्रैफिक प्रबंधन और प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम नागरिकों के साथ–साथ कांवड़ियों को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी व्यवस्थाओं को समय रहते प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक सिटी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित डायवर्जन योजना का पूरी गंभीरता के साथ पालन कराया जाए। इसके साथ ही कांवड़ मार्ग पर लगातार पुलिस गश्त जारी रखने, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों को पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर ने पुलिसकर्मियों को यह भी निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ विनम्र, संयमित और सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए।

## डंपर की टक्कर से मूंगफली फैक्ट्री कर्मी की मौत

**अल्लाहगंज, शाहजहांपुर।** गुरुवार 2 जुलाई को लगभग 11:35 बजे आम जनता द्वारा सूचना मिली कि कस्बा अल्लाहगंज स्थित एलीट गेस्ट हाउस (मैरिज लॉन) के पास एक मोटरसाइकिल और डंपर की टक्कर हो गई है, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अल्लाहगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संदीप पुत्र नन्हेलाल दिवाकर विकास नगर के रहने वाले के रूप में हुई। वह स्थानीय मूंगफली फैक्ट्री में कार्यरत था। और किसी काम से अल्हगंज से मंडी की ओर जा रहा था। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मुठभेड़ में डकैती की बड़ी साजिश नाकाम, 23 मुकदमों वाले हिस्ट्रीशीटर समेत पांच गिरफ्तार



- पुलिस पर फायरिंग के बाद मुठभेड़ में दबोचे गए बदमाश, कई गांवों की चोरियों का खुलासा, दो साथी अब भी फरार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने तड़के एक बड़ी डकैती की साजिश को नाकाम करते हुए पांच शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार हरदोई चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शिव मंदिर के पीछे रिलायंस गेट के पास स्थित मजार पर सात बदमाश किसी बड़ी डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को मौके से दबोच लिया, जबकि दो आरोपी एक कार से भाग निकले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल निवासी मदनापुर, सुनील निवासी बाबूपुर थाना कटरा, गुड्डू निवासी मदनापुर, सैफुद्दीन निवासी पसगवां लखीमपुर खीरी तथा मदनलाल निवासी मोहम्मदी लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपियों की पहचान राजेश उर्फ कमती निवासी मोहम्मदी लखीमपुर खीरी तथा प्रमोद निवासी बेहटा गोकुल हरदोई के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गिरोह बनाकर घरों में चोरी, नकबजनी और डकैती की वारदातों को अंजाम देते थे। उन्होंने बाड़ीगांव, पंथी, रौरा, कुआडांडा और बमिहाना समेत कई गांवों में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की। आरोपियों ने बताया कि इस बार उनका निशाना ग्रीन सिटी कॉलोनी का एक बड़ा मकान था और वारदात के बाद शहर छोड़कर भागने की योजना थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, एक ओमनी कार, एक स्प्लेंडर बाइक, नकबजनी में इस्तेमाल होने वाले सब्बल, रेती और अन्य औजार, चार मोबाइल फोन, नकदी तथा विभिन्न चोरी की घटनाओं से संबंधित बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। राहुल पर 16 मुकदमे, सुनील पर 9 मुकदमे, गुड्डू पर 23 मुकदमे, जबकि सैफुद्दीन और मदनलाल पर 6-6 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

**पुलिस की अपीलः घर पूरी तरह खाली छोड़कर बाहर न सोएं**

एसपी सिटी ने लोगों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में पूरा परिवार घर के बाहर न सोए। परिवार के एक–दो सदस्य घर के अंदर अवश्य सोएं और आसपास की गतिविधियों पर भी नजर रखें। घर को पूरी तरह खाली न छोड़ें। पुलिस के अनुसार यह गिरोह ऐसे ही घरों को निशाना बनाता था, जहां सभी लोग बाहर सो रहे होते थे। या मकान असुरक्षित रहता है।किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## कार की टक्कर लगने से 8 माह की गर्भवती की मौत, ई-रिक्शा चालक की हालत गंभीर




**पीलीभीत।** पूरनपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। धनाराघाट रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें महिला का एक वर्षीय बेटा और ई-रिक्शा चालक समेत चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पूरनपुर के मदीना नगर लाइनपार साहूकारा निवासी 30 वर्षीय शबनम आठ माह की गर्भवती थीं। वह अपनी बहन सवाना और एक वर्षीय बेटे उजैर के साथ दवा लेने अस्पताल जा रही थीं। ई-रिक्शा को मुझा खुर्द निवासी 35 वर्षीय तमलेस खान चला रहे थे। जैसे ही उनका ई-रिक्शा धनाराघाट रोड पर भगवन्तापुर चुंगी के पास पहुंचा, सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद गर्भवती महिला शबनम को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल शबनम के बेटे उजैर, बहन सवाना और ई-रिक्शा चालक तमलेस खान का प्राथमिक उपचार किया गया। चालक तमलेस खान की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## पीलीभीत में फाल्ट सही करते समय एक की मौत, दूसरा झूलसा

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

सुनगढ़ी क्षेत्र में स्थित रुपपुर कमालू गांव में बिजली लाइन का फाल्ट ठीक करने के दौरान एक ग्रामीण की करंट लगने से मौत हो गई। आरोप है कि बिना शटडाउन और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए ही उसे पोल पर चढ़ाकर काम कराया गया। सूचना पर पहुंची सुनगढ़ी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के रुपपुर कमालू गांव में बुधवार दोपहर बिजली लाइन का फाल्ट ठीक करने के लिए बिजली के पोल पर चढ़कर मरम्मत कार्य कर रहे थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जारकल्लिया निवासी 54 वर्षीय भीमसेन की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान नीचे मौजूद टीजीटू लाइनमैन मंगलसेन भी घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीमसेन को बिजली लाइन में आए फाल्ट को ठीक करने के लिए बुलाया गया था। आरोप है कि कार्य शुरू करने से पहले संबंधित लाइन का शटडाउन नहीं लिया गया और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। जैसे ही भीमसेन ने बिजली के तारों पर काम शुरू किया, वह करंट की चपेट में आ गए और तारों से चिपक गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई और सीढ़ी की मदद से उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक के बेटे मोतीराम ने आरोप लगाया कि फाल्ट ठीक करने की जिम्मेदारी आउटसोर्सिंग लाइनमैन गुड्डू की थी, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंचा। उसके कहने पर ही भीमसेन को बुलाया गया और बिना सुरक्षा किट तथा बिना शटडाउन लिए पोल पर चढ़ा दिया गया। उसने बताया कि यदि सुरक्षा नियमों का पालन किया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलने पर थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। अवर अभियंता गौरव मिश्रा ने बताया कि संबंधित उपकेंद्र से किसी भी कर्मचारी द्वारा शटडाउन नहीं लिया गया था और विभाग को फाल्ट ठीक किए जाने की कोई पूर्व सूचना भी नहीं दी गई थी।

# एसीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

- आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी पी श्रीवास्तव ने ब्लॉक भावलखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पड़रा सिकन्दरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सी एच ओ अंजली देवी उपस्थित पाई गई। निरीक्षण के समय तक 10 मरीजों की ओपीडी, 4 मरीजों को ई-संजीवनी के द्वारा उपचार किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सी एच ओ को 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग करने को निर्देशित किया गया। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर उपलब्ध दवाईयों और केन्द्र पर होने वाले जांचों की जानकारी ली गई । उन्होंने सी बैक फार्म भरने की जानकारी ली गई। सभी जांच के लिए एक रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया गया आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने को निर्देशित किया गया। सी एच ओ को निर्देशित किया गया केन्द्र पर आने वाले सभी मरीजों का मोबाइल नंबर अपने पास रखें । उन्होंने कहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है सभी स्वास्थ्य कर्मी पूरी निष्ठा एवं अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी वीरेंद्र कुमार शर्मा, ए आर ओ अंशुल शुक्ला उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव के द्वितीय दिवस पर वृहद पौधारोपण

- चेयरमैन ने किया पौधारोपण, विद्यार्थियों-ग्रामीणों से पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी डा. सुशील कुमार के निर्देशन में वन महोत्सव के द्वितीय दिवस पर सिंधौली रेंज अंतर्गत पुवायाँ-जेवाँ मार्ग पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता ने अपनी माताजी के सम्मान में पौधारोपण कर अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि पृथ्वी पर समस्त जीव-जंतुओं एवं मानव जीवन के आधार हैं। प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण भी अपनी जिम्मेदारी समझकर करना चाहिए। कार्यक्रम में माँ शारदे विद्या अकादमी के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आम, पाकड़, बरगद, जामुन, सिरस सहित विभिन्न देशी एवं छायादार प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेश राव के नेतृत्व में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया। वन दरोगा डोरीलाल ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद को अधिक हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने के लिए जनसामान्य की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन में वन विभाग, माँ शारदे विद्या अकादमी तथा स्थानीय क्षेत्रवासियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। वन विभाग ने जनपदवासियों से वन महोत्सव सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा, कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा पीलीभीत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़े के तहत एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करके की गई। मंच पर मौजूद नेताओं ने पीलीभीत के देवतुल्य कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं। कार्यक्रम के दौरान पूरनपुर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान भाजपा जिला अध्यक्ष पीलीभीत भाजपा नेता लोधी किशनलाल राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के पीलीभीत पूर्व जिला अध्यक्ष सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कागज दिखाना मौजूदा दौर की सबसे बड़ी त्रासदी

भाजपा के शासन में कागज की अहमियत इंसान से ज्यादा हो चुकी है। कागज तो दिखाना होगा, मौजूदा दौर का सबसे त्रासद वाक्य है, जिससे लाखों-करोड़ों नागरिक जूझ रहे हैं। खबर आई है कि मंगलवार को हुई केबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्देश दिए हैं कि आम लोगों की सुविधा का ख्याल रखा जाए। लेकिन यह कैसा ख्याल रखना है जिसमें कदम-कदम पर आम जनता को यही साबित करना पड़े कि वह इस देश का नागरिक है। राशन कार्ड, आधार, पैन कार्ड, दसवीं का प्रमाणपत्र, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट ये सारे कार्ड किसी व्यक्ति के पास होने के बावजूद यह तय नहीं है कि वह भारत का नागरिक है या नहीं। पासपोर्ट पर तो हाल ही में विदेश मंत्रालय का बयान आया ही था कि यह केवल यात्रा दस्तावेज है, नागरिकता का प्रमाण नहीं, जबकि दूसरे देश जाने पर आपको किस देश का नागरिक माना जाए, यह आपके पासपोर्ट से ही तय होगा। पासपोर्ट पर एक अनावश्यक विवाद मोदी सरकार ने खड़ा किया और हाल ही में उसी से जुड़ा एक अजीबोगरीब प्रकरण सामने आया है। कोलकाता से निकलने वाले प्रमुख अंग्रेजी दैनिक द टेलीग्राफ के पूर्व संपादक आर. राजगोपाल का पासपोर्ट नवीनीकृत नहीं हुआ, क्योंकि एसआईआर में उनका नाम लाखों अन्य लोगों की तरह काटा गया है। आर. राजगोपाल ने सोशल मीडिया पर अपने साथ घटे इस त्रासद वाकये को बयां किया है कि मार्च 2026 में कोलकाता के बालीगंज विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से उनका नाम हटा दिया गया। उनके अनुसार, एसआईआर के दौरान अधिकारियों को न तो उनका और न ही उनके दिवंगत पिता का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में मिला। इसी आधार पर उनका नाम सूची से हटा दिया गया। राजगोपाल ने लिखा कि उनके पिता एक गांधीवादी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर और केरल में गांधी स्मारक निधि के पूर्व राज्य सचिव थे, जिनका 2016 में निधन हो चुका है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने सजग मतदाता रहे उनके पिता का नाम मतदाता सूची में कैसे नहीं मिला। राजगोपाल का कहना है कि पश्चिम बंगाल में लगभग 27 लाख लोगों के नाम तथाकथित श्लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के आधार पर मतदाता सूची से हटाए गए। उन्होंने मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र समेत अन्य दस्तावेज जमा किए, लेकिन उन्हें कोई साफ कारण नहीं बताया गया। राजगोपाल समेत हजारों लोगों का मामला अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एक ट्रिब्यूनल के सामने लंबित है। इसी वजह से वे हाल में हुए चुनाव में मतदान भी नहीं कर सके। राजगोपाल ने बताया कि उन्होंने 19 मार्च 2026 को पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कर ली थी, लेकिन पुलिस सत्यापन नहीं हो सका क्योंकि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं था। उन्होंने कई वैकल्पिक दस्तावेज जमा किए, लेकिन उन्हें पर्याप्त नहीं माना गया। 27 जून को उनके बायोमेट्रिक हुए 100 दिन पूरे हो गए। पिछले सप्ताह उन्हें पासपोर्ट कार्यालय से बताया गया कि कोलकाता पुलिस ने मतदाता सूची से नाम हटने के आधार पर प्रतिकूल रिपोर्ट भेजी है। हालांकि उन्हें क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में तत्काल उपस्थित होने को कहा गया, लेकिन ऑनलाइन अपॉइंटमेंट 17 जुलाई 2026 की मिली।

# उत्तर प्रदेश बन रहा है भारत का नया इलेक्ट्रॉनिक्स व लॉजिस्टिक्स पावरहाउस

*जयेन्द्र सिंह*

उत्तर प्रदेश आज उस ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है, जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पूर्व तक कठिन प्रतीत होती थी। कभी कृषि प्रधान राज्य के रूप में पहचाना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल सेवाओं, डेटा सेंटर, रक्षा उत्पादन और आधुनिक औद्योगिक विकास का राष्ट्रीय केंद्र बनकर उभर रहा है। यह परिवर्तन केवल आंकड़ों और निवेश प्रस्तावों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह करोड़ों युवाओं के सपनों, उद्यमियों की आकांक्षाओं और एक विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की यात्रा है। इस परिवर्तन के केंद्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्थापित सुशासन, जीरो टॉलरेंस की नीति, निवेशक-अनुकूल वातावरण तथा कानून व्यवस्था की नई संस्कृति है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने जिस गति से औद्योगिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, उसने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। आज उत्तर प्रदेश केवल निवेश का विकल्प नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा मंच बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के विकास का आधार सुशासन और सुरक्षा को बनाया। उनका स्पष्ट मानना रहा है कि जहां कानून का राज होगा, वहीं निवेश आएगा और वहीं रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी सोच के अनुरूप प्रदेश में अपराध और माफिया तंत्र के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा निवेशकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का विश्वास अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। आज देश और दुनिया के बड़े औद्योगिक समूह उत्तर प्रदेश को अपने विस्तार और निवेश के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य मान रहे हैं। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनसंख्या नहीं, बल्कि उसकी युवा शक्ति है। लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला यह राज्य देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के साथ-साथ सबसे बड़ा मानव संसाधन केंद्र भी है। लाखों इंजीनियर, तकनीकी विशेषज्ञ, आईटी प्रोफेशनल और कुशल कार्यबल राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति देने के लिए तैयार हैं। यही कारण है कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा सेंटर और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में कार्यरत कंपनियां उत्तर प्रदेश को अपनी भविष्य की विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने देश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। आज देश में निर्मित होने वाले लगभग 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र भारत के




सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हब के रूप में स्थापित हो चुके हैं। मोबाइल फोन निर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। विश्व की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों ने यहां उत्पादन इकाइयां स्थापित की हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियां निवेशकों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल रही है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती मिल रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क वाले राज्यों में भी शामिल हो चुका है। राज्य में निर्मित नौ एक्सप्रेसवे विकास की नई धमनियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और अन्य प्रमुख मार्गों ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। इन परियोजनाओं ने न केवल आवागमन को सुगम बनाया है, बल्कि उद्योगों के लिए परिवहन लागत और समय में भी उल्लेखनीय कमी लाई है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, औद्योगिक कॉरिडोर, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क और आधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधाओं ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया है। जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो एशिया की सबसे महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है, प्रदेश को वैश्विक व्यापार और निवेश से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की उपलब्धता उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बेहतर कनेक्टेड राज्यों में शामिल करती है। आज उत्तर प्रदेश केवल भौगोलिक दृष्टि से भारत के केंद्र में स्थित नहीं है, बल्कि देश की आर्थिक गतिविधियों, बाजार व्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यदि कोई उद्योग देश के प्रत्येक छह उपभोक्ताओं में से एक तक पहुंच बनाना चाहता है, तो उत्तर प्रदेश उसके लिए सबसे प्रभावी प्रवेश द्वार है। विशाल उपभोक्ता आधार, प्रचुर मानव संसाधन, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश-अनुकूल वातावरण राज्य को विशेष प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। 'निवेश मित्र' पोर्टल, सिंगल विंडो सिस्टम, समयबद्ध अनुमोदन प्रक्रिया, समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर और एंड-टू-एंड निवेशक हैंडहोल्डिंग जैसी व्यवस्थाओं ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि निवेशकों को केवल अनुमति नहीं, बल्कि साझेदारी और सहयोग का वातावरण प्रदान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश ने निवेश आकर्षित करने के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विभिन्न देशों और राज्यों में आयोजित रोड शो तथा निवेशक संवाद कार्यक्रमों ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। आज दुनिया की अग्रणी कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए उत्सुक दिखाई दे रही हैं। डेटा सेंटर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, फिनटेक और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से उभर रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा देश के प्रमुख डेटा सेंटर हब बन चुके हैं। डिजिटल अवसंरचना में हो रहे निवेश से प्रदेश नई अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश निवेश का गंतव्य भर नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर एक ऐसा मंच है जहां उद्योग, नवाचार, प्रतिभा और अवसर एक साथ मिलते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास यात्रा को नई दिशा देने वाली हैं।

## सिलैक्टिव आक्रोश से कांग्रेस का इतिहास नहीं मिट सकता

*आर.पी. सिंह*

गाजा पर सोनिया गांधी का लेख नैतिकता का पाठ नहीं, बल्कि चयनात्मक आक्रोश का एक जीवंत उदाहरण है। भारत को मानवाधिकारों का उपदेश देने से पहले कांग्रेस नेतृत्व को स्वतंत्र भारत के सबसे काले अध्यायों में से एक, 1984 के सिख विरोधी नरसंहार और उसके बाद पंजाब में वर्षों तक चले दर्द और पीड़ा का जवाब देना चाहिए। नवम्बर 1984 में हजारों निर्दोष सिखों की निर्मम हत्या कर दी गई। लोगों को उनके घरों से घसीटकर बाहर निकाला गया, लोहे के सरियों से पीटा गया, उन पर मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया गया। पूरे के पूरे परिवार समाप्त कर दिए गए। गुरुद्वारों का अपमान किया गया, घरों और दुकानों को लूटकर आग के हवाले कर दिया गया। बच्चों ने अपने पिता को भीड़ द्वारा मारते हुए देखा, माताओं ने अपने बेटों को अपनी आंखों के सामने मरते देखा। हजारों महिलाएं एक ही रात में विधवा हो गई और अनेक जीवित बचे लोगों ने भयावह यौन इ्क्षहसा की ऐसी कहानियां सुनाई, जिनके शारीरिक और मानसिक घाव आज तक नहीं भरे हैं। गाजा के लिए आंसू बहाने से पहले सोनिया गांधी स्वयं से एक प्रश्न पूछें-क्या उन्होंने कभी सतनामी बाई के आंसू पोंछने की कोशिश की है? सतनामी बाई की गवाही 1984 के सिख विरोधी नरसंहार की सबसे हृदयविदारक गवाहियों में से एक है। 1 नवम्बर, 1984 को त्रिलोकपुरी में उन्होंने अपनी आंखों के सामने अपने पति मोहन सिंह, जो एक गरीब ऑटो-रिक्शा चालक थे, को लोहे के सरियों से पीट-पीटकर और जिंदा जलाकर मार डाले जाते देखा, जबकि उनकी गोद में उनकी नवजात बेटी थी। उस समय जब कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी, उन्होंने और अनेक अन्य सिख महिलाओं ने बाद में भीड़ द्वारा किए गए भयावह यौन अत्याचारों का वर्णन किया। उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। क्या सोनिया गांधी ने कभी सार्वजनिक रूप से सतनामी बाई का नाम लिया? क्या वह कभी उनसे मिलीं, उन्हें गले लगाया या 1984 में सिख महिलाओं पर हुए अकल्पनीय अत्याचारों पर गहरा दुख व्यक्त किया? क्या उन्होंने कभी प्रत्येक पीड़ित को पूर्ण न्याय दिलाने की मांग की? दिल्ली में यह भयावहता समाप्त नहीं हुई। इसके बाद पंजाब वर्षों तक खून से लथपथ रहा। एक पूरी पीढ़ी आतंकवाद और आतंकवाद-रोधी अभियानों के बीच बड़ी हुई। हजारों परिवार अपने उन बेटों की तलाश करते रहे, जो कभी वापस नहीं लौटे। जबरन गायब किए जाने, अवैध अंतिम संस्कार, हिरासत में यातना और फर्जी मुठभेड़ों के आरोपों ने पंजाब के इतिहास पर गहरे घाव छोड़े।

विचार

# खेल कूटनीति: बास्केटबॉल से अमेरिका-भारत निकटता

भारत के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी के लिए अमेरिका नक्शे पर भले ही दूर हो पर उन्हें वह कहीं करीब महसूस होता है। वे सोशल मीडिया पर नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के मशहूर खिलाड़ियों को फॉलो करते हैं, यूट्यूब पर उनके खेल की बारीकियों का अध्ययन करते हैं, अपने पसंदीदा खिलाड़ियों पर चर्चा करते हैं और दुनिया के सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखते हैं। मई 2026 में यह जुड़ाव नई दिल्ली स्थित अमेरिकन सेंटर में आयोजित फ्रीडम 250 'स्लैम डंक एक्सपीरियंस' के दौरान साकार हुआ। दिल्ली के स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों से आए 150 से अधिक विद्यार्थी एनबीए के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए एकत्र हुए। एनबीए अमेरिका की प्रमुख पेशेवर बास्केटबॉल लीग है और खेल के मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ियों का ठिकाना है। यह कार्यक्रम फ्रीडम 250 समारोहों के तहत आयोजित किया गया था, जो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक पहल है। नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल टीम सैक्रामेंटो किंग्स के साथ साझेदारी कर विद्यार्थियों को बास्केटबॉल खेल, इस खेल में कुशल बनने और साझा आकांक्षाओं के माध्यम से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

**भारत में बास्केटबॉल की बढ़ती पहचान**

जब विद्यार्थियों से उनके बास्केटबॉल नायकों के बारे में पूछा जाता है तो वे तुरंत जवाब देते हैं: स्टीफन करी, कोबी ब्रायंट, एलन आइवरसन, डेविन बुकर और जियानिस एंटेटोकाउनम्पो। ये नाम अलग-अलग युगों, टीमों और खेलने की शैलियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बास्केटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं।




कार्यक्रम के प्रतिभागियों में से एक अफ्युपांग मिश्रा के लिए एंटेटोकाउनम्पो प्रेरणा के स्रोत हैं। मिश्रा मिल्वॉकी बक्स के इस स्टार खिलाड़ी की प्रशंसा करते हैं 'क्योंकि वह बहुत प्रभावशाली हैं।' कार्यक्रम में शामिल कई युवा खिलाड़ियों की तरह वह भी भारत के बाहर पेशेवर स्तर पर खेलने और अंततः खेल के सर्वोच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की आशा रखते हैं। ऐसी महत्वाकांक्षाएं पूरे दिन कार्यक्रम के दौरान एक साझा विषय बनी रहीं। नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 16 वर्षीय खिलाड़ी कृष्णा सिंह, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। वह कहते हैं, 'मेरा लक्ष्य एनबीए तक पहुंचना है।' उनके सहपाठी मयंक त्यागी का लक्ष्य भी कुछ ऐसा ही है। वह कहते हैं, 'मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं लेकिन मेरा मुख्य लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना है। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने शूटिंग, पासिंग और ड्रिब्लिंग स्टेशनों पर अभ्यास किया और सैक्रामेंटो किंग्स के कोच तथा दिल्ली के अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। कई विद्यार्थियों के लिए इस अनुभव ने उनके इस विश्वास को और मज़बूत किया कि भारत में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की रुद्राक्षी वर्मा कहती हैं, 'भारत में बास्केटबॉल बढ़ रहा है और इसका वास्तव में भविष्य है।' उनका मानना है कि यह खेल ऐसे सबक सिखाता है जो खेल प्रदर्शन से कहीं आगे हैं। वह कहती हैं, 'यह सिर्फ खेल के बारे में नहीं है। हमें इससे नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, नई तरह की चीजें सीखने को मिलती हैं, हम खेल भावना सीख पाते हैं, जो हम किताबों या किसी अकादमिक शिक्षा से नहीं सीख सकते। शिव नादर स्कूल की सिमरन एनबीए के महान खिलाड़ी कोबी ब्रायंट से प्रेरणा लेती हैं, जिनकी समर्पण भावना और अनुशासन आज भी दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित करते हैं। ब्रायंट की प्रसिद्ध 'माम्बा मेंटैलिटी '-एक ऐसा दर्शन जो निरंतर आत्म-सुधार और दृढ़ता पर आधारित है- उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

**एनबीए दिग्गज से प्रशिक्षण**

विद्यार्थियों ने एनबीए दिग्गज हॉल ऑफ फेमर व्लाडे डीवॉत्स की बातें भी सुनीं, जिनके लॉस एंजिलिस लेकर्स, शार्लट हॉर्नेट्स और सैक्रामेंटो किंग्स के साथ कॅरियर ने उन्हें बास्केटबॉल के सबसे प्रसिद्ध पहचान वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एक बनाने में मदद की। प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए डीवॉत्स ने जोर दिया कि सफलता इस बात से निर्धारित नहीं होती कि कोई व्यक्ति कहां से शुरुआत करता है। अपने जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका जन्म कहां हुआ है। आप अपने सपनों को किसी भी तरह हासिल कर सकते हैं लेकिन आपको सही काम करने होंगे। डीवॉत्स ने खेल और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह समर्पण युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, 'यदि आप खेल से प्यार करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं और स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बास्केटबॉल निश्चित रूप से आपको एनबीए खिलाड़ी बनने का रास्ता देता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए संदेश स्पष्ट था- प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन प्रतिबद्धता और तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

साहित्य



## जब शहर तपते हैं

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत आज तीव्र शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन- दो ऐसी प्रक्रियाओं के संगम पर खड़ा है जो देश के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक ढांचे को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। एक ओर शहर विकास, रोजगार और नवाचार के केंद्र हैं तो दूसरी ओर वे बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, शहरी बाढ़, जल संकट, वायु प्रदूषण और चरम मौसमी घटनाओं के सबसे बड़े शिकार भी बनते जा रहे हैं। सामान्यतः जलवायु परिवर्तन को पर्यावरणीय समस्या माना जाता है किंतु भारतीय शहरों का अनुभव बताता है कि यह केवल प्रकृति का संकट नहीं है, यह शहरी शासन, सामाजिक न्याय और विकास मॉडल की सीमाओं को उजागर करने वाला बहुआयामी संकट है। इस संकट का सबसे अधिक दुष्प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है जो शहरों की अर्थव्यवस्था और जीवन-प्रणाली को प्रतिदिन संचालित करते हैं लेकिन नीतियों और योजनाओं में सबसे पीछे रह जाते हैं।



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# मंदिर के चढ़ावे से विपक्षी सांसदों तक डाकेजनी

*राजेंद्र शर्मा*

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा डकैती कांड का ऊंट आखिरकार किस करवट बैठेगा, यह अभी कहना मुश्किल है। इस कांड के सूत्र जिस तरह से खुल रहे हैं और धीरे-धीरे नहीं बल्कि तेजी से प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इस पूरे मामले की ईमानदारी से तथा गहरी जांच-पड़ताल होने और छोटे-बड़े सभी दोषियों को सजा दिलाए जाने की उम्मीद शायद ही किसी को होगी। आम धारणा तो यही है कि यह कांड इतना बड़ा हो गया है तो, छोटी-छोटी मछलियां जरूर जाल में पकड़ी जाएंगी, लेकिन मगरमच्छों को बचा दिया जाएगा। अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य कर्ताधर्ता माने जाने वाले चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफा देकर खुद को इस कांड से अलग कर लेने और मंदिर ट्रस्ट के 8 छोटे कारकूनों के खिलाफ कथित रूप से ट्रस्ट की शिकायत के आधार पर, जो कि योगी सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद करायी गयी, एफआईआर दर्ज किए जाने और उनके ठिकानों पर छापेमारी, जब्ती आदि और उनकी गिरफ्तारियों से, चढ़ावे में चोरी के शिकार, रामलला को न्याय मिलने की उम्मीदें नहीं बढ़ी हैं। दूसरी ओर, लूट कांड पर से पर्दा हटना शुरू होने के बाद से, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की सक्रियता ने, सत्ताधारी डबल इंजन सरकार के दो इंजनों के बीच खींच-तान की अटकलों को और बल दे दिया है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि राम मंदिर के संचालन के तंत्र के विशेष रूप से उच्चतर हलके, जिसमें ट्रस्टी आदि आते हैं, केंद्र वाले इंजन द्वारा चुन-चुनकर वहां बैठाए गए हैं और उनकी वफादारी सबसे बढ़कर प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रति है। चंपत राय तो प्रधानमंत्री मोदी को श्विष्णु का अवतारश् घोषित कर, इसकी पुष्टि भी कर चुके हैं। स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री योगी इस स्थिति को लेकर सहज नहीं हैं, जो उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में अनुचित अतिक्रमण जैसी लगती है। इसीलिए, उत्तर प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य के अनेक प्रेक्षकों को लगता है कि इस कांड पर से मीडिया के एक हिस्से द्वारा पर्दा उठाए जाने के बाद से, एसआईटी के गठन में तत्परता समेत योगी सरकार की सक्रियता, सिर्फ सत्ताधारी भाजपा के मुख्यमंत्री के नाते डैमेज कंट्रोल करने की उनकी चिंता को ही नहीं दिखाती है। इसके पीछे, केंद्रीय हस्तक्षेप के औजारों का रास्ता मुश्किल बनाने की कोशिश भी है। इस धारणा को इस तथ्य से भी बल मिलता है कि बाबरी मस्जिद-रामजन्म भूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विशाल राम मंदिर बनने का रास्ता साफ होने के बाद से ही, मंदिर के निर्माण से संबंधित निर्णयों पर बार-बार विवाद उठते रहे थे, जिनमें प्रस्तावित मंदिर के आस-पास के इलाकों में जमीनों की खरीद-बिक्री में बेहिसाब कमाई से लेकर, मंदिर निर्माण में कमीशनखोरी तक के आरोप शामिल थे। वृहत मंदिर परियोजना के लिए तिगुने-चौगुने से भी ज्यादा दामों पर जमीनों की खरीद को लेकर मीडिया में काफी शोर भी मचा था और विपक्षी राजनीतिक पार्टियों ने भी इन गड़बड़ियों को उठाया था। इसके बावजूद, योगी सरकार ने इससे पहले कभी इन आरोपों की जांच कराना तो दूर, उनका नोटिस तक लेना जरूरी नहीं समझा था। इसलिए, इस बार के भंडाफोड़ के बाद योगी सरकार द्वारा दिखाई गयी सक्रियता को बहुत से लोग, केंद्र तथा योगी और खासतौर पर अमित शाह और योगी के बीच, योगी के वर्तमान कार्यकाल के बड़े हिस्से में और खासतौर 2024 के आम चुनाव के बाद से, बिना ज्यादा पर्दे के चलते आए, शह-मात के खेल में, योगी के अपनी स्थिति मजबूत करने के पैंतरे के रूप में देख रहे हैं। संभवतः इसीलिए, इस पूरे घटनाक्रम से जुड़कर, किंतु इसके हाशिए पर उत्तर प्रदेश में जो कुछ हो रहा था, वह भी कम दिलचस्प नहीं है। याद रहे कि इस रामलला लूट कांड पर से पर्दा उठाने में, उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी, सपा की अग्रणी भूमिका रही है। पहले, समाजवादी पार्टी के एक मंझले स्थानीय नेता, पवन पांडेय ने इस घोटाले का मुद्दा उठाया था। सोशल मीडिया में इस संबंध में चर्चाओं के जोर पकड़ने के बाद, अप्रत्याशित रूप से सत्ताधारी भाजपा के समर्थक माने जाने वाले, एक प्रमुख हिंदी दैनिक ने इस भंडाफोड़ को आगे बढ़ाया। और इसके बाद, सपा अध्यक्ष, अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को उठाकर, सारे देश के ही ध्यान में ला दिया। बहरहाल, जब इस मंदिर के चंदाचोरी का भंडाफोड़ अपने शुरूआती दौर में ही था, उसी दौरान भाजपा के और सुहेलदेव समाज जैसी उसकी सहयोगी पार्टियों के कुछ नेताओं ने, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में बड़ी फूट पड़ने और उसके 25-26 सांसदों के पार्टी से अलग होने की तैयारियां कर रहे होने के दावे करने शुरू कर दिए। ये दावे करने वालों में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य और मंत्री ओपी राजभर के नाम सबसे प्रमुख थे। ये दावे प. बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के कुल 27 में से 20 लोकसभा सदस्यों को, भाजपा की वृहत्तर कार्ययोजना के तहत तोड़े जाने और उनका एक अज्ञात साइन बोर्ड पार्टी के साथ विलय कराए जाने और उसके फौरन बाद, महाराष्ट्र में शिव सेना (उद्धव बाल ठाकरे) के छः सांसदों को तोड़कर, उनका शिव सेना से ही टूटकर अलग हुए, भाजपा के सहयोगी शिंदे गुट में विलय कराने की तैयारियों के बीच, किए जा रहे थे। इससे यह सब एक वृहत्तर योजना का हिस्सा बन जाता है। यह वृहत्तर योजना है, महिला आरक्षण के लागू होने का रास्ता बनाए जाने की आड़ में, लोकसभा की सीटों की संख्या डेढ़ गुनी करते हुए, संसदीय क्षेत्रों के नये परिसीमन को थोपने की। याद रहे कि बजट सत्र के आखिर में भाजपा ने, विपक्ष से किसी प्रकार की चर्चा किए बिना, इसके लिए संविधान संशोधन विधेयक को एक प्रकार से धक्के से पारित कराने की कोशिश की थी। लेकिन, विपक्ष के एकजुट विरोध के सामने यह कोशिश विफल हो गयी क्योंकि सत्ताधारी भाजपा और उसके सहयोगी मिलकर भी, संविधान संशोधन प्रस्ताव पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से काफी पीछे रह गए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# क्षेत्रीय अध्यक्ष का प्रथम बार जनपद आगमन पर स्वागत

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षा गृह में कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने आये कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का जनपद में प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया, इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी फैजान रिजवी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया, स्वागत उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा संगठनात्मक संरचना पर चर्चा की गई, उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा अपना बलिदान देकर राष्ट्र प्रथम रखते हुए संगठन को मजबूत किया गया है, संगठन का आधार कार्यकर्ता होता है, और वही कार्यकर्ता के आचरण व ब्यवहार से समाज संगठन के स्वरूप को देखता और समझता है, इस लिए हमें अनुशासन में रहकर समर्पित दृष्टिकोण के साथ पार्टी के विचारों व भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए, जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी सदैव एक राष्ट्र,एक निशान एक प्रधान की सोंच को सदैव प्रतिबद्ध रहें,देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों पर आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर



जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, विधायक, राजेंद्र पटेल, विकास गुप्ता,पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्षगण आशीष मिश्रा, दिनेश बाजपेई, रमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी, मुखलाल पाल, जिला महामंत्री सुशीला मौर्या, पंकज त्रिवेदी, पुष्पराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, नीरज सिंह, पंकज त्रिपाठी, कुलदीप भदौरिया, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव प्रवीण सिंह, विमलेश पांन्डेय, सुनीता गुप्ता, अर्चना त्रिपाठी, प्रसून तिवारी, सन्तोष गुप्ता नेता, अरिमर्दन सिंह, ओम मिश्रा, विकास पासवान, सुरेन्द्र सोनकर, सुमित द्विवेदी, रामप्रकाश गुप्ता, आशीष तिवारी, अमित तिवारी, रमनजीत सिंह, अमित मिश्रा ऊर्फ नीटू सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक पंकज त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# रोडवेज बसों में जहरखुरानी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

- अकेले सफर करने वाले यात्रियों को बनाते थे निशाना, एटीएम से उड़ाए थे 2.42 लाख



**फतेहपुर।** साइबर क्राइम पुलिस ने रोडवेज बसों में जहरखुरानी कर यात्रियों को लूटने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सक्रिय सदस्य हर्षित कुमार जोशी (23) को ज्वालागंज बस स्टैंड से गिरफ्तार कर उसके पास से 1 लाख 25 हजार रुपये नकद व 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्राना का रहने वाला है। ऐसे देते थे वारदात को अंजाम एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि आरोपी और उसका पिता रोडवेज बसों में अकेले लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को चिन्हित करते थे। बातचीत कर विश्वास में लेने के बाद नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर देते थे। फिर मोबाइल, पर्स, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड चोरी कर लेते थे। एटीएम से निकाले 2.42 लाख पुलिस के मुताबिक गिरोह ने 29 अप्रैल को जमरावां निवासी कुलदीप कुमार के खाते से 98,500 रुपये और 5 जून को ताम्बेश्वर नगर निवासी विवेक कुमार के खाते से 1,44,000 रुपये एटीएम व यूपीआई के जरिए निकाल लिए। आरोपी फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर और लखनऊ जाकर बैंक कस्टमर केयर से एटीएम पिन रीसेट कराता था। फिर ओटीपी के जरिए नया पिन बनाकर रकम निकाल लेता था। एटीएम की सीमा पूरी होने पर मॉल में खरीदारी कर यूपीआई से पैसे ट्रांसफर करता था। साइबर क्राइम थाना प्रभारी कमर खान व क्राइम डिटेक्शन टीम प्रभारी प्रवीण यादव ने बुधवार की रात आरोपी को ज्वालागंज बस स्टैंड से पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि पिता चोरी के मोबाइल-एटीएम उसे देते थे और वह काफी समय से पिता के साथ मिलकर वारदात कर रहा था।

## रेलवे उपभोक्ता सलाहकार बोर्ड की बैठक में उठा कुलपहाड़ स्टेशन में अवयवस्थाओं का मुद्दा

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।

रेलवे उपभोक्ता सलाहकार बोर्ड की बैठक का आयोजन झांसी में डीआरएम की उपस्थिति में की गई। बैठक में कुलपहाड़ निवासी उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य सगीर पहलवान सम्मिलित हुए। उन्होंने इस बात को लेकर कड़ी आपत्ति जताई कि जो सलाह दी जाती है, उसका अनुपालन नहीं किया जाता है। जिसका अन्य सदस्यों ने भी समर्थन किया है। उन्होंने कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर एक पर

- डीआरएम की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक

कैंटीन स्थापित करने एवं प्रतीक्षालय वेटिंग रूम बनाने का मांग की। इसके अलावा उन्होंने प्लेटफार्म पर लगे टीन सेड में पंखे न होने के कारण यात्रियों को गर्मी में परेशानी होती है। इसके लिए उन्होंने पंखे लगाने का सुझाव दिया। प्लेटफार्म में डिस्प्ले बोर्ड न होने के कारण यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेनों में अपने रिजर्वेशन डिब्बे खोजने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसके लिए उन्होंने प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग की। झांसी से चित्रकूट जाने के लिए सुबह के समय एक मेमू ट्रेन चलाने की मांग की। सुबह और शाम को चलने वाली मेमू ट्रेन एवं संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बोगी बढ़ाने की भी मांग रखी।

# अनियंत्रित वैन ने साइकिल सवार दो युवकों को रौंदा, तीन घंटे तक हाईवे जाम

- स्पीड ब्रेकर की मांग पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, ग्रामीणों ने चालक पकड़कर पुलिस के किया हवाले

असोथर, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

असोथर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत असोथर स्थित सुजानपुर गांव में गुरुवार सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार और अनियंत्रित वैन ने साइकिल से घर लौट रहे दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने असोथर-विजयीपुर (हिनौता स्टेट हाईवे) पर जाम लगा दिया और सड़क पर स्थायी स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, वैन (यूपी 78 जीसी 1756) असोथर से विजयीपुर की ओर जा रही थी। सुजानपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर उसने साइकिल सवार सौरभ उर्फ शानू सिंह चौहान (18) पुत्र कामता उर्फ लंबरी सिंह तथा दीनानाथ चौहान (25) पुत्र राजबहादुर सिंह, दोनों निवासी सुजानपुर, को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा किया। सरकंडी बर्रा बगहा मार्ग स्थित रेशम फार्म के पास वैन अनियंत्रित होकर खंदक में जा घुसी। चालक खेतों की ओर भागा, जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, पकड़े



गए चालक की पहचान कृपाशंकर निवासी मालिन डेरा मजरे रायपुर भसरौल, थाना किशनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस दोनों घायलों को अमर शहीद जोधा अटैया सिंह मेडिकल कॉलेज, फतेहपुर ले गई, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार, सौरभ



उर्फ शानू सिंह के सिर, हाथ और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दीनानाथ के सिर और पैर में चोट लगी है। वहीं सौरभ की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने असोथर-विजयीपुर मार्ग पर जाम लगाकर मौके पर एसडीएम को बुलाने और गांव के पास चार स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। सूचना पर क्षेत्राधिकारी थरियांव रवि प्रकाश सिंह, असोथर थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज, थरियांव थाना प्रभारी शमशेर सिंह, गाजीपुर थाना प्रभारी हरिनाथ सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे बाद नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेई मौके पर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द स्थायी स्पीड ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया तथा लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए विद्युत पोल और मिट्टी सड़क पर रखवाकर अस्थायी रूप से दो वैकल्पिक स्पीड ब्रेकर बनवाए। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। मौके पर लेखपाल रजत तिवारी, अरविंदर कुमार, मुलायम पाल और प्रदीप कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही। थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज ने बताया कि अनियंत्रित वैन की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में कर लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई प्रथम दिन की टीईटी परीक्षा

- जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, प्रथम पाली में 346 तथा द्वितीय पाली में 300 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

महोबा, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गई, यह परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉले महोबा, वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कॉलेज महोबा, डीएवी इंटर कॉलेज महोबा में कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था के बीच शुरू हुई। परीक्षा 2 से 4 जुलाई तक पांच पालियों में आयोजित की जा रही है। 2 जुलाई 2026 प्रथम पाली की परीक्षा में 1800 परीक्षार्थियों में 1454 उपस्थित रहे तथा 346 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में 1800 परीक्षार्थियों में 1500 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 300 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कॉलेज, महोबा, और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, महोबा का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्ष, प्रवेश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिले के सभी चार परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है और गुरुवार प्रथम दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो गई है।

# सड़क हादसे में बाल-बाल बचे चरखारी विधायक गुड्डू

- घटना स्थल पर सूचना पर पहुंचे सीओ व थाना पुलिस ने जांचकर शुरू की कार्रवाई

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बीजेपी चरखारी विधायक सडक हादसे में बाल बाल बच गये, थाना क्षेत्र खरेला अंतर्गत स्थित संकट मोचन हनुमा मंदिर के पास ट्रक ने विधायक के वाहन टक्कर मार दी! जिससे कार छठिग्रस्त हो गई, सूचना मिलते ही सीओ व थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुची और जाँच कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चरखारी की ओर से आ रही एक डीसीएम तथा सामने से आ रही स्कॉर्पियो विधायक चरखारी के मध्य टक्कर हो गई, जिससे स्कॉर्पियो कार क्षतिग्रस्त हो गई।और विधायक बाल बाल बच गये जबकि गार्ड, और गनर के घायल होना बताया जा रहा है।

घटना की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा मय फील्ड यूनिट टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुवे का कहना है कि जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि डीसीएम वाहन महाराष्ट्र के जनपद जलगांव से केला लादकर एसएस कोल्ड स्टोरेज, रमईपुर कानपुर के लिए जा रहा था। उक्त वाहन के चालक कुन्दन महाजन एवं खलासी नीलेश लोहार से घटना के संबंध में गहन पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि उनके गांव के व्यापारी राजू पवार के माध्यम से एक ट्रांसपोर्टर द्वारा केला लादकर कानपुर भेजा जा रहा था। प्रकरण के समस्त बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# टीईटी के बाद बस अड्डे पर अव्यवस्था, हजारों परीक्षार्थी घंटों फंसे

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज़।

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) समाप्त होने के बाद हजारों परीक्षार्थियों को गुरुवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिविल लाइन बस अड्डे पर बसों की कमी और अत्यधिक भीड़ के कारण छात्र-छात्राओं को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बसों के देर से पहुंचने के कारण परीक्षार्थियों को तेज धूप में लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ा। जैसे ही कोई बस अड्डे पर पहुंची, उसमें चढ़ने के लिए छात्रों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि वे एक घंटे से अधिक समय से बस का इंतजार कर रहे थे। इस संबंध में परिवहन विभाग ने स्पष्टीकरण दिया कि शहर में लगे भीषण ट्रैफिक जाम के कारण उनकी आठ बसें रास्ते में फंस गई, जिससे बसों का संचालन प्रभावित हुआ। विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बसें डिपो पहुंचते ही सभी परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की जाएगी। टीईटी जैसे बड़े आयोजन के दौरान परिवहन व्यवस्था की तैयारियों पर अब सवाल उठ रहे हैं। परीक्षार्थियों का कहना है कि इतनी बड़ी परीक्षा के बाद अतिरिक्त बसों की व्यवस्था पहले से की जानी चाहिए थी, ताकि उन्हें इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# महोबा अधिवक्ता पर प्राण घातक हमले से आक्रोशित कुलपहाड़ बार संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

- अधिवक्ता के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन हमलावरों के खिलाफ किया है सुसंगित धाराओं में मुकदमा दर्ज

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद में गत दिवस अधिवक्ता पर प्राण घातक हमला का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है! बीते दिनों महोबा में एक अधिवक्ता के ऊपर जानलेवा हमला करने व उनको मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भागने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा तुरन्त कोई कार्यवाही न किए जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। जबकि कोतवाली पुलिस ने पीडित के भाई की तहरीर पर आधा दर्जन हमलावरो के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तारी में जुटी हुई है! इस घटना को लेकर जनपद में विरोध प्रदर्शन के बाद अब कुलपहाड़ बार संघ के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी के नाम तहसीलदार प्रमित सचान को सौंपकर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही कर शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग के साथ शहर कोतवाली प्रभारी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। जिला बार संघ के समर्थन में कुलपहाड़ बार संघ के समस्त अधिवक्ताओं ने गुरुवार को सभी न्यायिक कार्यों से विरत रहे हैं।

अधिवक्ताओं ने अपने ज्ञापन में



कहा है कि दिनांक 30 जून 2026 को जिला अधिवक्ता समिति महोबा के सदस्य सतीश अवस्थी एडवोकेट के ऊपर न्यायालय महोबा से घर जाते समय अपराधियों द्वारा जान से मारने की नियत से हमला किया गया तथा उनको मरणासन्न अवस्था में रास्ते में डालकर अपराधी फरार हो गए। पुलिस को तुरन्त सूचना देने के बावजूद महोबा कोतवाली प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, तथा अपराधियों को घटना स्थल से भागने एवं अन्य तरीके से उनकी मदद करने का प्रयास किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि अपराधियों के इस हमले से अधिवक्ता मरणासन्न की स्थिति में है और अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिससे अन्य परिवारीजन को जान-माल का खतरा है। कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा कई बार कहने के बावजूद पुलिस द्वारा विलम्ब से मामला दर्ज किया गया। लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस घटना से जनपद के समस्त अधिवक्ता अत्यंत व्यथित एवं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कहा कि अधिवक्ता अपराधियों के विरुद्ध अदालतों में मुकदमा करने से बच रहे हैं तथा पीड़ित को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस घटना को लेकर अधिवक्ता समाज में अत्यन्त आक्रोश व्याप्त है। सभी अधिवक्ताओं ने इस घटना की घोर निन्दा की है। ज्ञापन में तहसील कुलपहाड़ बार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव एडवोकेट के नेतृत्व में महामंत्री बृजेंद्र द्विवेदी, केदारनाथ सक्सेना, राकेश कुमार रावत, शाकिर खान, धर्मेन्द्र यादव, प्रमोद कुमार मिश्रा, श्याम किशोर सोनी, खेमचंद्र कुशवाहा, सुजान सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह बेबीराजा, राजाराम यादव, राकेश कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने गुरुवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए, दोषी अपराधी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है तथा दोषी कोतवाली प्रभारी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही के साथ ही अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है।

# 125 दिवसीय रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ, आजीविका सशक्त बनाने का उद्देश्य

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड संडवा चंडिका की ग्राम पंचायत पूरे परमेश्वर में गुरुवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत 125 दिवसीय रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ किया गया। यह योजना प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में शुरू की गई है।

योजना का उद्घाटन मजदूरों से कार्य प्रारंभ कराकर विधिवत रूप से किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और ग्रामीण आजीविका को मजबूती प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी इशरत रोमेल ने की, जबकि संचालन ग्राम विकास अधिकारी संजय पांडे ने किया। इस योजना के माध्यम से पात्र श्रमिकों को 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर तकनीकी सहायक बृजेश तिवारी, प्रशासक प्रतिनिधि दीपक सरोज, भोला सिंह, ग्राम रोजगार सेवक प्रीति सहित सफाई कर्मचारी नन्हेंलाल, मनीष कुमार, रीता देवी, कल्पना, राधिका, राजकुमारी एवं सुमित कोरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग का संकल्प लिया। उन्होंने इसे ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया, और अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि यह योजना क्षेत्र के श्रमिक परिवारों के लिए आर्थिक संबल सिद्ध होगी।

# युवती को किडनैप करने वाला गिरफ्तार, पीड़िता सकुशल बरामद

**प्रतापगढ़।** कंधई पुलिस ने अपहरण के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने के साथ ही अपहृत युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार और क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कंधई आदित्य सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना कंधई में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 02/2026,



धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त बृजेश कुमार वर्मा (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। बृजेश कुमार वर्मा सराय जमुआरी, थाना कंधई का निवासी है और उसे भैरोगंज पुलिया के पास से पकड़ा गया। इसी दौरान अपहृत पीड़िता को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार राय, कांस्टेबल लोकेश कुमार और महिला आरक्षी सिम्मी मौर्या शामिल थीं।

# सीडीओ ने लंबित विकास कार्यों पर नाराजगी जताई

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज़।

- सांसद-विधायक निधि की निविदाएं जल्द पूरी करने के निर्देश

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डॉ. राममोहन मीना ने सांसद, विधायक निधि सहित विभिन्न विकास योजनाओं के लंबित कार्यों की समीक्षा की। गुरुवार शाम 5बजे करीब विकास भवन सभागार में हुई बैठक में उन्होंने कार्यों में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सीडीओ ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने बताया कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए 2,926.75 लाख रुपये की लागत से 156 कार्य स्वीकृत किए गए थे। इनमें से केवल 8 कार्य ही प्रगति पर हैं, जबकि अधिकांश अभी भी निविदा प्रक्रिया में हैं। उन्होंने सभी निविदाएं तत्काल पूरी कर नवंबर 2026 तक सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। भयहरणनाथ धाम में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर के लिए भूमि सीमांकन न होने पर भी सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित उपजिलाधिकारी को दो दिन के भीतर सीमांकन कार्य पूरा करने का आदेश दिया। पूर्वांचल विकास निधि के तहत भी बड़ी संख्या में कार्य लंबित पाए गए। सांसद निधि के 9 अधूरे कार्यों में भूमि विवाद की जानकारी मिलने पर सीडीओ ने राजस्व विभाग के सहयोग से 15 दिनों के भीतर विवादों का निस्तारण कर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। विधायक निधि के लंबित कार्यों पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता पर नाराजगी व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त, बैठक से अनुपस्थित ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, यूपी सिडको और यूपीएसआईसी प्रयागराज के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए। सीडीओ ने जिले में स्थापित हाईमास्ट लाइटों की नियमित निगरानी और खराब लाइटों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

# जल शक्ति मंत्री ने तेवराइपुरवा में बाढ़ सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

**संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव की सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के दिए निर्देश**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

मानसून के दृष्टिगत संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को रामनगर तहसील अंतर्गत सूरतगंज विकासखंड के तेवराइपुरवा गांव पहुंचकर बाढ़ संभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील प्रशासन, सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जल शक्ति मंत्री ने नदी तटबंधों, कटान संभावित स्थलों तथा जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए। नावों, राहत सामग्री, आवश्यक दवाइयों, पशुओं के चारे तथा सुरक्षित आश्रय स्थलों की समुचित व्यवस्था पहले से उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तटबंधों की सतत निगरानी की जाए तथा जहां कहीं भी कटान अथवा रिसाव की आशंका हो, वहां तत्काल आवश्यक मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएं। उन्होंने बाढ़ चौकियों को पूर्णतः सक्रिय रखने तथा सिंचाई, राजस्व, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। जल शक्ति मंत्री ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर निवर्तमान विधायक रामनगर शरद कुमार अवस्थी सहित तहसील प्रशासन, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल के पहले दिन जलभराव से जूझे बच्चे, आवागमन बाधित

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड धरौली में जलभराव की समस्या से स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने वाले बच्चों को पानी से लबालब रास्ते से होकर गुजरना पड़ा। इससे अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवासी कमल, कपिल और मनीष ने बताया कि करीब 100 मीटर के दायरे में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, कल्याण मंडपम और पानी की टंकी स्थित हैं। नगर पंचायत के कई वाहन भी इसी परिसर में खड़े किए जाते हैं। यही मार्ग वार्ड के लगभग 50 परिवारों के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

## तीन ग्र.पं. में लगे आयुष्मान शिविर 25 पात्र लाभार्थियों के बने कार्ड

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट के तत्वावधान में गुरुवार को हाजीपुर, कोटवा सड़क और सकौली ग्राम पंचायतों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में करीब 25 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जबकि कई लोगों को तकनीकी कारणों से कार्ड बनवाने के लिए दोबारा आने की सलाह दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंचे। कार्ड बनाने के दौरान आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट अथवा मोबाइल नंबर अपडेट न होने और नेटवर्क संबंधी दिक्कतों के कारण कई पात्र लाभार्थियों की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। स्वास्थ्य कर्मियों ने ऐसे लोगों को पहले आवश्यक संशोधन कराने और फिर शिविर में आकर कार्ड बनवाने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली प्रति परिवार ?5 लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा की जानकारी दी। साथ ही पात्र परिवारों से जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवाकर योजना का लाभ लेने की अपील की।

शिविर के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधान, कोटेदार तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने पात्र लाभार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन और योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने में सहयोग किया।

# दो पक्षों में जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की मौत, पीएम हाउस से घर पहुंचा शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

- आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन
- चार लोग गिरफ्तार, घायलों का इलाज अभी भी जारी

कोतवाली क्षेत्र के बरावा गांव के अंतर्गत आने वाले पूरे मेहरबान में दो पक्षों में बुधवार को हुए जमीनी विवाद में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई थी वहीं सात अन्य घायलों का इलाज अभी भी जारी है।

गुरुवार शाम 4 बजे जैसे ही पोस्ट मार्टम के बाद मृतक भगवानदीन का शव उनके गांव पहुंचा। परिजन एक बार फिर आक्रोशित हो गए और शव को दरवाजे पर रखकर जोरदार प्रदर्शन करने लगे। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और लोगों ने पुलिस क्षेत्रधिकारी पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैऔर उन्हें हटाने की मांग की। मौके पर तहसीलदार, नायब, कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय लोनिकटरा प्रभारी अभिमन्यु मल्ल सहित कई थानों की पुलिस मौजूद रही। परिजनों द्वारा पूर्व प्रधान पिंटू सिंह की गिरफ्तारी एवं सीओ को न हटाये जाने तक अंतिम संस्कार न करने के फैसले के बाद प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी प्रधान प्रतिनिधि बृजेश सिंह व पूर्व प्रधान रामकुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद को शमशान तक पहुंचाया गया प्रशासन की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया मौके पर पूर्व विधायक राम मगन रावत युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी जिला पंचायत सदस्य धीरज यादव महादेव पाठक अधिवक्ता बृजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू के साथ-साथ हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी रही । अंतिम संस्कार हो जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सास ली।

उक्त मामले को लेकर पुलिस द्वारा अब तक 13 लोगों के विरुद्ध हत्या से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है एवं चार लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है उक्त मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि अन्य वांछितत लोगों की तलाश जारी है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# लेखपाल की मिलीभगत से नहीं मिल रहा अधिवक्ता को न्याय

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

हल्का लेखपाल की मिली भगत से नहीं मिल रहा है अधिवक्ता को न्याय जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शुकुलपुर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अधिवक्ता ऋषभ ओझा निवासी ग्राम पुरे कल्याण मजरे शुकुलपुर के द्वारा द्वारा कई बार तहसीलदार हैदरगढ़ को व थाना दिवस सुबेहा में ग्राम समाज व नवीन परति के साथ चक्रमार्ग पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र कई बार से लगातार दिया जा रहा है अधिवक्ता ऋषभ ओझा की मांग है कि नवीन परति की गाटा संख्या 349 में मेराज अहमद पुत्र वाजिद अली और वहीं पर स्थित चक्रमार्ग पर व गाटा संख्या 163 पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा किए हुए हैं आखिरकार क्या हैदरगढ़ के राजस्व टीम के द्वारा व उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ के निर्देशन पर भू माफियाओं से मोटी रकम वसूल करके निर्माण करवाया जा रहा है अभी हाल में ही हैदरगढ़ में अधिवक्ताओं का जन सैलाब उप जिला अधिकारी हैदरगढ़ पर अवैध अतिक्रमण के गंभीर आरोप लगाए जा रहे थे अधिवक्ता के द्वारा कई बार लिखित प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई इससे साफ जाहिर हो रहा है अधिवक्ताओं का कहना कहीं ना कहीं इस प्रार्थना पत्र से लग रहा है कि सत्य है इस संबंध में हल्का लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने कहा है कि टाइम निकाल करके नाप कर दिया जाएगा।

# यूपी टीईटी डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, नकलविहीन परीक्षा के दिए निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित UPTET-2026 परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को प्रथम दिन की प्रथम पाली में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से शहर के आरएमपी इंटर कॉलेज तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा की लाइव मॉनिटरिंग भी देखी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सतर्क निगरानी बनाए रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही प्रत्येक



अभ्यर्थी की निर्धारित मानकों के अनुसार सघन जांच कराकर परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। जनपद में परीक्षा 2 एवं 3 जुलाई को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। वहीं 4 जुलाई को परीक्षा केवल प्रथम पाली में सुबह 9:30 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की है।

## खबरें एक नजर में

### मजार के पीछे अर्धनग्न अवस्था में मिला महिला का शव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहीद मर्द बाबा की मजार के पीछे एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न अवस्था में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर औपचारिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई के साथ मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### 50 हजार रिश्वत ऑडियो पर जांच में पुष्टि, फिर भी सिर्फ तबादला!

> क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी
> खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि, मेरे द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है, जिसे आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारी जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित तकनीकी सहायक के खिलाफ कोई ठोस विभागीय कार्रवाई करते हैं या मामला केवल तबादले तक ही सीमित रह जाता है।

**सीतापुर।** विकास खंड बिसवां में तैनात रहे तकनीकी सहायक राजकिशोर वर्मा पर एमबी (मेजरमेंट बुक) करने के नाम पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोपों ने एक बार फिर प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जांच समिति ने आरोपों की पुष्टि कर दी, तो अब तक केवल स्थानांतरण ही क्यों किया गया और विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं हुई? बताया जाता है कि राजू नामक व्यक्ति से 50 हजार रुपये की मांग का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आया। इसके बाद खंड विकास अधिकारी बिसवां ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर मामले की जांच कराई। सूत्रों के अनुसार जांच समिति ने वायरल ऑडियो सहित उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर आरोपों को सही पाया और अपनी रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को सौंप दी। इसके बावजूद तकनीकी सहायक के खिलाफ न तो निलंबन की कार्रवाई हुई। इसी बीच मुख्य विकास अधिकारी के पत्रांक संख्या 364 दिनांक 20 जून 2026 के तहत राजकिशोर वर्मा का विकास खंड बिसवां से विकास खंड ऐलिया स्थानांतरण कर दिया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में केवल तबादला ही पर्याप्त कार्रवाई है? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए गए हैं तो दोषी कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार सख्त विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। केवल स्थानांतरण से भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता, बल्कि इससे गलत संदेश जाता है।

### आयुष्मान कार्ड प्राप्त करना अब हुआ और आसान



**लखनऊ/बाराबंकी।** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

## दम घुटने से हुई काजल की मौत की पुष्टि



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के रणवीर नगर में 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद नया मोड़ आ गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रिपोर्ट में युवती की मौत दम घुटने के कारण होना बताया गया है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच को और तेज कर दिया है। मृतका की पहचान काजल पुत्री अमरनाथ के रूप में हुई है। उसका शव बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। मृतका की बहन ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि वह पिछले कुछ समय से काजल को फोन पर धमकियां दे रहा था। परिजनों के अनुसार, संबंधित युवक पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है। परिवार का आरोप है कि युवती को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं और इसी विवाद या रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया हो सकता है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी आरोपी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की बात सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच हत्या के एंगल से भी शुरू कर दी है। परिजनों के बयान, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। युवती की मौत की खबर से इलाके में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग घटना के जल्द खुलासे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह साफ हो सकेगी।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक परिसर में लाखों रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण ब्लाक प्रमुख ने किया।गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने ब्लाक परिसर में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय, ब्लॉक सभागार के सौंदर्यीकरण और नवनिर्मित प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य ब्लॉक परिसर को जनता के लिए अधिक सुविधाजनक और सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय से ग्रामीणों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को विशेष राहत मिलेगी।ब्लॉक प्रमुख ने आगे कहा कि बेहतर माहौल से लाभार्थियों को



अच्छा अनुभव मिलेगा। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी कार्य करना आसान होगा और फाइलों का निस्तारण तेजी से हो सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र पंचायत निधि से गांवों में इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण और जल निकासी जैसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।प्रेरणा कैंटीन के माध्यम से ब्लॉक आने वाले लोगों को उचित दर पर नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत वर्मा और मुस्काबाद ग्राम प्रधान चंद्रभान रावत,ओंन मियां,असीम श्रीवास्तव, शैलेन्द्र विक्रम शुक्ला,सहित कई ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नवनिर्मित कार्यों का निरीक्षण भी किया। उपस्थित ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने विकास कार्यों की सराहना की।

## परिवार पर लाठी-डंडों से किया हमला



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र बाजार शुकुल अंतर्गत जमवारी चौकी, सत्थिन क्षेत्र का गुरुवार सुबह का लाठी डंडों से मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। वायरल वीडियो में कुछ दबंग एक परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला करते और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने परिवार के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। हालांकि, घटना के कारणों और घायल लोगों की संख्या को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ, वितरित किए पौध

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

एक से सात जुलाई तक आयोजित किए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर में पौधरोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा आम के पौधे का रोपण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान ÷आम बहार आपके द्वार÷ अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं उपस्थित नागरिकों को पौध भंडारा योजना के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान



किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश भर में ÷एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पौध वितरण भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरीगंज, खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम प्रधान, विद्यालय परिवार तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में अमेठी पुलिस प्रथम स्थान पर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह नोडल अधिकारी आईजीआरएस के पर्यवेक्षण में व प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक चन्द्रशेखर के कुशल नेतृत्व में थानों पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण व शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये संतुष्टि फीडबैक के आधार पर शासन द्वारा मासिक रैंकिंग जारी की जाती है। एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली में उ.प्र. शासन द्वारा माह जून हेतु जारी की गयी रैंकिंग में जनपद अमेठी के समस्त थानों एवं जनपद पुलिस को 100त्न अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । उक्त सराहनीय कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व जनपद के थानों पर आईजीआरएस में नियुक्त पुलिसकर्मियों की प्रसंशा की गयी तथा भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# स्टंटबाजी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार, एक फरार

**बछरावां , रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों कस्बे में स्थित रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रैक्टर के ऊपर सवार होकर स्टंटबाजी करने वाले तीन युवकों को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। वहीं उक्त मामले में फरार एक युवक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि बीते बुधवार की सुबह इंटरनेट मीडिया पर कस्बे में स्थित रेलवे स्टेशन परिसर में कुछ लोगों के द्वारा एक ट्रैक्टर पर सवार होकर स्टंटबाजी करने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद जीआरपी पुलिस हरकत में आई और तत्काल जीआरपी के द्वारा इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो की आईडी की शिनाख्त की गई। इसके पश्चात जीआरपी पुलिस के द्वारा उक्त स्टंट बाजी में शामिल तीन युवक सुजीत कुमार पुत्र गुरूदीन, अभिषेक कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासीगण बन्नावा एवं संदीप कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी हरदोई को उक्त स्टंट बाजी में प्रयुक्त ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत जीआरपी थाना प्रभारी रायबरेली सचिन कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर कार्यवाही करते हुए तीन युवकों को मय ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार किया गया है। वही एक युवक की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई है, जल्दी उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों का किया भ्रमण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- जनपद के 19 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हो रही है परीक्षा

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की जा रही उप्र शिक्षक पात्रता की परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर एवं रेयान इंटरनेशनल स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, यातायात व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केन्द्रों पर 02 व 03 जुलाई को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में तथा 04 जुलाई 2026 को एक पाली में सम्पन्न होगी। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उप्र शिक्षक पात्रता की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 8544 अभ्यर्थियों में से 7166 अभ्यर्थी उपस्थित व 1378 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 8544 अभ्यर्थियों में से 7226 अभ्यर्थी उपस्थित व 1318 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 17088 अभ्यर्थियों में से 14392 अभ्यर्थी उपस्थित व 2696 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कार व स्कूटी में टक्कर एक की मौत, दो घायल

**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

कार व स्कूटी के मध्य टक्कर में स्कूटी सवार की मौत हो गई जबकि कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अम्बारा पश्चिम गांव निवासी अभिषेक वाजपेई 25 वर्ष पुत्र हरिवंश बाजपेई लालगंज से अपने घर जा रहा था।जबकि पूरे जबर गांव निवासी सचिन 20 वर्ष पुत्र राम सुमेर भी इस स्कूटी से लालगंज से ही अपने घर की तरफ जा रहा था। लालगंज फतेहपुर मुख्य मार्ग पर बाईपास के निकट कार व स्कूटी की टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अभिषेक को गंभीर दशा में पीआरवी पुलिस ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जबकि सचिन लगभग आधे घंटे तक मौके पर ही पड़ा रहा। उसे सूचना मिलने पर परिजन बाइक से लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने सचिन उर्फ दिव्यांश को मृत घोषित कर दिया ।जबकि अभिषेक को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। स्कूटी पर उदवा मऊ गांव निवासी अंकित भी सवार था उसे भी गंभीर चोटे आई हैं। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है मृतक के परिजनों ने पुलिस के पहुंचने पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि समय रहते उसके भाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया होता तो शायद उसकी जान बच जाती।

# गड्ढे में घुसी स्कूली बस, बाल-बाल बचे बच्चे

**डलमऊ, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

मुराई बाग मुख्य चौराहे के पास जल निकासी के लिए बनाई गई रोड क्रॉस पुलिया में हुए बड़े गड्ढे के कारण गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक निजी स्कूल की बस उसमें फंस गई। बस के गड्ढे में धंसते ही उसमें सवार बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि बस पलटने से बाल-बाल बच गई, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। करीब एक वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से मुराई बाग मुख्य चौराहे के पास जल निकासी के लिए रोड क्रॉस नाले (पुलिया) का निर्माण कराया गया था। लगभग दो-तीन महीने पूर्व पुलिया में एक छोटा सा छेद हो गया था, जो समय बीतने के साथ एक



बड़े गड्ढे के रूप में तब्दील हो गया है। अब स्थिति यह है कि आए दिन कोई न कोई राहगीर इस गड्ढे की चपेट में आकर चोटिल हो रहा है मोटरसाइकिल, चारपहिया वाहन और स्कूली वाहन अक्सर इसमें फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। गुरुवार को हुई घटना में बस के गड्ढे में फंसने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कडी मशक्कत के बाद बस को गड्ढे से बाहर निकाला जा सका। अच्छी बात यार है कि कोई भी भी बच्चा चोटिल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब दो महीने से पुलिया क्षतिग्रस्त है और इसकी मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश सरकार के मंत्रियों का आवागमन हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसा लगता है कि संबंधित विभाग के अधिकारी कुंभकरण की नींद में सोए हुए है और किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में भाकियू में रोष

▸ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन (किसान) के पदाधिकारियों ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते (ट्रेड डील) का विरोध करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि यह समझौता वर्तमान स्वरूप में लागू किया गया तो भारतीय कृषि, किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

ज्ञापन में किसानों ने आशंका जताई कि अमेरिका की भारी सब्सिडी प्राप्त कृषि उपज यदि कम आयात शुल्क पर भारतीय बाजार में पहुंची तो घरेलू किसानों की प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी और उनकी आय प्रभावित होगी। साथ ही डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र पर भी संकट गहराने की बात कही गई। किसानों का कहना है कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आयात से छोटे और मध्यम पशुपालकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। भारतीय किसान यूनियन ने जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फसलों और उनसे बने उत्पादों के आयात पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे देश की जैव विविधता, बीज प्रणाली और खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ज्ञापन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बढ़ते प्रभाव को भी किसानों के हितों के लिए चुनौती बताया गया। किसान नेताओं ने मांग की कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के सभी कृषि, डेयरी एवं खाद्य संबंधी प्रावधानों को सार्वजनिक किया जाए। खाद्य संप्रभुता और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करते हुए किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यापार समझौते से पहले किसान संगठनों और कृषि विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श किया जाए। इस दौरान ज्ञापन पर संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने हस्ताक्षर कर केंद्र सरकार से किसान हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

# सशक्त बूथ व समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत: अर्चना पांडेय

▸ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का किया आह्वान




छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा छिबरामऊ में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाजपा नेत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि सशक्त बूथ, सुदृढ़ संगठन और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता का आधार होता है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की। अपने संबोधन में अर्चना पांडेय ने कहा कि बूथ की मजबूती ही लोकतंत्र की मजबूती है।

संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का मार्ग मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ताओं से होकर गुजरता है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री शैलेन्द्र द्विवेदी व इतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा व गौरव द्विवेदी, जिला मंत्री संजीव गुप्ता, राजीव ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, मंडल अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, दिलीप गुप्ता, आदित्य राजपूत, अरुण कुमार सिंह, धर्मेंद्र कौशल सहित बड़ी संख्या में सेक्टर अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## डायट के प्रशासनिक अधिकारी को दी विदाई

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में प्रशासनिक अधिकारी कमलेंद्र पाल के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने शिक्षा विभाग में 36 वर्ष की उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अनुज दुबे ने किया।

कमलेंद्र पाल ने अपने सेवा जीवन की शुरुआत मैनपुरी में कनिष्ठ सहायक के रूप में की थी और बाद में मैनपुरी व कन्नौज के डीआईओएस कार्यालय में वरिष्ठ एवं प्रधान सहायक के पदों पर कार्य किया। गत वर्ष उन्होंने डायट छिबरामऊ में प्रशासनिक अधिकारी का कार्यभार संभाला था। डायट प्राचार्य डॉ.अमित कुमार ने उनकी ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# 20 हजार रुपये के लिए की दोस्त की हत्या, दो गिरफ्तार

▸ दिल्ली से लौटे युवक को शराब पिलाकर छीने रुपये

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली पुलिस ने 21 जून को लीलापुरवा-मोचीपुर मार्ग पर युवक सचिन की हत्या के मामले का सफल खुलासा करते हुए उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने 20-25 हजार रुपये हड़पने और पहचान खुलने के डर से ईंट से हमला कर सचिन की हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर कुलवीर सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच कर पहलवानगंज निवासी सोनू कठेरिया (35) और तिखवा निवासी शमीम (36) को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 20 जून को दिल्ली से गांव लौटे सचिन ने दोनों आरोपियों के साथ अलग-अलग स्थानों पर शराब पी थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसके पास 20 से 25 हजार रुपये देखे और नशे की हालत का फायदा उठाकर रुपये निकाल लिए। बाद में उन्हें आशंका हुई कि होश आने पर सचिन रुपये मांगने के साथ उनकी पहचान उजागर कर देगा। इसी डर से दोनों ने लीलापुरवा जाने वाले खंडजे पर ईंट से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद मृतक का मोबाइल फोन भी रास्ते में फेंक दिया गया था। पूरे मामले का खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह सहित उपनिरीक्षक करनवीर सिंह और कोतवाली पुलिस के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप



छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर मारपीट व प्रताडऩा के आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है। नगर के मोहल्ला बिरतिया निवासी राशिद पुत्र मोहम्मद हफीज ने बताया कि उसने अपनी बहन रुबी का विवाह आरिफ पुत्र सलीम निवासी ग्रेसीगंज के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति आरिफ, ससुर सलीम, सास मुन्नी बेगम तथा अन्य परिजन आए दिन रुबी के साथ मारपीट व गाली-गलौज करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। पीड़ित पक्ष के अनुसार 15 जून को रुबी ने फोन कर अपने भाई को ससुराल में मारपीट की सूचना दी थी। इसके बाद परिजन उसे समझाने ससुराल पहुंचे, लेकिन ससुराल पक्ष ने कोई सुधार नहीं किया और उन्हें भगा दिया। बताया गया कि 21 जून को आरिफ ने फोन कर सूचना दी, कि रुबी गिर गई है और उसे चोट आई है। इसके बाद उसे सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब मायके पक्ष अस्पताल पहुंचा तो रुबी मृत अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि मृतका के गले पर फंदे के निशान थे और ससुराल पक्ष मामले को आत्महत्या बताने का प्रयास कर रहा था। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को ले जाना चाहते थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 24 घंटे बाद मिला नदी में कूदी विवाहिता का शव

## स्वजनों में मची चीख पुकार, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



काली नदी में छलांग लगाने वाली विवाहिता का शव घटना के करीब 24 घंटे बाद गुरुवार को बरामद हो गया। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। शव मिलते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के नौरंगपुर चौकी अंतर्गत माया नगर निवासी लाली उर्फ शिखा (20) पुत्री कैलाश अपने मायके आई हुई थी। परिजनों के अनुसार बुधवार शाम वह किसी काम से अपने भाई के साथ गुगरापुर गई थी। वापस लौटते समय उसने अचानक काली नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बुधवार देर शाम तक स्थानीय गोताखोरों ने विवाहिता की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से दोबारा खोज अभियान चलाया। करीब 24 घंटे बाद विवाहिता का शव नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि मृतका का विवाह तिर्वा क्षेत्र के पाहल गांव में हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खड़ंजा निर्माण कार्य दबंगों ने जेसीबी से किया ध्वस्त

छिबरामऊ, कन्नौज। विकासखंड क्षेत्र के प्रेमपुर चौकी अंतर्गत ग्राम भूलभूलियापुर (मौजा भरौली सिरखनेपुर) में जिला पंचायत की ओर से कराए जा रहे खड़ंजा निर्माण कार्य को कुछ दबंगों ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों के विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और एक व्यक्ति पर जेसीबी तथा दूसरे पर कार चढ़ाकर कुचलने का प्रयास किया। पुलिस की सूचना मिलते ही आरोपी जेसीबी लेकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंगों ने निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया है, जिससे गांव में तनाव का माहौल है। अमित कुमार सहित अनुज, धर्मपाल, राजेश, पंकज, महेश, जीतू, अनिल कुमार, रेवती देवी, सुधा, नीलम देवी, विनीता देवी और आशा देवी ने कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदार आकाश मिश्रा ने बताया कि सड़क निर्माण जिला पंचायत द्वारा कराया जा रहा था और मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 11 हजार की लाइन टूटकर गिरी, सफाईकर्मी की मौत



▸ महिला और मासूम बेटी झुलसीं
▸ कई घरों के फुंके बिजली उपकरण

सौरिख/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के कटघरा गांव में गुरुवार सुबह 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर गांव की एलटी लाइन पर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हाई वोल्टेज करंट दौड़ने से एक सफाई कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि एक महिला और उसकी मासूम बेटी झुलस गईं। कई घरों में लगे विद्युत उपकरण भी फुंक गए। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार टूटकर गांव की लाइन पर गिर गया। इसी दौरान गांव निवासी ब्रजेश उर्फ आधार (40) पुत्र छोटेलाल, जो जलालाबाद गांव में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थे, ड्यूटी पर जाने से पहले घर में समरसेबल चालू करने गए। समरसेबल में करंट उतरने से वह उसकी चपेट में आ गए। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में गांव आई अलका पत्नी संजय और उनकी पुत्री सृष्टि भी करंट लगने से झुलस गईं। दोनों का उपचार कराया गया। हाई वोल्टेज के कारण गांव के कई घरों में टीवी, कूलर, पंखे, बल्ब समेत अन्य विद्युत उपकरण भी खराब हो गए।

घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे की वजह बताते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता और क्षतिग्रस्त विद्युत उपकरणों का मुआवजा देने की मांग की गई।

# प्रथम चरण में सर्वाधिक नामांकन पर रेनू कमल सम्मानित




जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

▸ स्कूल चलो अभियान प्रथम चरण के तहत सर्वाधिक नामांकन पर जिले के पांच प्रधानाध्यापक सम्मानित

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित स्कूल चलो अभियान के तहत नवीन शैक्षिक सत्र 2026- 27 के प्रथम चरण में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले पांच विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय चरण का शुभारंभ हुआ। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय, जसपुरापुर सरैया प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सामान्य ज्ञान के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बीएसए संदीप कुमार ने कहा कि स्कूल चलो अभियान को जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाया जाएगा और जनपद के प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि स्कूल चलो अभियान प्रथम चरण के तहत विद्यालय में 73 बच्चों का नामांकन किया गया। वर्तमान में 335 छात्र- छात्राएं पंजीकृत है। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, बीईओ जलालाबाद शिवेंद्र कुमार, बीईओ मधुलिका बाजपेयी सहित आदि लोग रहे।

### इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को मिला सम्मान

जलालाबाद। स्कूल चलो अभियान प्रथम चरण के तहत सर्वाधिक नामांकन में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल, प्राथमिक विद्यालय कुअरपुर बनवारी की प्रधानाध्यापिका सुमन लता यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय सड़ियापुर बांगर के शिक्षक मोहम्मद फुरकान, प्राथमिक विद्यालय पैदाबाद के सहायक अध्यापक आकाश कुमार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पनवारा की प्रधानाध्यापिका लता कुमारी को उत्कृष्ट नामांकन कार्य के लिए शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

# माता-पिता के संस्कार ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी: असीम अरुण

तिर्वा/कन्नौज समृद्धि न्यूज।



▸ अरुण-शशि आत्म मिलन दिवस पर हवन-पूजन कर दी श्रद्धांजलि

खैरनगर स्थित नॉर्थ स्टार विद्यालय परिसर में गुरुवार को अरुण-शशि आत्म मिलन दिवस के अवसर पर भावपूर्ण पारिवारिक स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अपने माता-पिता, पूर्व डीजीपी स्वर्गीय श्रीराम अरुण और स्वर्गीय शशि अरुण की पुण्य स्मृति में हवन-पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि दो जुलाई उनके परिवार के लिए बेहद भावनात्मक दिन है। इसी दिन उनके पिता का जन्मदिवस होता है और संयोगवश इसी तिथि को उनकी माता का निधन हुआ था। उन्होंने कहा कि माता-पिता केवल परिवार की नींव नहीं होते, बल्कि उनके दिए संस्कार और आदर्श जीवनभर मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने ईमानदारी, सेवा, शिक्षा और संस्कारों को हमेशा सर्वोच्च स्थान दिया। उन्हीं मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने नॉर्थ स्टार विद्यालय को अपने माता-पिता के सपनों का साकार रूप बताते हुए कहा कि यहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार देने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय उनके माता-पिता के सेवा, समर्पण और शिक्षा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम बना हुआ है।

समारोह में परिवार के सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन और अन्य उपस्थित लोगों ने भी स्वर्गीय श्रीराम अरुण एवं शशि अरुण के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## धार्मिक टिप्पणी के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

कन्नौज। सोशल मीडिया पर इस्लाम धर्म और उसके पूजनीय व्यक्तित्वों के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में मुस्लिम समाज के लोगों ने राष्ट्रपति संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोप सही पाए जाने पर संबंधित महिला के विरुद्ध भारतीय कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता की रहने वाली तथा स्वयं को अधिवक्ता बताने वाली नाजिया इलाई खान सोशल मीडिया और अन्य सार्वजनिक मंचों पर इस्लाम धर्म और उसकी धार्मिक मान्यताओं के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करती रही हैं। हाल ही में उनके द्वारा पैगंबर इस्लाम और उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा सिद्दीका रजि. के संबंध में कथित अमर्यादित टिप्पणी किए जाने से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

# जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों को मिले मनोनयन पत्र



गुरसहायगंज/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

शुभारंभ गेस्ट हाउस, सलेमपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पं. प्रखर द्विवेदी ने किया। पूर्व विधायकों ने बांटे मनोनयन पत्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, कन्नौज सदर के पूर्व विधायक अनिल दोहरे, विधानसभा अध्यक्ष उमेश चंद्रपाल, एडवोकेट सत्येंद्र द्विवेदी एवं युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष ने संगठन के कार्यकर्ताओं को मनोनयन पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, ÷संगठन ही हमारी ताकत है। सभी पदाधिकारी बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करें और पीडीए की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। नेता जी मुलायम सिंह यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सपनों का समाजवादी प्रदेश बनाना हम सबका लक्ष्य है। जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा की जिला इकाई में अनमोल दुबे को विधानसभा अध्यक्ष, शिवम चतुर्वेदी को जिला सचिव तथा देवकांत द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष पं. प्रखर द्विवेदी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में दीपक द्विवेदी, विमल दुबे, लालू ठेकेदार, सत्येंद्र यादव, सत्य प्रकाश बाथम, शादाब अली, रुद्रांश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में केक काटकर दोनों नेताओं का जन्मदिन मनाया गया और उनके दीर्घायु की कामना की गई।

## आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे के नारों से गूंजा नगर क्षेत्र




कन्नौज। प्रदेश सरकार के स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के तहत गुरुवार को नगर क्षेत्र के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरायमीरा से जागरूकता रैली निकाली गई। नगर शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां और शिक्षा संबंधी संदेश लिखे पोस्टर लेकर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया। इस दौरान आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, बेटा-बेटी एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार और हर बच्चा स्कूल जाए, तभी देश आगे बढ़ पाए जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा। बच्चों ने अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन निकटतम परिषदीय विद्यालय में कराने की अपील की। नगर शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। अभिभावक अपने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं, का शत-प्रतिशत नामांकन कराएं और उन्हें नियमित विद्यालय भेजें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

# विद्यालय प्रबंधक ने किया प्रोजेक्ट अलंकार का निरीक्षण

गुरसहायगंज/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गांधीनगर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का गुरुवार को विद्यालय प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के कक्षो में चल रहे प्लास्टर तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ उन्होंने गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार को कड़े दिशा-निर्देश दिए।

नियत समय में पूरा हो प्लास्टर का काम निरीक्षण के दौरान प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा, ÷प्रोजेक्ट अलंकार सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। निर्माण और प्लास्टर का कार्य नियत समय में पूरा होना चाहिए। काम में तेजी लाएं, लेकिन गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। घटिया सामग्री या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय भवन बच्चों के भविष्य से जुड़ा है, इसलिए हर काम मानक के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने निर्माण स्थल पर लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता भी परखी और मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के आदेश दिए। उप प्रबंधक बोले- हर दिन करूंगा निगरानी इस मौके पर विद्यालय के उप प्रबंधक राकेश चंद्र वर्मा ने कहा कि विद्यालय के खेत में निर्माण कार्य नियमानुसार हो रहा है। मैं स्वयं हर दिन कार्य की निगरानी करूंगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत हो रहा काम ठीक चल रहा है और इसे मानक के अनुरूप समय से पूरा कराया जाएगा। विद्यालय प्रशासन गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह सतर्क है। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया को प्रबंधक राकेश चंद्र वर्मा अवधेश कटियार शिक्षक बृजेश कुमार गंगवार, सुनील सिंह, शिव सिंह यादव, राकेश यादव, रमेश चंद कुशवाहा, अवनीश पटेल, मनोज कुमार सहित शाहिद व अन्य विद्यालय कर्मचारी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

# पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला पति ने किया हमला,खुद भी लगायी फांसी

सौरिख/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



▸ शराब के नशे में हुआ विवाद
▸ गंभीर घायल पत्नी कानपुर रेफर

सौरिख थाना क्षेत्र के रूर गांव में गुरुवार सुबह घरेलू विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। शराब के नशे में घर लौटे किसान ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद वह घर से भाग निकला और कुछ देर बाद गांव के बाहर नीम के पेड़ के पास उसका शव नाली में पड़ा मिला। पुलिस का कहना है कि उसने फंदा लगाकर आत्महत्या की, लेकिन डोरी टूटने से शव नीचे गिर गया। रूर गांव निवासी गोविंद दुबे (50) खेती कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिवार में पत्नी आरती (47), 19 वर्षीय बेटा मोहित और नौ वर्षीय बेटी राधा हैं। ग्रामीणों के मुताबिक गोविंद शराब पीने का आदी था और इसी बात को लेकर उसका पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था।

बताया गया कि गुरुवार सुबह गोविंद शराब पीकर घर लौटा तो पत्नी ने इसका विरोध किया। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। गुस्से में गोविंद ने आंगन में रखी कुल्हाड़ी उठाकर पत्नी के सिर पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल आरती किसी तरह घर से बाहर निकली और बेहोश होकर गिर पड़ी। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तिर्वा राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां से हालत नाजुक होने पर कानपुर भेज दिया गया। इधर, घटना के बाद गोविंद घर से फरार हो गया। करीब 300 मीटर दूर गांव के बाहर उसका शव नाली में पड़ा मिला। उसके गले में प्लास्टिक की डोरी बंधी थी और डोरी का दूसरा सिरा पास के नीम के पेड़ पर बंधा मिला। पुलिस का अनुमान है कि उसने फांसी लगाई, लेकिन डोरी टूटने से शव नीचे गिर गया। सूचना पर सौरिख थाना पुलिस, सीओ छिबरामऊ सुरेश कुमार और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आरोपी ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की है। घायल महिला का इलाज चल रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

## सूचना

मेरा पुत्र नौशाद मंसूरी व उसकी पत्नी रिजवाना हमसे अलग रहते है। हमने उन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उन दोनों के किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। लतीफ खान पुत्र स्व.दिलवार खान, निवासी-मोहल्ला इस्लामनगर मस्जिद वाली गली, सौरिख (कन्नौज)।

# सभी संचालक अपने प्रतिष्ठानों में मानक के अनुरूप उपकरण व अभिलेख दस दिन में करें पूर्णः जिलाधिकारी

**अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, भवन मानचित्र एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभी संस्थानों में सेमिनार आयोजित कर जागरूकता संदेश करें प्रसारित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जनपद में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, बारात घर, गेस्ट हाउस, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, शॉपिंग मॉल इत्यादि के संचालन में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा एवं भवन मानचित्र संबंधी मानकों को पूर्ण कराए जाने हेतु आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने जनपद में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, बारात घर, गेस्ट हाउस, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, शॉपिंग मॉल इत्यादि के संचालकों को दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सभी संचालक अपने प्रतिष्ठानों में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा एवं भवन मानचित्र संबंधी मानकों की पूर्ति हेतु शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन करें, जिससे भविष्य में जनपद में किसी भी प्रकार की आपातकालीन घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके, इसके लिए सभी संचालक 10 दिवस के भीतर अपने प्रतिष्ठानों/संस्थानों में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा एवं भवन मानचित्र संबंधी उपकरणों एवं अभिलेखों को मानक अनुरूप पूर्ण कर लें।


बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

डीएम ने फायर सेफ्टी अधिकारी, विद्युत सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि होटल, रेस्टोरेंट, बारात घर, गेस्ट हाउस, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, शॉपिंग मॉल इत्यादि के संचालकों को शासन द्वारा जारी मानकों की सूची उपलब्ध कराएं, इसके साथ ही संचालकों के साथ सेमिनार के माध्यम से जागरूकता संदेश भी साझा करें। नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरणी बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जनपद में अग्निकांड की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा जनपद में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, बारात घर, गेस्ट हाउस, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, शॉपिंग मॉल इत्यादि के संचालन में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा एवं भवन मानचित्र संबंधी मानकों को पूर्ण कराए जाने हेतु निरंतर निरीक्षण कर जागरूकता संदेश प्रसारित किया जा रहे हैं, उक्त निरीक्षण के क्रम में होटल संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने हेतु आज की यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आनंद उपाध्याय, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर गजराज सिंह, पर्यटन अधिकारी मकबूल हुसैन, आईएमए अध्यक्ष विपुल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीओ अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय का तबादला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**आलोक कुमार सिंह संभालेंगे कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी**

अमृतपुर सर्किल की सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय का जनपद गौतम बुद्ध नगर 49वीं वाहिनी पीएसी के सहायक सेना नायक पद पर तबादला हुआ है। जनपद सुल्तानपुर के निरीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार सिंह की फतेहगढ़ में पुलिस उपाधीक्षक पद पर तैनाती की गई है। उनके स्थानांतरण के साथ ही अमृतपुर सर्किल में नए क्षेत्राधिकारी की तैनाती भी कर दी गई है। सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय के कार्यकाल में अमृतपुर सर्किल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, संवेदनशील मामलों के निस्तारण और पुलिस-जन संवाद को लेकर कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए। उनके तबादले के बाद अब क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी आलोक कुमार सिंह संभालेंगे। आलोक कुमार सिंह को पुलिस प्रशासन का अनुभवी अधिकारी माना जाता है। उनके सामने अमृतपुर सर्किल में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

# विजिलेंस टीम को पूर्व प्रधान के घर कटिया से चलती मिली एसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


छापेमारी करती विजिलेंस टीम

विजिलेंस टीम ने कायमगंज में बिजली चोरों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। मोहल्ला सदवाड़ा में पूर्व प्रधान आबिद अली के घर अवैध कनेक्शन से एयर कंडीशनर चलता पकड़ा गया।

**जेई बोले- होगी कार्यवाही**

छापे से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। विजीलेंस जेई राकेश सागर, उपनिरीक्षक अनुज कुमार और स्थानीय जेई जावेद अहमद की अगुवाई में टीम ने कुकीखेल, नई बस्ती और सदवाड़ा मोहल्लों में सघन जांच की। टीम देखते ही बिजली चोरों में खलबली मच गई। छह-सात घरों की जांच के बाद तेज बारिश शुरू होने से अभियान बीच में रोकना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि मौसम साफ होते ही फिर से छापेमारी शुरू की जाएगी। स्थानीय जेई जावेद अहमद ने कहा, शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जा रहा है। बिजली चोरी करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधान आबिद अली के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जेई जावेद अहमद ने साफ कर दिया है कि चाहे आम हो या खास, बिजली चोरी करने वाला कोई भी हो, कार्रवाई से नहीं बचेगा। जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश थमने के बाद शेष क्षेत्रों में भी बिजली चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाएगा। एक-एक कनेक्शन की जांच होगी।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा की दृष्टिगत डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ करें अपने दायित्वों का निर्वह्नः जिलाधिकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करती डीएम व एसपी

जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने फतेहगढ़ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालक इंटर कॉलेज में संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। डीएम व एसपी ने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वह्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पवित्रता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम का गहन निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी सुचारू रूप से संचालित मिले। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई तथा परीक्षा प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, नहीं रुक रहा अवैध मिट्टी खनन


मिट्टी लेकर जाता ट्रैक्टर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अवैध मिट्टी खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जमापुरा चौराहे के पास दिनदहाड़े जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अवैध मिट्टी खनन किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि जमापुरा चौराहे के निकट स्थित बंद पड़ी पेट्रोल पंप की जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी डाली जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि खुलेआम हो रहे इस अवैध खनन के बावजूद संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो अवैध खनन का यह कारोबार और बढ़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने तथा अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### नातिन को डांटने पर पुत्र ने पिता को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा सिरोली निवासी सुखदेव गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे उनके घर के पीछे खड़े आम के पेड़ की टहनी को उनकी ही नातिन ने तोड़ दिया। जिस पर सुखदेव ने नातिन को डांट दिया। इसी बात पर पुत्र ने सुखदेव को गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। मारपीट में सुखदेव चोटिल हो गया। थाना पुलिस को सुखदेव ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### दबंगों ने दंपति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव घुमैय्या रसूलपुर निवासी निर्मला देवी पत्नी इंद्रेश बुधवार घर पर बैठी थी। तभी शाम लगभग पांच बजे गांव के ही निवासी युवक व उसके साथी निर्मला देवी कर घर जाकर गाली-गलौज करने लगे। घर पर मौजूद पति इन्द्रेश ने गाली-गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने निर्मला देवी व उसके पति इन्द्रेश को लाठी डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान इन्द्रेश की जेब में रखे 5 हजार रुपए वहीं कही गिर गए। थाना पुलिस को निर्मला देवी पत्नी इन्द्रेश ने नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# गोवंश हत्या का खुलासा, तीन आरोपी तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार

**मांस बोरे में भरकर ले गए घर, हड्डियों को लगाया था ठिकाने**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


पुलिस हिरासत में आरोपी

कोतवाली पुलिस ने गोवंश हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सनसनीखेज खुलासा किया है। आरोपियों ने कटरा रहमत खां स्थित मस्जिद के सामने से गाय और बछड़े को पकड़कर केले के खेत में ले जाकर हत्या कर दी थी। मांस बोरे में भरकर घर ले गए और हड्डियां फरार आरोपी चांद मियां ने ठिकाने लगा दीं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, चार छुरियां और रस्सी बरामद की है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे मिलकर कटरा रहमत खां स्थित मस्जिद के सामने वाले रास्ते से गाय और उसके बछड़े को पकड़कर मंजूरमीर के केले के खेत में ले गए। वहां रस्सी से बांधकर गाय की हत्या कर दी, जबकि बछड़े पर भी छुरी से हमला किया। घटना के बाद मांस बोरियों में भरकर आरोपी अपने-अपने घर ले गए, जबकि बची हुई हड्डियों को फरार आरोपी चांद मियां ने ठिकाने लगा दिया। अगले दिन बच्चों ने खेत में खून और अवशेष देखे। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक आशीष कुमार, उपनिरीक्षक लालता प्रसाद, हेड कांस्टेबिल आर्य चौधरी, हेड कांस्टेबिल मुकेश कुमार, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल मनोज कुमार, कांस्टेबिल प्रवीण कुमार को सूचना मिली कि सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, दो बड़ी और दो छोटी छुरियां तथा गोकशी में प्रयुक्त रस्सी बरामद की है। बरामदगी के बाद मुकदमे में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 और आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ दी गई हैं। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि रफीक अहमद उर्फराजू पुत्र मुगीर खॉ निवासी कटरा रहमत खॉ थाना कायमगंज और सिमरत उर्फ पप्पू पुत्र इसरार निवासी अताईपुर खटको थाना कायमगंज, गुड्डू उर्फ सलीम खाँ पुत्र मुक्खन खॉ निवासी ग्राम अताईपुर जदीद थाना कायमगंज का आपराधिक इतिहास रहा है तथा दोनों पहले भी गौकशी के मामलों में पकड़े जा चुके हैं। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# तीन दिन बाद भी लापता तीन किशोरों का नहीं लगा सुराग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र से रहस्यमय ढंग से लापता हुए तीन किशोरों का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस की लगातार तलाश और परिजनों के अथक प्रयासों के बावजूद बच्चों का पता नहीं चलने से परिवारों में चिंता और भय का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, बरतल रोड निवासी बृजेश कुमार शाक्य का 14 वर्षीय पुत्र अहम शाक्य मंगलवार दोपहर को कोचिंग के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह अपने साथी 15 वर्षीय आयुष राजपूत और 15 वर्षीय ममेरे भाई सत्यम शाक्य के साथ देखा गया। तीनों कुछ देर बाद एक साथ वहां से चले गए, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाश की और बाद में थाना नवाबगंज में सूचना दी। बुधवार को अहम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस नगर और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा संभावित स्थानों पर लगातार तलाश अभियान चला रही है। वहीं परिजन फर्रुखाबाद, कमालगंज, कानपुर समेत कई स्थानों पर बच्चों की खोज में जुटे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से भी बच्चों की सकुशल बरामदगी की अपील की जा रही है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग न मिलने से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें लगातार तीनों किशोरों की तलाश में जुटी हैं और उन्हें शीघ्र सकुशल बरामद करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# जन सम्मेलन में वीबीजी रामजी योजना के बारे ग्रामीणों को दी जानकारियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


सम्मेलन में मौजूद ग्रामीण

ग्राम पंचायत कार्यालय पर विकास खंडाधिकारी के निर्देशन में 1 जुलाई को लॉन्च की गई योजना के बारे में जानकारियां दी गई।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत साहबगंज तथा ग्राम पंचायत बेग में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में भारत सरकार के द्वारा लॉन्च की गई विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत एक जन सम्मेलन का ग्राम पंचायत के पंचायत भवन कार्यालय पर आयोजन किया गया। विकासखंड के कर्मचारियों ने पहुंचकर कार्यक्रम का आयोजन सुचारू रूप से बढ़ाया। जिसमें बीवीजी रामजी योजना के बारे में उपस्थित जनमानस को जानकारियां दी गई। जिसमें एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर तथा ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार ने मौजूद ग्रामीणों को बताया कि यह योजना के बारे में भारत सरकार ने मनरेगा योजना बंद कर इस योजना को सुचारू रूप से चालू तथा लॉन्च किया है। जिसमें अब श्रमिकों को 100 दिन के बजाय 125 दिन कर दिया जाएगा और एक सप्ताह में भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा तथा ग्राम पंचायत में अब कच्चे कार्य नहीं कराए जाएंगे, सभी कार्य पक्के कराए जाएंगे, यह जानकारी वहां मौजूद ग्रामीण तथा रोजगार श्रमिकों को दी। सभी रोजगार श्रमिकों को बताया कि अब 125 दिन काम किया जाएगा। हर व्यक्ति को जॉब कार्ड पर 125 दिन काम देने पर हर सप्ताह उनको श्रमिक भुगतान किया जाएगा। इस दौरान एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, कार्यक्रम अधिकारी एपीओ गौरव दिवाकर, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, तकनीकी सहायक मनोज कुमार, ग्राम प्रधान अरुण देवी, पंचायत सहायक रोजगार सेवक आदि लोग उपस्थित रहे। वही विकासखंड क्षेत्र नवाबगंज ग्राम पंचायत बेग ग्राम पंचायत सचिव आकांक्षा सक्सेना ने ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम कर लोगों को भारत सरकार द्वारा लांच की गई योजना के बारे में जानकारी दी। जहां सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव आकांक्षा, रमेश सिंह, रोजगार सेवक पुष्पेंद्र सिंह तथा अन्य आम जनमानत मौजूद रहे।

### कई चौकी इंचार्जों की तैनाती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदुढ़ बनाने के लिए कई चौकी इंचार्जों की तैनाती की है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने मध्य रात पुलिस लाइन के उप निरीक्षक हरिकेश कुमार की पांचाल घाट प्रभारी चौकी पद पर तैनाती की है। पुलिस लाइन के उप निरीक्षक जयेन्द्र सिंह को कोतवाली कायमगंज भेजा गया। जसमई चौकी प्रभारी अरविन्द यादव को आईटीआई चौकी का प्रभारी बनाया गया।

### भूमि पूजन चंदन नगला में 5 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर प्रेरणास्थल का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मदाबाद के ग्राम गिरिरामपुर नगला चंदन में 5 जुलाई दिन रविवार को 11 बजे होगा। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह यादव एवं विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर होंगे। यह जानकारी कुलदीप पाल ने दी है।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल के स्थापना काल से जुड़े अभिभावकों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अभिभावक को सम्मानित करती उपनिदेशक अंजू राजे

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय की स्थापना काल से निरंतर अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षों से विद्यालय पर विश्वास बनाए रखने वाले अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना एवं उनके अमूल्य सहयोग का सम्मान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य पी0 रथ द्वारा सम्मानित अभिभावकों का बुके भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह को भावपूर्ण बना दिया।

सम्मानित अभिभावकों की ओर से अमित गोयल एवं आलोक दुबे ने कहा कि सीपी इंटरनेशनल स्कूल प्रारंभ से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार, अनुशासन एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करता आ रहा है। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, शिक्षकों के समर्पण तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय की भूमिका की सराहना की। निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि किसी भी विद्यालय की वास्तविक पहचान केवल परीक्षा परिणामों से नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं अभिभावकों के विश्वास से होती है। उन्होंने आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के समन्वय के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित रहेगा। प्रधानाचार्य पी0 रथ ने कहा कि अभिभावकों का विश्वास ही विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा है। उन्होंने कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन उपप्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने किया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर अमित गोयल, आलोक दुबे, राजीव कुमार यादव, पुष्पेंद्र दुबे, उबेद महमूद फारूकी, गोपाल दीक्षित, विशाल द्विवेदी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, समन्वयकगण मौजूद रहे।

# इतिहास की किताब से युवाओं को मिलेगी नई राह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**लेखक अंकित माथुर कृष्णा का संदेशः प्रेम करें, विश्वासघात नहीं**


विमोचन से पहले पुस्तक दिखाते अंकित माथुर

जिले के युवा लेखक अंकित माथुर कृष्णा द्वारा दिन-रात की मेहनत से लिखी गई इतिहास पर आधारित पुस्तक इन दिनों युवाओं के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। यह पुस्तक केवल ऐतिहासिक घटनाओं का संकलन नहीं, बल्कि जीवन के नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक जिम्मेदारियों का संदेश भी देती है। लेखक अंकित माथुर कृष्णा का कहना है कि आज के युवाओं को प्रेम अवश्य करना चाहिए, लेकिन कभी भी विश्वासघात नहीं करना चाहिए। किसी की भावनाओं से खिलवाड़ करना या उसका विश्वास तोड़ना समाज और व्यक्ति-दोनों के लिए पीड़ादायक होता है। उनका संदेश है कि रिश्तों की नींव विश्वास, सम्मान और ईमानदारी पर टिकती है।

उन्होंने युवाओं से आवाह्न किया कि माता-पिता का सम्मान जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। उनके त्याग, संघर्ष और स्नेह का ऋण कोई नहीं चुका सकता। जो युवा अपने माता-पिता का आदर करते हैं, उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ते हैं, वही समाज और देश के लिए प्रेरणा बनते हैं। लेखक का उद्देश्य नई पीढ़ी को सही दिशा देना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना तथा समाज में प्रेम, विश्वास, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना है। जिले के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों और साहित्य प्रेमियों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इतिहास और जीवन मूल्यों का ऐसा समन्वय युवाओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि पुस्तक का विमोचन 14 जुलाई को फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज स्थित गमा देवी मंदिर परिसर में किया जाएगा।

# महाप्रबंधक व एसीएमओ ने परखी कोल्ड चेन व्यवस्था, एचपीवी टीके पर दिया जोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

- पल्स पोलियो अभियान से पहले सीएचसी का किया निरीक्षण
- प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता

पल्स पोलियो अभियान को सफल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को महाप्रबंधक डॉ. मनोज, एसीएमओ सर्वेश यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोल्ड चेन व्यवस्था, वैक्सीन के सुरक्षित रखरखाव और अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार तथा परामर्शदाता डॉ. सरोज कुमार भी मौजूद रहे। महाप्रबंधक और एसीएमओ ने सबसे पहले अस्पताल परिसर स्थित कोल्ड चेन रूम पहुंचे। वहां उन्होंने वैक्सीन रखने के लिए स्थापित फ्रीजर, उसके तापमान तथा रखरखाव की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। फ्रीजर में सुरक्षित रखी वैक्सीन की वायल का भी निरीक्षण किया और उनके संरक्षण की व्यवस्था को परखा। निरीक्षण के दौरान कोल्ड चेन व्यवस्था संतोषजनक मिलने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की सराहना की।

उन्होने स्वास्थ्य कर्मियों को किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए लगाए जाने वाले एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीके के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाना सबसे उपयुक्त समय होता है। इस आयु में टीकाकरण होने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से प्रभावी सुरक्षा मिल सकती है।



सीएचसी में अभिलेख देखते महाप्रबंधक व एसीएमओ

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से इस संबंध में व्यापक जागरूकता फैलाने और पात्र किशोरियों का अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनकी नजर अस्पताल परिसर स्थित कोल्ड चेन भवन एवं आवासीय भवनों की जर्जर स्थिति पर भी पड़ी। भवनों की खराब हालत देखकर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा।

भवनों के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक निर्माण कार्य का प्रस्ताव शासन को भेजकर इस संबंध में उचित कार्रवाई कराई जाएगी। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 विपिन सिंह सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने ने सभी कर्मचारियों से पल्स पोलियो अभियान को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित करने का आवाह्न करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मांगों को लेकर रामपुर डफरपुर में दूसरे दिन भी धरना रहा जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत व न्याय पंचायत रामपुर डफरपुर के दोनों ओर पूर्व एवं पश्चिम में बह रहे नाला में नगर पालिका का जो गंदा पानी आ रहा है। जिससे स्थानीय लोग परेशान है। सभी ने गंदा पानी गांव में आने का विरोध किया। पिछले 17 वर्षों से लगातार ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में गंदा पानी आने के कारण जमीने प्रति वर्ष खराब हो रही है। प्रतिवर्ष बरसात के समय नाला के फटने के वजह से डूब जाती है, जिसके कारण फसलें नष्ट हो जाती हैं और खेतों में पन्नी, निडिल जैसी तमाम चीजें खेतों में भर जाती है, जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है, इसलिए सभी किसानों ने भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति को साथ लेकर 20 मई को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया। उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद 18 जून को हम लोगों ने पुनः बैठक कर एक जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन जारी रहा। नगरपालिका के नाला का पानी है, उसको हम लोग बंद कर देंगे, क्योंकि नगरपालिका हर बार यह कहकर अपने आपको नाला का पक्का निर्माण करने से बचा लेती है कि हमारी सीमा में नहीं है तो इसलिए हम लोगों ने भी तय किया है कि अगर पानी आपकी सीमा से बाहर जा रहा है और कह रहे हैं कि हमारी सीमा नहीं तो हम लोग भी अपनी सीमा के अंदर पानी नहीं आने देंगे।



धरने पर बैठी महिलायें व ग्रामीण

ग्राम पंचायत डफरपुर से पश्चिम में पक्का नाला निर्माण कराये जाने की मांग की है। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर दिलीप की मड़ैया जो बाढ़ के प्रकोप से जलमग्न हो गये थे। उन लोगों को आवास हेतु जमीन दी जाये। अमेठी कोहना के लाभार्थियों को शौचालय एवं आवास दिये जाये। बीएसए कार्यालय में जो कामर्शियल गाड़ियां लगायी गई है उनका पेमेंट आज तक नहीं हुआ है वह किया जाये, आदि मांगों को लेकर दूसरे दिन धरना जारी रहा। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। दूसरे दिन महिलायें भी धरने में शामिल हुई।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उमर खुर्शीद ने किया उद्घाटन



क्रिकेट उद्घाटन के दौरान मुख्यतिथि व अन्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के गांव समौदिया में आयशा सिलाई सेंटर क्रिकेट टूर्नामेंट का देर शाम शुभारंभ किया गया। कांग्रेस के पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के पुत्र उमर खुर्शीद ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि उमर खुर्शीद ने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह के नाइट टूर्नामेंट युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच देते हैं। खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ आपसी भाईचारा और अनुशासन की भावना भी मजबूत होती है। उद्घाटन मैच को देखने के लिए दूधिया रोशनी से जगमगाते मैदान पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और ग्रामीण जुटे। पहले मैच में खिलाड़ियों ने शानदार चौके-छक्के लगाए। दर्शकों ने हर शॉट पर तालियां बजाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कायमगंज वार्ड न0-1 से जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी पितौरा शीत ग्रह प्रबन्धक समाजसेवी जुनैद मम्मा ने खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन किया। आयोजन समिति ने बताया कि आयशा सिलाई सेंटर के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतिदिन शाम को मुकाबले खेले जाएंगे। फाइनल में विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। समिति ने मुख्य अतिथि उमर खुर्शीद समेत सभी सहयोगियों और दर्शकों का आभार जताया।

## स्वर्गधाम सड़क का चौड़ीकरण व गंदे नाले का पानी गंगा में गिरने से रोके जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिव शक्ति अखाड़ा की ओर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा गया। शिव शक्ति अखाड़ा ने दिये गये ज्ञापन में मांग की है कि स्वर्ग धाम अन्त्यष्टि स्थल तक सड़क का चौडीकरण किये जाने व गंदे नाले को गंगाजी में गिरने से रोका जाये। पांचालघाट कैन्ट रोड से स्वर्गधाम अन्त्येष्टि स्थल तक जाने वाली सड़क निर्माणाधीन है। अन्त्येष्टि स्थल पर शव दाह हेतु जनपद व अन्य सीमावर्ती जनपदों के लोग शव का अंतिम संस्कार करने हेतु आते है। शव यात्रा में आने वाले शव यात्रियों की अधिक भीड़ होने से तथा सड़क चौडी न होने से प्रतिदिन जाम की स्थिति रहती है। जिससे शमशान स्थल तक जाने में कई बार बीच में शव रोकना पड़ता है। ऐसे में शव यात्रा बाधित न हो और सुचारु बनी रहे। गंगा जी में जो गंदा नाला गिरता है, जिससे जल प्रदूषित होता है। एनजीटी व सरकार द्वारा गंगाजी को स्वच्छ व अविरल बनाये जाने हेतु कई योजनायें चल रही है। सरकार की मंशा के अनुसार गंगा में गंदा नाले का पानी गिरने से रोका जाये। इस मौके पर दिनेश कुमार, अमन, भगवान स्वरुप गंगवार, चन्द्रेश श्रीवास्तव, नीलेन्द्र सिंह, मदन मोहन, प्रमोद, अनुष्का, जितेन्द्र, संजय कटियार, शैलेन्द्र सिंह, मोहन, अनूप, दीपक, सूरज, हिमांशु, मयंक कुमार, कालीचरण, अजय शर्मा, नंदराम, पवन, जगपाल दास, नारायन दास, राकेश सारस्वत, सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

# लायंस क्लब ने डॉक्टर्स डे व सीए डे पर सम्मान समारोह आयोजित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के रॉयल कैफे में लायंस क्लब द्वारा बुधवार को डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड अकाउंटेंट-डे पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान क्लब के नए सदस्य को बैज प्रदान कर लायंस परिवार में स्वागत किया गया।

क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल ने सभा का शुभारंभ किया। सचिव सुधीर गुप्ता ने क्लब की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत की। निवर्तमान अध्यक्षा आईपीएफ डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने सभी डॉक्टर्स व सीए का सम्मान किया। लायन डॉ. अशोक अग्रवाल ने डॉक्टर्स डे व सीए दिवस का इतिहास और विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि इनकी सेवाओं की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। समाज के हर वर्ग का उपचार करने वाले ये लोग असली हीरो हैं। अध्यक्षीय भाषण में सत्यप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा वर्षभर नए-नए सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे क्लब का नाम रोशन होगा और जरूरतमंदों को लाभ मिलेगा। इस दौरान सीए मुकेश अग्रवाल व सीए अंशुल दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. शाद गालिब, डॉ. मंगल पांडेय, डॉ. प्रमोद शुक्ला, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. शिवम त्रिपाठी, डॉ. पुलाष अग्रवाल, डॉ. अतुल गंगवार, डॉ.जितेंद्र गंगवार, डॉ.अमोघ, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. सुभाष गुप्ता, डॉ. हेमंत गुप्ता, डॉ. संतोष गौड़, लायन मनोज अग्रवाल, हिमांशु भारद्वाज, नीरज अग्रवाल, कुलदीप आर्य, बलवीर सिंह यादव, नितिन गुप्ता, दिनेश गंगवार, अनिल अग्रवाल, संजय गोयल, गौरव शुक्ला उपस्थित रहे।



डॉक्टरों को सम्मानित करती मिथलेश व सत्यप्रकाश अग्रवाल

## खबरें एक नजर में

### शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में मनाया गया वन महोत्सव



वृक्षारोपण करते वन क्षेत्राधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाए जाने वाले इस वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव में संस्थान के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों व वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, वन दरोगा शैलेश कुमार और वन रक्षक शिवेंद्र प्रताप विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, एनसीसी सह अधिकारी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा, शिक्षक संतोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, मनीष गौर के साथ सभी एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्ष हमारे मित्र हैं, इनका संरक्षण हमारा दायित्व है। वन क्षेत्राधिकारी वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने छात्रों को पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं। इनका संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाता है, ताकि हरियाली बढ़े और पर्यावरण संतुलन बना रहे। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में यदि शुद्ध वातावरण में सांस लेना है तो प्रत्येक मनुष्य का नैतिक दायित्व है कि वह प्राकृतिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए कार्य करे। हर व्यक्ति को कम से कम 5-5 पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने सभी से पेड़ों के अस्तित्व को बचाने की शपथ लेने का आवाहन किया। जिससे हम अपना पर्यावरण सुरक्षित रख सके। कार्यक्रम में सभी कैडेट्स और छात्रों ने मिलकर अलग-अलग प्रजाति के पेड़-पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने की प्रतिज्ञा ली। विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए नीम, पीपल, अशोक, आम और अमरूद के पौधे रोपे गए। शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान कायमगंज में वन महोत्सव के दौरान वृक्षारोपण करते वन विभाग के अधिकारी, प्रधानाचार्यए शिक्षक व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

### घर से नाराज होकर निकले बालक को परिजन को किया सुपुर्द



बालक को परिजनों को सुपुर्द करते आरपीएफ पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को आर.पी.एफ. फर्रुखाबाद द्वारा एक बालक उम्र लगभग 14 वर्ष को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के समक्ष अपराह्न में प्रस्तुत किया गया। बालक अपने घर से नाराज होकर निकल आया था। बालक द्वारा बताया गया कि वह अपने मामा के घर बिल्हौर में रह रहा था। मामा ने गुटखा खाने पर डांटा, जिस वजह से बालक नाराज होकर बिल्हौर से अपने घर मैनपुरी जाने के लिए अकेला निकल आया और मैनपुरी ना जाकर अपने दोस्त के घर पानीपत (हरियाणा) पहुंच गया। वहां बालक दो दिन रुका और 2 जुलाई को सुबह आरपीएफ फर्रुखाबाद को स्टेशन पर यह बालक मिला। जिसके बाद बालक को चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में काउंसलर ज्योति शर्मा और राहुल सिंह को सुपुर्द किया गया। बालक के परिजनों से संपर्क करने पर परिजन कार्यालय में उपस्थित हुए और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# स्वास्थ्य टीम ने पोलियो अभियान का किया निरीक्षण, घर-घर जाकर लोगों से ली जानकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

- एएनएम नहीं दे सकीं अधिकारियों को जवाब

नवाबगंज में चल रहे पोलियो अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तैनात एक एएनएम से वैक्सीन स्टॉक और कोल्ड चेन रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मांगी, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। निरीक्षण टीम में जीएमआरआई डॉ. मनोज कुमार मिश्रा और एसीएमओ डॉ0 सर्वेश यादव शामिल थे। टीम ने सबसे पहले नगर की चिकनवाली गली का दौरा किया। अधिकारियों ने घर-घर जाकर बच्चों के हाथों पर लगे चाक के निशान देखे और अभिभावकों से पोलियो खुराक पिलाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने क्षेत्र में लोगों की उपस्थिति और उनकी लोकेशन के बारे में भी जानकारी जुटाई।

क्षेत्रीय भ्रमण के बाद, स्वास्थ्य विभाग की टीम सीधे नवाबगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। टीम ने सबसे पहले अधीक्षक कक्ष में जाकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा से क्षेत्र में चल रहे पोलियो अभियान और अस्पताल की व्यवस्थाओं पर विस्तृत फीडबैक लिया। इसके बाद अधिकारी सीधे अस्पताल के टीकाकरण कक्ष में पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात एएनएम आरती से पूछताछ शुरू की गई। टीम ने पारदर्शिता और गहनता से जांच करने के लिए लगभग 30 मिनट तक एएनएम से जानकारी ली। बाद में, वैक्सीनेशन कक्ष के गेट बंद करके भी करीब 20 मिनट तक जीएमआरआई डॉ. मनोज कुमार मिश्रा और एसीएमओ ने एएनएम आरती से सघन पूछताछ की। बंद कमरे में हुई इस लंबी पूछताछ के दौरान स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं की कमियां सामने आई। ड्यूटी पर मौजूद एएनएम आरती अधिकारियों के कई बुनियादी सवालों के जवाब नहीं दे सकीं। वह स्टॉक में मौजूद वैक्सीन की सही स्थिति और उपलब्धता के बारे में अधिकारियों को संतुष्ट नहीं कर पाई। पोलियो ड्रॉप्स को सुरक्षित रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कोल्ड चेन मेंटेनेंस को लेकर पूछे गए सवालों पर भी एएनएम पूरी तरह निरुत्तर रहीं। अधिकारियों ने एएनएम से वैक्सीनेशन वाले ऐप और डिलीवरी के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन वह इन विषयों पर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकीं। एएनएम से लंबी पूछताछ और व्यवस्थाओं में कमियां मिलने के बादए दोनों उच्च अधिकारी बाहर निकले। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा से क्षेत्र में हो रहे पोलियो अभियान की प्रगति को लेकर एक बार फिर कड़े शब्दों में जानकारी मांगी। अधिकारियों ने अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और कोल्ड चेन जैसी अति-संवेदनशील व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। एएनएम की इस अज्ञानता पर विभाग आगे क्या कार्रवाई करता है, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं।



सीएचसी का निरीक्षण करती स्वास्थ्य टीम

### सूचना निदेशक ने पत्रकारों के हितार्थ उठाया महत्वपूर्ण कदम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकारों के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

### जनता दर्शन में शिकायतों का समयबद्ध हुआ निस्तारण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देशन में जनता दर्शन व्यवस्था का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। प्रतिदिन (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनपद, तहसील, ब्लॉक एवं नगर निकाय स्तर पर अधिकारी अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतें सुन रहे हैं तथा उनका समयबद्ध एवं संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं। जनता दर्शन की कार्यवाही की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे शिकायतों के निस्तारण की गति एवं गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में आज आयोजित जनता दर्शन में आवेदिका फूलकुमारी निवासिनी ग्राम बनार फतेहपुर ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

# स्टाफ की भारी कमी से जूझ रही है तहसील अमृतपुर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील अमृतपुर इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी के चलते गंभीर प्रशासनिक चुनौतियों का सामना कर रही है। राजस्व विभाग के कई महत्वपूर्ण पद रिक्त होने से सरकारी कार्यों की रफ्तार प्रभावित हो रही है। इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है, जिन्हें अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए कई बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमित संसाधनों और कम कर्मचारियों के बावजूद अधिकारी लगातार कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बढ़ते कार्यभार के कारण व्यवस्था पर दबाव साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार तहसील अमृतपुर में कार्य की आवश्यकता को देखते हुए लगभग 45 लेखपालों की तैनाती होनी चाहिए, जबकि वर्तमान में केवल लगभग 15 लेखपाल ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत बताए जा रहे हैं। इससे प्रत्येक लेखपाल के जिम्मे कई गांवों का अतिरिक्त कार्यभार आ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवाद, नामांतरण, विरासत, सीमांकन, फसल गिरदावरी, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन सहित अनेक कार्य प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। इसी प्रकार तहसील कार्यालय की लिपिकीय व्यवस्था भी कर्मचारियों की कमी से प्रभावित बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि जहां कई लिपिकों की आवश्यकता है। वहीं वर्तमान में सीमित कर्मचारियों के सहारे कार्यालय संचालित किया जा रहा है। परिणामस्वरूप फाइलों के निस्तारण में अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है और कार्यालयी कार्यों पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। तहसील में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शिकायतें सुनकर संबंधित मामलों में आवश्यक निर्देश भी देते हैं, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण उन निर्देशों के क्रियान्वयन और अभिलेखीय प्रक्रिया में विलंब होने की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। इससे कई आवेदकों को अपने कार्य की प्रगति जानने के लिए बार-बार कार्यालय आना पड़ता है। स्थिति इसलिए भी चिंताजनक मानी जा रही है, क्योंकि अगले कुछ सप्ताह में मानसून पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना है। अमृतपुर तहसील का बड़ा हिस्सा हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित होता है। बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, क्षति का आकलन, प्रभावित परिवारों का सर्वे, राहत सामग्री का वितरण तथा अन्य राजस्व संबंधी जिम्मेदारियां कई गुना बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में पर्याप्त संख्या में लेखपाल और कर्मचारियों का होना प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक माना जाता है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते रिक्त पदों पर नियुक्तियां या अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गई तो सामान्य राजस्व कार्यों के साथ-साथ संभावित बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां भी प्रभावित हो सकती हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कर्मचारियों की कमी का खामियाजा अंततः आम जनता को भुगतना पड़ता है। क्षेत्रीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने शासन तथा जिला प्रशासन से मांग की है कि तहसील अमृतपुर में रिक्त पड़े लेखपालों एवं लिपिकीय कर्मचारियों के पदों को शीघ्र भरा जाए। उनका कहना है कि पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होने से राजस्व कार्यों में तेजी आएगी, जनता को समय पर सेवाएं मिलेंगी और बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रशासन और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा।




- राजस्व व्यवस्था पर बढ़ा दबाव, फरियादियों को बार-बार लगाने पड़ रहे चक्कर

# टीईटी परीक्षा छूटते ही मुख्य मार्ग पर लगा जाम, राहगीर हुए बेहाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों की भारी भीड़ एक साथ सड़कों पर उतरने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। परीक्षा छूटते ही फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दूसरे जनपदों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे, जिनमें से कई अपने निजी वाहनों से आए थे। परीक्षा छूटने के बाद एक साथ बाहर निकलने से शहर की सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर 12 बजे पहली पाली की परीक्षा समाप्त होते ही फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया। बद्री विशाल डिग्री कॉलेज और क्रिश्चियन इंटर कॉलेज जैसे प्रमुख परीक्षा केंद्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ निकलने और अपने गंतव्यों की ओर जाने के कारण यह स्थिति बनी।

देखते ही देखते बद्री विशाल डिग्री कॉलेज से लेकर बढ़पुर देवी मंदिर से आगे तक वाहनों की कतारें लग गईं। इस जाम में मोटरसाइकिल, स्कूटी, चार पहिया वाहन और रोडवेज की बसें भी फंस गईं, जिससे यातायात बाधित हो गया। शहर के अन्य हिस्सों में भी जाम का असर देखा गया। कादरी गेट चौराहे पर भी वाहनों के आड़े-तिरछे फंसने से जाम लग गया, जिससे पांचाल घाट की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। मसेनी रोड पर भी लगभग 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर टीईटी की परीक्षा आयोजित की गई थी। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न होने के बाद जैसे ही परीक्षार्थी केंद्रों से बाहर निकले, सड़कों पर अचानक दबाव बढ़ गया। दूसरे जिलों और ग्रामीण अंचलों से आए परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने की जल्दी थी, जिसके चलते ऑटो, ई-रिक्शा, बसों और निजी वाहनों की भारी भीड़ मुख्य मार्ग पर जमा हो गई। भीषण जाम के कारण दुपहिया और चार पहिया वाहन घंटों तक रेंगते नजर आए। जाम में फंसे आम यात्रियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर आड़े-तिरछे खड़े ई-रिक्शा और ऑटो ने कोढ़ में खाज का काम किया, जिससे जाम और भी विकराल हो गया। सूचना मिलने पर यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास किया। फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग पर यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार जाम खुलवाते दिखे। इसके अतिरिक्त, आवास विकास तिराहा से नेकपुर पुल से पहले तक भी जाम लग गया, जिसका कारण स्कूलों की छुट्टी बताया गया। यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा छूटने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ बाहर निकलने से थोड़ी समस्या उत्पन्न हुई थी। काफी देर की कड़ी जद्दोजहद के बाद धीरे-धीरे वाहनों को निकाला जा सका और घंटों बाद यातायात सामान्य हो पाया।



जाम में फंसे वाहन

# ग्रा.पं. में बंद पड़े बीएसएनएल वाई-फाई हॉटस्पॉट, सेवाएं प्रभावित

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किए गए ब्रस्हरु के वाई-फाई हॉटस्पॉट लंबे समय से बंद पड़े हैं। पंचायत भवनों में राउटर लगे होने के बावजूद इंटरनेट सेवा ठप होने से उपकरण केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। वाई-फाई सेवा बंद होने से ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड, प्रमाण-पत्र और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसका असर पंचायत स्तर पर संचालित डिजिटल सेवाओं पर भी पड़ रहा है। वहीं परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालन बाधित होने से विद्यार्थियों की डिजिटल शिक्षा प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर इंटरनेट सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को ऑनलाइन कार्यों के लिए शहर नहीं जाना पड़ता था, लेकिन कई महीनों से सेवा बंद होने के कारण समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने जल्द से जल्द वाई-फाई सेवा बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में बीएसएनएल एक्सचेंज के एसडीओ अभिषेक वर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल क्षतिग्रस्त हो गई थी।

### उर्वरक केन्द्रों पर हुई सघन जांच लिये गए उर्वरकों के नमूने

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी द्वारा खरीफ फसलों की बुवाई/रोपाई के दृष्टिगत जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, निर्धारित दर पर बिक्री, टैगिंग आदि की जांच हेतु तहसीलवार कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा जनपद में कुल 60 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर छापे डाले, 15 नमूने ग्रहित किये गये, 02 विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निरस्त किया गया तथा 15 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस निर्गत की गयी। तहसील नवाबगंज में उमेश कुमार, उप कृषि निदेशक, बाराबंकी द्वारा कुल 08 छापे डाले गये तथा 01 उर्वरक का नमूना ग्रहित किया गया। तहसील फतेहपुर में राजित राम, जिला कृषि अधिकारी द्वारा 21 बिक्री केन्द्रों पर छापे डाले गये तथा सात नमूने ग्रहित किये गये तथा मेसर्स वैष्णवी खाद भण्डार इस्माइलपुर एवं यादव खाद भण्डार रसूलपुर विशुनपुर का प्रतिष्ठान आज एवं पूर्व में कई बार निरीक्षण के दौरान बन्द पाये जाने पर इनका उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निरस्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलसी, विद्युत उपकरण जले, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम मटेहिया में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में घर में लगा इनवर्टर और बैटरी भी जलकर खराब हो गए। घायल महिला का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। जानकारी के अनुसार ग्राम मटेहिया निवासी अर्चना देवी (पत्नी हरीश गुप्ता) गुरुवार सुबह करीब छह बजे अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान घर के पास स्थित एक आम के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। तेज धमाके और करंट के प्रभाव से अर्चना देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के दौरान बिजली के तेज झटके से घर में लगा इनवर्टर और बैटरी व अन्य विद्युत उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

### बारिश के बाद बढ़ी यूरिया की मांग, समितियों पर किसानों की लंबी कतारें



**बिजुआ खीरी।** क्षेत्र में हुई बारिश के बाद खरीफ फसलों में यूरिया की मांग अचानक बढ़ गई है। गन्ना, धान समेत अन्य फसलों में खाद डालने का अनुकूल समय होने के कारण किसान सहकारी समितियों पर पहुंच रहे हैं। हालांकि स्टाफ की कमी के चलते खाद वितरण की रफ्तार धीमी पड़ गई है, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। गुरुवार को पड़रिया तुला बी-पैक्स पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लग गईं। बारिश के बीच भी किसान अपनी बारी का इंतजार करते रहे। समिति पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध होने के बावजूद वितरण कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो सका। बी-पैक्स के सचिव रामकुमार तिवारी ने बताया कि समिति में यूरिया का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि आधार सत्यापन, भुगतान और खाद वितरण सहित सभी कार्य अकेले करने पड़ते हैं, जिससे प्रत्येक किसान को खाद उपलब्ध कराने में अधिक समय लग जाता है। उनका कहना है कि अतिरिक्त कर्मचारी मिलने पर वितरण व्यवस्था में तेजी लाई जा सकती है। वहीं, एडीओ कोऑपरेटिव श्यामलाल ने बताया कि नई भर्तियां न होने और पुराने कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से अधिकांश समितियों में स्टाफ की कमी बनी हुई है। इसी कारण खाद वितरण में दिक्कतें आ रही हैं।

### जर्जर प्राथमिक विद्यालय की इमारत बारिश में गिरी, पहले से ही बंद होने से टला बड़ा हादसा



**निघासन खीरी।** निघासन ब्लॉक की ग्राम पंचायत मांझा के चौगुर्जी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की जर्जर इमारत गुरुवार सुबह लगातार बारिश के दौरान भरभराकर गिर गई। राहत की बात यह रही कि भवन को पहले ही जर्जर घोषित कर विद्यालय बंद करा दिया गया था और बच्चों को दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। इससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 2012 में कराया गया था। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में अनियमितताओं के कारण कुछ ही वर्षों में भवन जर्जर होने लगा। वर्ष 2024 में भवन की दीवारों में कई जगह दरारें पड़ गई थीं, जबकि एक कमरे की छत में भी बड़ा छेद हो गया था। इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर भवन को जर्जर घोषित कर विद्यालय बंद करा दिया था। यहां अध्ययनरत बच्चों को पास के दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे लगातार हो रही बारिश के बीच विद्यालय की छत अचानक भरभराकर गिर गई और देखते ही देखते भवन का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया। चूंकि विद्यालय पहले से खाली था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने विद्यालय निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार ने बताया कि विकासखंड में कुल 53 विद्यालय जर्जर घोषित किए गए थे। इनमें से 21 भवनों को ध्वस्त कराया जा चुका है। चौगुर्जी का विद्यालय भी पहले ही जर्जर घोषित कर बंद करा दिया गया था और यहां के सभी बच्चों को दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### चकबंदी वाली जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट, पिता-पुत्र का सिर फोड़ा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा (महवीर) गांव में चकबंदी के तहत आई जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि दबंगों ने पिता-पुत्र को गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार कुशियरा महवीर निवासी इन्द्रमणि पटेल पुत्र महावीर पटेल ने थानाध्यक्ष हलिया को तहरीर देकर बताया कि उसका गांव कुशियरा वर्तमान समय में चकबंदी में है।आरोप है कि उसकी जमीन पर गांव के ही मनबढ़, दबंग और अपराधी किस्म के व्यक्ति राधेश्याम पुत्र गंगादास व राजेश पुत्र गंगादास जबरन कब्जा कर रहे हैं। मारपीट का आरोप तहरीर में कहा गया है कि 30 जून को शाम करीब 4रू 30 बजे दोनों आरोपियों ने उसे व उसके पिता को गंदी-गंदी गालियां दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडे से हमला कर दोनों का सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गरीबों, शोषितों की आवाज हैः रामप्रकाश सिंह

**पीडीए के जननायक सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर जगह जगह वृक्षारोपण किया गया**



**महाराजगंज।** पीडीए के जननायक सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भावी मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गरीबों, शोषित, वंचितों की आवाज, किसान-नौजवान, व्यापारियों के मसीहा अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय/आवास पर केक काटकर मनाया साथ ही साथ विधान सभा 315 फरेंदा के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण कर लोगों को बधाई दी एवं पूर्व मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। उसके पश्चात उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गरीबों, शोषितों, वंचितों की आवाज हैं। अंत में एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन के खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान रघुनाथ सिंह, विभूति नारायण पाण्डेय, विजय बहादुर चौधरी, अनिल शाही, व इम्तियाज सहित भारी संख्या में सपा के निष्ठावान पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वन महोत्सव पर सेंट जोसेफ स्कूल का हरित संकल्प, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**महराजगंज।** वन महोत्सव के अवसर पर सेंट जोसेफ स्कूल, धनेवा-धनेई में गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को पौधों के महत्व तथा उनकी नियमित देखभाल के प्रति जागरूक करते हुए हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया। विद्यालय की प्रशासिका लिली थॉमस ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। ये हमें शुद्ध वायु, छाया और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। प्रधानाचार्य सरोज राय ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। छात्र-छात्राओं ने पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेते हुए पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव विकसित हो सके।

# ताऊ को बचाने में गई भतीजे की जान, परिवार के चार सदस्य झुलसे

▸ **बारिश में टिनशेड में उतरा करंट, कपड़े सुखाने के लोहे के तार में दौड़ा बिजली का प्रवाह**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन क्षेत्र के सिंगाही कस्बे में गुरुवार तड़के बारिश के दौरान करंट लगने से एक हृदयविदारक हादसा हो गया। घर के आंगन में कपड़े सुखाने के लिए बंधे लोहे के तार में उतरे करंट की चपेट में आकर अपने ताऊ को बचाने पहुंचे 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि ताऊ समेत परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार सिंगाही कस्बे के मोहल्ला बाढ़ियन टोला, वार्ड संख्या-9 निवासी चुन्ना गुरुवार सुबह लगभग 4ः30 बजे तेज बारिश शुरू होने पर आंगन में सूख रहे कपड़े उतारने के लिए बाहर निकले थे। इसी दौरान बारिश के कारण घर के टिनशेड में करंट उतर आया और उससे जुड़े कपड़े सुखाने के लिए बंधे लोहे के तार में भी बिजली का प्रवाह होने लगा। जैसे ही चुन्ना ने कपड़े उतारने के लिए तार को छुआ, वह तेज करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही छटपटाने लगे। चुन्ना की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी नसरीन बानो तथा दोनों बेटे शीबू और शराफत उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। परंतु करंट की जानकारी न होने के कारण तीनों भी विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आकर झुलस गए। देखते ही देखते घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान चुन्ना के छोटे भाई हकीमुद्दीन का 20 वर्षीय पुत्र अल्ताफ हुसैन हाथ में डंडा लेकर मौके पर पहुंचा। उसने बिना अपनी जान की परवाह किए करंट प्रवाहित हो रहे लोहे के तार को हटाकर अपने ताऊ और अन्य परिजनों को बचाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही उसने डंडे से तार को हटाने की कोशिश की, तार टूटकर सीधे उसके शरीर पर आ गिरा। तेज करंट लगने से अल्ताफ गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद सभी घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद अल्ताफ हुसैन को मृत घोषित कर दिया। वहीं चुन्ना, नसरीन बानो, शीबू और शराफत की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अल्ताफ हुसैन की मौत की खबर मिलते ही पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अल्ताफ बेहद साहसी और मिलनसार स्वभाव का युवक था। उसने अपने ताऊ और परिवार के अन्य सदस्यों की जान बचाने के लिए बिना किसी भय के आगे बढ़कर प्रयास किया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। उसकी मौत से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में बारिश के दौरान टिनशेड में करंट उतरने और उससे जुड़े लोहे के तार में विद्युत प्रवाहित होने की बात सामने आई है। पुलिस और विद्युत विभाग की टीम संयुक्त रूप से पूरे मामले की जांच कर रही है, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। यह दर्दनाक घटना बरसात के मौसम में बिजली से जुड़े उपकरणों और खुले तारों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता की भी याद दिलाती है। थोड़ी-सी लापरवाही या तकनीकी खराबी किस तरह एक परिवार की खुशियां छीन सकती है, सिंगाही की यह घटना इसका दर्दनाक उदाहरण बन गई।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित को भीरा पुलिस ने दबोचा



**बिजुआ खीरी।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत भीरा थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी गोला के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक भीरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार शाम मैलानी तिराहे के पास से वांछित अभियुक्त शुभकरन उर्फ भोला (24 वर्ष) निवासी ग्राम रामनगर कलां, थाना भीरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध थाना भीरा में पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पहली बारिश में बह गए विकास के दावे, मोहम्मदी में जलभराव से खुली नाला सफाई और निर्माण कार्यों की पोल

**मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



नगर में हुई पहली ही बारिश ने नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के विकास कार्यों, नाला सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर के कई मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर जलभराव हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और जनजीवन प्रभावित रहा। सरैयां क्षेत्र में निर्माणाधीन नाले का एक हिस्सा पहली बारिश में ही क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। वहीं पुवायां रोड पर भी नाला ध्वस्त होने से जल निकासी बाधित हो गई और बारिश का पानी आसपास के घरों में घुस गया। इससे कई परिवारों के घरों में पानी भर गया और लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका एक ओर विकास कार्यों के बड़े-बड़े दावे करती है, जबकि दूसरी ओर नई और निर्माणाधीन नालियां पहली ही बारिश में जवाब दे रही हैं। लोगों ने निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। नाला सफाई व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका में करीब 256 सफाईकर्मी कार्यरत हैं तथा नालों की सफाई के लिए लगभग 20 लाख रुपये का ठेका भी दिया गया है। इसके बावजूद पहली ही बारिश में व्यापक जलभराव होने से सफाई व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि समय पर नालों की समुचित सफाई हुई होती तो हालात इतने खराब नहीं होते। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाला सफाई और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है तथा खर्च की गई धनराशि और धरातल पर दिखाई देने वाले कार्यों में बड़ा अंतर नजर आता है। कुछ नागरिकों ने यह आरोप भी लगाया कि ठेकों के आवंटन में पक्षपात हुआ और मानकों की अनदेखी की गई। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उधर, सोशल मीडिया पर मामले के सामने आने के बाद उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर. ने मौके पर पहुंचकर नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं, अन्यथा जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से तीन महिलाएं झुलसीं, भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में बुधवार शाम गरज-चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन महिलाएं झुलसकर अचेत हो गईं। परिजनों ने तीनों को पीएचसी हलिया में भर्ती कराया, जहां उपचार चल रहा है। पहली घटना दिघिया वन विभाग के पास नर्सरी पर भटवारी पहड़ी गांव निवासी निर्मला देवी (45) और गुलाबी देवी (40) काम कर रही थीं। बारिश के दौरान गरज-चमक के साथ कुछ दूर पर बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से दोनों झुलस कर अचेत हो गईं। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी सरस्वती (40) कच्चे मकान के बरामदे में बैठी थीं। उसी दौरान घर के बगल में सागौन के पेड़ के पास बिजली गिरी। चपेट में आकर वह भी झुलसकर अचेत हो गईं। प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि बिजली की चपेट में आकर तीन महिलाएं झुलसकर अचेत हो गई थीं।

### वन महोत्सव सप्ताह हलिया क्षेत्र में चला वृहद पौधरोपण अभियान ग्रामीणों ने लगाए पौधे



**हलिय (मिर्जापुर)।** 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव सप्ताह के तहत गुरुवार को हलिया रेंज के बसकुड़िया बीस हेक्टेयर वन भूमि पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। पौधेरोपण कार्यक्रम में वन दरोगा राजकुमार वर्मा, फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह, संदीप कुमार के साथ ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाएं, युवा और बच्चे पौधरोपण किया हैं। बंजर जमीन पर तैयार की गई क्यारियों में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्ष लगाएं, पर्यावरण बचाएं का नारा बुलंद किया गया। कार्यक्रम में वनकर्मियों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर ग्रामीणों के साथ पौधे लगाते दिखे। विभागीय बैनर लगाकर लोगों को हरियाली के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उद्देश्य वन विभाग का लक्ष्य है कि वन महोत्सव सप्ताह में अधिक से अधिक पौधे लगाकर क्षेत्र के हरित आवरण को बढ़ाया जाए। साथ ही लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जाए। रेंजर संतोष कुमार राय ने ग्रामीणों से अपील की कि लगाए गए पौधों की देखभाल करें और अपने घर-आंगन, खेत की मेड़ों पर भी पौधे लगाएं। बरसात का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा में निकली जागरूकता रैली

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा में स्कूल चलो अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का सरकारी स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन कराना रहा। विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों की अगुवाई में छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में भ्रमण किया। हाथों में बैनर लेकर बच्चों ने ष्सब पढ़ें, सब बढ़ेंष् और ष्शिक्षा का अधिकारष् जैसे नारे लगाए। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में जरूर भेजें। सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया निःशुल्क शिक्षा,निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क गणवेश, प्रशिक्षित शिक्षक (टी.ई.टी. पास), गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उच्च गुणवत्तायुक्त मध्याह्न भोजन, स्वच्छ वातावरण ,खेल का मैदान, स्वास्थ्य संबंधी जांच की सुविधा पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद मिश्र ने अभिभावकों से अपील की कि वे 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का सरकारी स्कूल में एडमिशन जरूर कराएं। उन्होंने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है।रैली में विद्यालय के शिक्षक आशीष मिश्रा, रामभवन, रसोइया, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## महायोजना-2031 को रफ्तार, डीएम ने जीआईएस सर्वे तत्काल शुरू कराने के दिए निर्देश

▸ **नगर के सौंदर्यीकरण, सुव्यवस्थित विकास और आधुनिक आधारभूत ढांचे पर रहेगा विशेष फोकस**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के सुनियोजित एवं आधुनिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में विनियमित क्षेत्र महराजगंज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विनियमित क्षेत्र महायोजना-2031 के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि महायोजना के लिए प्रस्तावित जीआईएस आधारित सर्वे का कार्य तत्काल शुरू कराया जाए, ताकि शहर के भविष्य के विकास की मजबूत और वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार की जा सके। बैठक में बताया गया कि महायोजना-2031 के तहत जीआईएस तकनीक के माध्यम से सेजरा नक्शों का डिजिटाइजेशन कर बेस मैप तैयार किया जाएगा। इससे शहर के नियोजित विस्तार, यातायात, आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं की बेहतर योजना तैयार करने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद को शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर आकर्षक साइनेज लगाए जाएं, जिससे शहर की बेहतर पहचान स्थापित हो सके। साथ ही नगर तिराहे के सौंदर्यीकरण, सुचारु यातायात व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लोहिया पार्क से लेकर दीवानी न्यायालय तक सड़क के दोनों किनारों को सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यपूर्ण बनाने, अनावश्यक अव्यवस्था को दूर करने तथा आमजन के लिए बेहतर आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नगर पालिका सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि महराजगंज को एक विकसित, आधुनिक और आकर्षक शहर के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में नगर पालिका परिषद महराजगंज की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल, अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड के शिकार युवक को पुलिस ने लौटाए 8600 रुपये



**हलिया (मिर्जापुर)।** साइबर ठगी का शिकार हुए युवक को हलिया पुलिस ने बड़ी राहत दी है। एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पीड़ित के खाते में फ्रॉड किए गए 8600 रुपये वापस कराए। ग्राम बैधा पिपरा, थाना हलिया निवासी बृजेश कुमार पाल पुत्र रामऔतार के साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था। साइबर ठगों ने उनके खाते से कुल 8600 रुपये निकाल लिए थे। पीड़ित ने 3 जून को साइबर क्राइम पोर्टल (एनसीआरपी ) पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज की गई थी।पुलिस की त्वरित कार्रवाई एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त प्रार्थना पत्र पर हलिया पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व साइबर टीम ने मामले की जांच की। गुरुवार को मिली सफलता पुलिस की सक्रियता से आवेदक बृजेश कुमार पाल उर्फ डब्लू के खाते में पूरी रकम 8600 रुपये वापस करा दी गई। थानाध्यक्ष ने पीड़ित को रिफंड की रसीद सौंपी। टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई श्यामलाल, कांस्टेबल विश्वनाथ प्रताप शामिल रहे।

## शिक्षा से व्यक्ति एक बेहतर नागरिक बन सकता हैः वृहस्पति मिश्र

▸ **सब पढे, सब बढ़े , के नारे के साथ स्कूल चलो अभियान की निकाली गई जागरूकता रैली**



**महराजगंज।** विकास खंड धानी अन्तर्गत संचालित हो रहे प्राथमिक विद्यालय बरगाहपुर में आज बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने रैली निकाल कर शिक्षा का अलख जगाया और लोगों को जागरूक भी किया साथ ही साथ नये सत्र की शुरुआत की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वृहस्पति मिश्र ने नए प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया साथ ही साथ बच्चों में मिठाई,बैग और स्टेशनरी किट का वितरण किया। अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक बरगाहपुर ने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति एक बेहतर नागरिक बनता है। बच्चे पढ़-लिखकर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से नियमित रूप से स्कूल आने की अपील की।

## यूपी टीईटी परीक्षाः डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा के दिए निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित यूपी टीईटी परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरे दिन मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महराजगंज इंटर कॉलेज, गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं गोपनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनियमितता पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को अनावश्यक असुविधा न हो तथा पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की गरिमा बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।